रांची, बुधवार | 17 सितंबर 2025 | वर्ष-26, अंक-226, पृष्ठ-12 | आश्विन कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं

**शुभकामनाएं**

**राष्ट्रीय नवीन मेल** के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, कर्मयोगियों एवं शुभचिंतकों को 'विश्वकर्मा पूजा' की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- संपादक**

**आवकाश की सूचना**

'विश्वकर्मा पूजा' के अवसर पर **राष्ट्रीय नवीन मेल** कार्यालय 17 सितंबर (बुधवार) को बंद रहेगा। अत: अखबार का अगला अंक 19 सितंबर (शुक्रवार) को प्रकाशित होगा।

**- प्रबंधक**

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 301 सहायक आचार्यों को सौंपे नियुक्ति पत्र

# झारखंड में जल्द होगी 26 हजार शिक्षकों की बहाली



**बोले सीएम**

- शिक्षा व्यवस्था की बेहतरी के लिए किए जा रहे हैं सभी प्रयास
- बच्चों के सकारात्मक भविष्य के लक्ष्य के साथ बढ़ रही सरकार



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (गणित एवं विज्ञान) तथा गोड्डा जिला के इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 01 से 05) के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त प्रशिक्षित सहायक आचार्य गणित और विज्ञान में 131 तथा गोड्डा जिला के इंटर प्रशिक्षित 170 सहायक आचार्य के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। सीएम सोरेन ने इससे पूर्व भी बड़ी संख्या में सहायक आचार्य पदों पर नियुक्ति पत्र सौंपा था। इसे आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को 301 सहायक आचार्यों की नियुक्ति सुनिश्चित हुई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी नवनियुक्त सहायक आचार्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। प्राथमिक, माध्यमिक, डिग्री आधारित, इंजीनियरिंग, मेडिकल या अन्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सरकार बेहतर कार्य कर रही है तथा हमारी आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सकारात्मक दिशा देने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आज लगभग 301 सहायक आचार्य की नियुक्ति की जा रही है, इससे पहले भी नियुक्तियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में और 26 हजार शिक्षकों के पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, वर्तमान समय में शिक्षा का महत्व कितना है, इससे हम सभी भली भांति वाकिफ हैं। हमारे पूर्वज एवं कई माता-पिता ऐसे हैं, जिन्होंने पढ़ाई नहीं की। लेकिन, जीवन में वे काफी व्यावहारिक रहे हैं।

**शेष पेज 11 पर**

### नवनियुक्त सहायक आचार्यों पर बड़ी जिम्मेदारी

सीएम ने कहा कि अगर शिक्षा के क्षेत्र में कमियां रहेंगी, तो इसका परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। अपने पेट का अनाज कम कर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का उदाहरण अपनी नजरों से हम सभी देखते हैं और महसूस भी करते हैं। आप सभी लोगों को सरकार की स्कूलों को चलाने की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। यहां कई चुनौतियां हैं। एक तरफ सरकारी व्यवस्था, दूसरी तरफ निजी विद्यालय। आज शिक्षा के क्षेत्र को आप सभी नवनियुक्त सहायक आचार्य रीढ़ की हड्डी बनें, इसके लिए आप सभी का चयन किया गया है।

### सरकारी स्कूलों का बेहतर संचालन प्राथमिकता

सीएम ने कहा कि राज्य में संचालित सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों के समरूप खड़ा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों का समूह है। आप शिक्षकों की तरफ से बेहतर शिक्षा के लिए कोई सुझाव है, तो वह सरकार को दें। आपके सुझाव पर निश्चित रूप से विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज एक तरफ बहुत खुशी का दिन है और दूसरी तरफ चुनौती भरी जिम्मेदारी आपके कंधे पर सौंपी जा रही है। झारखंड को हमें उस मुकाम पर ले जाना है जहां लोग इसे सिर्फ खनिज संपदा के रूप में ही नहीं, बल्कि बौद्धिक रूप से भी पहचानें। ऐसी कार्य पद्धति के साथ हम आगे बढ़ें।



## सरकार का उद्देश्य है स्वस्थ झारखंड का निर्माण करना : डॉ इरफान अंसारी

### जामताड़ा में 'ब्लाइंडफोल्ड रन फॉर विजन' आयोजित

- 'मेगा महिला स्वास्थ्य अभियान' में 251 महिलाओं की हुई जांच, 10 का हुआ क्रायो उपचार
- 'दृष्टि सुरक्षा अभियान' में 231 लोगों की आंखों की हुई जांच, मोतियाबिंद व नाखुना के मरीज चिह्नित

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/जामताड़ा।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने मंगलवार को जामताड़ा में तीन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियानों - 'मेगा महिला स्वास्थ्य अभियान', 'दृष्टि सुरक्षा अभियान' और 'रन फॉर विजन' - का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन वीमेन डॉक्टर विंग (आईएमए झारखंड), जामताड़ा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा, मुझे यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि वीमेन डॉक्टर विंग (आईएमए झारखंड), जामताड़ा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से यह विशाल स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता अभियान संभव हो पाया है। यह हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम राज्य के हर नागरिक तक, विशेषकर ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में

**शेष पेज 11 पर**

### स्वास्थ्य सुविधा से वंचित लोग हमारी प्राथमिकता : डॉ भारती

वीमेन डॉक्टर विंग (आईएमए झारखंड) की अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप ने कहा, स्वास्थ्य सुविधा से वंचित स्थानीय लोग, जिनमें दृष्टि खो रहे छोटे बच्चे भी शामिल हैं, हमारी प्राथमिकता हैं। हम उन तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि वे हम तक नहीं पहुंच पाते। दृष्टि सुरक्षा अभियान के तहत अभी तक हम लोगों ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 20 लाख बच्चों की आंखों की जांच की है और जरूरतमंद बच्चों का इलाज एवं ऑपरेशन कर उन्हें वापस स्कूल भेजा है। कश्यप मेमोरियल आई बैंक झारखंड का सबसे ज्यादा नेत्र प्रत्यारोपण कने वाला आई बैंक है, जहां अभी तक 1020 नेत्र प्रत्यारोपण हो चुके हैं। डॉ भारती कश्यप ने कहा, इस 'मेगा महिला स्वास्थ्य अभियान' के तहत, हम जननांग सूजन से पीड़ित महिलाओं का इलाज करते हैं, क्योंकि यही स्थिति आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर का रूप ले सकती है। हमारा लक्ष्य डिजिटल वीडियो कोल्पोस्कोप जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग कर ऑन-स्पॉट इलाज प्रदान करना है, ताकि महिलाएं सुरक्षित घर लौट सकें। झारखंड सरकार के साथ मिलकर वर्ष 2021 में हमने झारखंड मॉडल बनाया था

**शेष पेज 11 पर**

## झारखंड समेत आठ राज्यों में एनआईए ने की छापेमारी

- **विजयनगरम आईएसआईएस मामला**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को विजयनगरम आईएसआईएस मामले में आठ राज्यों में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह मामला इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के इस्तेमाल से आतंक फैलाने की साजिश से जुड़ा है। इसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए कमजोर युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए समर्थन दिया गया था। एनआईए की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 16 स्थानों पर की गई व्यापक, समन्वित तलाशी के दौरान कई डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, नकदी और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। बयान में कहा गया, एनआईए ने आंध्र प्रदेश पुलिस के साथ समन्वय में एक साथ तलाशी की योजना बनाई और आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और दिल्ली राज्यों में सावधानीपूर्वक छापेमारी की। यह तलाशी, भारत में आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में एनआईए द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह तलाशी, आतंकवाद निरोधी एजेंसी द्वारा मामले में एक प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किए जाने के एक महीने से भी कम समय बाद की गई है।

**शेष पेज 11 पर**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

## सीआईडी की साइबर क्राइम यूनिट ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार




फर्जी ट्रेडिंग ऐप के जरिए करोड़ों की ठगी का हुआ खुलासा...

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम यूनिट ने एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश करने में सफलता हासिल की है। फर्जी ट्रेडिंग ऐप के जरिए लोगों से करोड़ों रुपए ठगने के मामले में सीआईडी की साइबर क्राइम यूनिट ने महाराष्ट्र के नागपुर से दो आरोपियों, जयंत ताराचंद और अजय रामभरोसे, को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 4 अगस्त को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उन्हें फेसबुक, व्हाट्सएप और गूगल सर्च के माध्यम से एनजे फाइनेंशियल रिसर्च नामक फर्जी कंपनी का विज्ञापन दिखाया गया। विज्ञापन में आकर्षक निवेश योजनाओं के जरिए जल्दी और ज्यादा मुनाफे का लालच दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पीड़ित ने बताया कि उसे एचएनएसी ऐप पर निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया, जिसमें कम समय में ही 5 से 10 गुना मुनाफे का झूठा वादा किया गया था। इस झांसे में आकर पीड़ित ने 23 लाख रुपए निवेश किए। इसे आरोपियों ने अवैध तरीके से अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिया। सीआईडी ने जांच में पाया गया कि आरोपियों ने पीड़ितों को अलग-अलग बैंक अकाउंट्स में पैसे जमा करवाने के लिए उकसाया। पुलिस ने इन खातों की ट्रैकिंग कर आवश्यक डिजिटल सबूत इकट्ठा किए हैं। इस कार्रवाई से कई अन्य पीड़ितों के फंसे होने की भी संभावना सामने आई है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। इसके अलावा, सीआईडी अन्य ऐसे फर्जी ट्रेडिंग ऐप्स और कंपनियों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने में लगी हुई है।

**शेष पेज 11 पर**

### आईएएस विनय चौबे की जमानत याचिका खारिज



हजारीबाग भूमि घोटाले का मामला

**रांची।** हजारीबाग स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत ने मंगलवार को जिले के बहुचर्चित भूमि घोटाले के आरोपी निलंबित वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने यह फैसला 12 सितंबर 2025 को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुरक्षित रखा था। विनय चौबे की ओर से अधिवक्ता शंकर ने पैरवी की, जबकि एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक अभिषेक कृष्ण गुप्ता ने बहस की। ज्ञात हो कि यह मामला वर्ष 2008 से 2010 का है, जब विनय चौबे हजारीबाग के उपायुक्त के पद पर तैनात थे। एसीबी ने इस मामले में गत माह कांड संख्या 9/2025 के तहत एफआईआर दर्ज की थी। एजेंसी की जांच में पाया गया कि खासमहाल प्रकृति की 2.75 एकड़ जमीन वर्ष 1948 में सेवायत ट्रस्ट को 30 वर्षों की लीज पर दी गई थी।

**शेष पेज 11 पर**

### खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल में प्रस्तावित बार भवन का हुआ शिलान्यास

## सभी जिलों में बार भवन निर्माण प्राथमिकता : सीएम

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान एवं हाईकोर्ट के अन्य न्यायमूर्ति की उपस्थिति में मंगलवार को कचहरी परिसर खूंटी में आयोजित खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल के प्रस्तावित बार भवन का शिलान्यास हुआ। चाईबासा एवं चांडिल में बनने वाले बार भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, यूं तो आज एक छोटा-सा शिलान्यास समारोह आयोजित है, लेकिन इसके मायने बहुत बड़े हैं।

इसके कार्य भी बड़े हैं, जिसके माध्यम से राज्य के आम जनों को न्याय प्राप्त होता है। इस प्रक्रिया को चलाने के कई पायदान हैं, कई लोग कार्य करते हैं। आज उसी कड़ी में खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल में बार भवन का शिलान्यास संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजना है कि झारखंड के सभी जिलों में एक सुंदर, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बार भवन का निर्माण किया जाए। आने वाले तीन वर्ष के अंदर सभी जिलों में बार भवन बनकर तैयार हो, इसी लक्ष्य के साथ कार्य योजना को मूर्त रूप देने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि यह सिर्फ न्यायालय नहीं, बल्कि एक ऐसा मंदिर है, जहां कि बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को न्याय प्रदान किया जाता है। यह स्वतंत्र रूप से अपने कार्यों को अंजाम देते हुए हमारी संवैधानिक व्यवस्था को और मजबूत बनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था में बेंच एवं बार अभिन्न अंग के रूप में कार्य करते हैं। आम जन को सुलभ एवं त्वरित न्याय दिलाने तथा उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार न्यायिक आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

**शेष पेज 11 पर**

1. समारोह में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन व न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान
2. सीएम ने कहा, आधारभूत संरचनाओं को मजबूत कर रही राज्य सरकार




### अधिवक्ताओं को पेंशन देने वाला पहला राज्य

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यहां के अधिवक्ताओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश में पहला राज्य है, जहां अधिवक्ताओं को पेंशन देने का कार्य हमारी सरकार कर रही है तथा अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य बीमा और स्टाइपेंड की व्यवस्था भी कर रही है। **शेष पेज 11 पर**

स्वच्छ भारत – एक कदम स्वच्छता की ओर

unicef for every child

"स्वच्छोत्सव" स्वच्छता ही सेवा - 2025

राज्य स्तरीय शुभारंभ

श्री योगेन्द्र प्रसाद
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

दिनांक: 17 सितम्बर - 02 अक्टूबर 2025 | स्थान : साड़म, गोमिया, बोकारो, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का आयोजन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के साथ संयुक्त रुप से दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक मनाया जा रहा है। इस वर्ष इस अभियान का मुख्य थीम (विषय) "स्वच्छोत्सव" रखा गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदलना है जिससे कि लोग सामुहिक रुप से अपने-अपने टोलों / गाँवों में स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की दिशा में अपनी भूमिका को निभायें।

"स्वच्छता ही सेवा - 2025" अभियान के क्रम दिनांक 17 सितम्बर से 01 अक्टूबर, 2025 तक विभिन्न प्रकार की स्वच्छता संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। इस क्रम में दिनांक 25 सितम्बर, 2025 को एक साथ राष्ट्रव्यापी स्वच्छता श्रमदान "एक दिन, एक घण्टा, एक साथ" कार्यक्रम विशेष रुप से आयोजित किया गया है, जिसमें सभी लोगों के सहयोग की अपेक्षा है एवं 02 अक्टूबर, 2025 को स्वच्छ भारत दिवस के रुप में मनाया जाएगा। अभियान में सभी विभागों यथा पंचायती राज, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, नगर विकास एवं आवास, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं अन्य विभागों की सहभागिता रहेगी।

यह अभियान पाँच प्रमुख केंद्रित गतिविधियों के आधार पर आयोजित किया जाएगा:-

कचरे के ढेर की साफ-सफाई :- ग्राम स्तर पर कचरो के ढेर / स्थानों की पहचान / चिन्हितीकरण करते हुए समयबद्ध तरीकों से उसे विशेष रुप से सफाई करना।

सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई :- ग्राम स्तर पर विभिन्न संस्थानों / प्रतिष्ठानों / जल स्त्रोतों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों की साफ-सफाई।

सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन :- सफाई / स्वच्छताकर्मी के लिए विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर तथा कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु एकल खिड़की द्वारा स्वास्थ्य और कल्याणकारी शिविर का आयोजन करना।

स्वच्छ हरित उत्सव का आयोजन :- पर्यावरण अनुकूल और शून्य अपशिष्ट संबंधित गतिविधियाँ।

स्वच्छता हेतु विशेष जन-जागरुकता गतिविधि का आयोजन:- सुजल स्वच्छ गाँव, कचरे से कला, स्वच्छ स्ट्रीट फूड, 3R (Reduce, Reuse and Recycle) के सिद्धान्त पर विशेष जन-जागरुकता संबंधित गतिविधियाँ।

जय झारखण्ड

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 362189 (Drinking Water and Sanitation) 2025-26

### सीएम की पहल पर लांच 'पलाश ब्रांड' ग्रामीण महिलाओं की श्रम-शक्ति को दे रहा सम्मान

# 'पलाश ब्रांड' के माध्यम से 40 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार

- झारखंड की ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की बना सशक्त पहचान



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूर्व में हाउसकीपिंग कर परिवार चलाने वाली रांची के सिल्ली निवासी शीला देवी ने अन्य महिलाओं के साथ मिलकर पलाश आजीविका दीदी कैफे शुरू किया। प्रशिक्षण एवं क्रेडिट लिंकेज से मिली सहायता के जरिए उन्होंने झारखंड के व्यंजनों को अपनी रोजगार का आधार बनाया। दिल्ली सरस मेला में हर साल उनकी बिक्री 6-7 लाख रुपए तक पहुंच जाती है। आज वे 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। शीला जैसी सैकड़ों महिलाओं की सफलता की कहानी का आधार 'पलाश ब्रांड' बन चुका है ।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर वर्ष 2020 में लांच किया गया 'पलाश ब्रांड' आज झारखंड की ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की सशक्त पहचान दे रहा है। इस ब्रांड के अंतर्गत अब तक 30 से अधिक गुणवत्तापूर्ण उत्पाद विकसित किए जा चुके हैं, जो राज्यभर में संचालित पलाश मार्ट, डिस्प्ले काउंटर एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से आम उपभोक्ताओं तक पहुंच रहे हैं। अब तक 'पलाश ब्रांड' के माध्यम से 40 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार दर्ज किया जा चुका है।

पलाश ब्रांड का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के श्रम और कौशल को एक साझा पहचान देना है, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके और वे सीधे बाजार से जुड़ सकें। इसका लोगो - राज्य का प्रतीकात्मक फूल 'पलाश' और टैगलाइन 'ग्रामीण महिलाओं की श्रम शक्ति का सम्मान' - उनकी मेहनत और योगदान को नई पहचान देता है।

'पलाश ब्रांड' के राज्यभर में 46 पलाश मार्ट और 24 डिस्प्ले-कम-सेल काउंटर संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद अब घर-घर तक पहुँच रहे हैं। आज दो लाख से अधिक महिला उद्यमी पलाश ब्रांड से जुड़कर अपने उत्पाद बेच रही हैं और अपनी आजीविका बढ़ा रही हैं। बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की सुविधा से अब महिलाएं सीधे लाभान्वित हो रही हैं, जो पहले बिचौलियों पर निर्भर थीं।

#### 'पलाश ब्रांड' के उत्पाद हो रहे हैं लोकप्रिय

'पलाश ब्रांड' के अंतर्गत जीराफूल चावल, ब्राउन राइस, मडुआ आटा, गेहूं का आटा, अरहर दाल, सरसों तेल, हर्बल आटा, मसाले, शहद, साबुन, डिटर्जेंट और हैंडवाश जैसे उत्पाद विशेष लोकप्रिय हो रहे हैं। सरसों का तेल पारंपरिक पद्धति से निकाला जाता है। पलाश शहद जंगल से संग्रहित, शुद्ध, पौष्टिक और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर लोगों तक पहुंच रहा है। अनपॉलिश दाल प्राकृतिक रूप में उपलब्ध, अधिक फाइबर और प्रोटीन वाली झारखंड की थाली में सज रही है।

# 'स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान एवं सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ आज

- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी रहेंगी मुख्य अतिथि आंगनवाड़ी केंद्रों का करेंगी निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "स्वस्थ्य नारी – सशक्त परिवार अभियान एवं सेवा पखवाड़ा" का आयोजन आज बुधवार को रायपुर में किया जाएगा।

इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी रायपुर पहुंचकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। कार्यक्रम का सुबह 11.00 बजे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषक नगर, रायपुर के सभागृह में होगा। इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी विषयों पर विशेष चर्चा और जागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी।

उद्घाटन समारोह के उपरांत केंद्रीय मंत्री आंगनवाड़ी केंद्र मठपुरैना (केंद्र क्रमांक-01, नगर निगम क्षेत्र) तथा आंगनवाड़ी केंद्र कांदुल (केंद्र क्रमांक-02, ग्रामीण क्षेत्र) का भ्रमण करेंगी। वे शहरी और ग्रामीण आंगनवाड़ी सेवाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन देंगी।

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, पोषण संवर्धन कार्यक्रम, परामर्श सत्र, सामुदायिक जागरूकता गतिविधियाँ तथा मंत्रीजन से संवाद जैसी पहलें आयोजित की जाएंगी। मंत्रालय का मानना है कि स्वस्थ नारी से ही परिवार और समाज सशक्त बन सकता है, इसी उद्देश्य से इस विशेष अभियान को देशव्यापी स्तर पर प्रारंभ किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को मध्यप्रदेश में इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे "स्वस्थ्य नारी – सशक्त परिवार" और "8वां राष्ट्रीय पोषण माह" भी लॉन्च करेंगे। यह अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ्य अभियान होगा, जिसके तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### डीजीपी ने दुर्गा पूजा की तैयारियों की समीक्षा, कहा

# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर रखे नजर



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर, झारखंड पुलिस मुख्यालय में मंगलवार, 16 सितंबर को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीजीपी अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में राज्य के सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, जिले एसएसपी व एसपी शामिल हुए।

डीजीपी ने बैठक के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले नजर रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीजीपी ने शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्देश सभी अधिकारियों को आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

डीजीपी ने कहा कि सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष 24x7 चालू रहेंगे, जिनमें पुलिस अधिकारी और बल तैनात रहेंगे। सभी पूजा पंडालों, चाहे वे लाइसेंसी हों या गैर-लाइसेंसी, का सत्यापन किया जाएगा।

डीजीपी ने कहा कि संवेदनशील पंडालों को चिन्हित कर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पंडालों में पर्याप्त रोशनी, पब्लिक संबोधन सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, अग्निशमन, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और पुलिस और आपातकालीन सेवा नंबर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त संख्या में बल और दंडाधिकारी तैनात किए जाएंगे। दंगा रोधी संसाधनों से लैस पुलिस बल को सभी जगहों पर तैनात किया जाएगा। आवश्यकतानुसार पुलिस-मित्र,जैसे स्वयंसेवकों की मदद ली जाएगी ताकि आकस्मिक परिस्थितियों से निपटा जा सके। छीना-झपटी जैसे अपराधों को रोकने के लिए यातायात और पार्किंग व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए गए। पूजा के नाम पर जबरन चंदा वसूली, अवैध वधशालाओं और पशु कारोबारियों पर कड़ी निगरानी रखने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

### एम्स देवघर के छठे वार्षिक दिवस में राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा

# सेवा, समर्पण और संकल्प की यात्रा का उत्सव है यह समारोह

**बोले गवर्नर**

- रोगी के मन में स्वस्थ होने की आशा और विश्वास जगाना भी है चिकित्सक का दायित्व
- अस्पताल केवल इलाज का स्थान नहीं है, यह मानवता और करुणा का मंदिर भी है





- राज्यपाल ने मंगलवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को देवघर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के छठे वार्षिक दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह अवसर केवल एक संस्थान का वार्षिकोत्सव मात्र नहीं है, बल्कि सेवा, समर्पण और संकल्प की उस यात्रा का उत्सव है, जिसने स्वास्थ्य और आशा की नई किरण जगाई है। उन्होंने 31 जुलाई, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में संपन्न प्रथम दीक्षांत समारोह का उल्लेख करते हुए कहा कि वह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प लेने का क्षण भी था। यह गौरव केवल विद्यार्थियों के लिए नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के लिए भी था।

राज्यपाल ने कहा कि 270 एकड़ में फैले परिसर में 750 बेड वाला यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है, जिसमें अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं, डायग्नॉस्टिक सेवाएं, उत्कृष्ट संकाय और शोध केंद्र हैं। यहां झारखंड के अलावा बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए आते हैं।

राज्यपाल गंगवार ने कहा कि चिकित्सक का दायित्व केवल रोग का उपचार करना ही नहीं है, बल्कि रोगी के मन में स्वस्थ होने की आशा और विश्वास जगाना भी है। एक चिकित्सक की अच्छी वाणी, उसका धैर्य और उसका स्नेह कभी-कभी मरीजों के लिए सबसे बड़ी औषधि सिद्ध हो जाते हैं। यही कारण है कि अस्पताल केवल इलाज का स्थान नहीं होता, बल्कि मानवता और करुणा का मंदिर भी होता है।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि एम्स देवघर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को साकार कर रहा है। साथ ही, 'विकसित भारत@ 2047' के निर्माण में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

राज्यपाल ने कहा कि अब तक ओपीडी सेवाओं के तहत सात लाख से अधिक मरीजों को लाभ मिल चुका है, जो कि इस संस्थान की जनसामान्य तक पहुंच और प्रभावशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गांवों को गोद लेना और जन औषधि केंद्र जैसी पहलें संस्थान की सामाजिक दायित्व की दिशा में सार्थक पहल है।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने एक्स-रे 1000 एमए, 128- स्लाइस सीटी स्कैन तथा कार्डियक कैथेटेराईजेशन प्रयोगशाला का उद्घाटन भी किया।

#### देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में स्थान बनाएगा देवघर एम्स

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में एम्स देवघर देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों की श्रेणी में स्थान बनाएगा और राज्य के लोगों को गंभीर बीमारियों के लिए अन्य महानगरों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफेद कोट केवल परिधान नहीं, सेवा, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ है। आपकी संवेदनशीलता और आपकी निष्ठा ही इस संस्थान की वास्तविक पहचान बनेगी।

# पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर भाजयुमो करेगा विशेष कार्यक्रमों का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों की जानकारी दी। शशांक राज ने बताया कि प्रधानमंत्री का यह जन्मदिवस पूरे देशभर में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजयुमो झारखण्ड प्रदेश में अनेक सेवा एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करेगा। प्रेस वार्ता के दौरान "नमो युवा रन" का पोस्टर और विशेष टी-शर्ट का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए श्री राज ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया जाएगा। कहा कि प्रदेश और मंडल स्तर पर भी रक्तदान शिविर आयोजित होंगे।नमो युवा रन का आयोजन देशभर के 75 शहरों में किया जाएगा। झारखण्ड में यह आयोजन रांची, जमशेदपुर और धनबाद में होगा। कहा कि दौड़ 21 सितम्बर को आयोजित होगी और प्रतिभागियों का पंजीकरण 20 सितम्बर तक किया जा सकेगा।इस मैराथन का उद्देश्य नशामुक्त झारखण्ड का संदेश देना है। रांची में मैराथन की शुरुआत मोराबादी स्थित बापू वाटिका से होगी और समापन जयपाल सिंह स्टेडियम में होगा। शशांक राज ने कहा कि युवा मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस आयोजन से युवाओं में सेवा भाव, स्वस्थ जीवनशैली और नशामुक्त समाज का संदेश जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, प्रिंस कुमार, रोमित नारायण सिंह, आइपीएल क्रिकेटर मोनू सिंह, नागपुरी अभिनेता रमन गुप्ता उपस्थित थे।

### तोरपा प्रखंड के कोचा गांव में समुदाय आधारित क्लाइमेट स्मार्ट गांव का उद्घाटन

# गांव को प्रगति के रास्ते पर ले जा रही हैं महिलाएं : दीपिका पाडेय सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पाडेय सिंह ने सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक सुदीप गुडिया के साथ मंगलवार को तोरपा प्रखंड के कोचा गांव में समारोहपूर्वक समुदाय आधारित क्लाइमेट स्मार्ट गांव का उदघाटन किया। इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री दीपिका पांडे ने कहा कि सामाजिक बदलाव में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होती है। महिलाएं ही समाज कें विकास को गति दे सकती हैं। उन्होंने कहा कोचा जैसे पिछड़े गांव को महिलाएं प्रगति की राह पर ले जा रही हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी ने झारखंड को पहचान दिलाई है।



उन्होंने कहा कि गांव की महिलाएं पारंपरिक तरीके से खेती करें, पर उसमें आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करें। इससे मेहनत भी कम होती और आमदनी में भी इजाफा होता है। सोलर पंप से सिंचाई कर हम एक की जगह तीन फसलें ले सकते हैं। मंत्री ने कहा कि कोंचा गांव विकास का उदाहरण बनेगा और इस मॉडल को राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा। गांव वाले ऐसी योजनाओं का ठीक ढंग से संचालन करें। सरकार हर संभव सहायता देगी। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने कृषि ऋण और बिजली बिल माफी का लाभ राज्य की जनता को दिया। अब हर महीने मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 रुपए महिलाओं के खाते में जा रही है। फिर भरवाया जायेगा मंईयां सम्मान योजना का फॉर्मः मंत्री दीपिका पांडे ने कहा कि जिन महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, उनके लिए दोबारा फॉर्म भरवाया जाएगा। राज्य की 50 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद महिलाओं को मनरेगा के तहत जॉब कार्ड दिया जाएगा। अब तक 58 फीसदी महिलाओं को जॉब कार्ड निर्गत किया जा चुका है। मंत्री ने कहा कि आप एक कदम बढ़ायें, सरकार दस कदम आगे बढ़ेगी।

## न्यूज बॉक्स



झारखंड मंत्रालय परिसर में मंगलवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन की स्मृति में पौधरोपण करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। यह कार्यक्रम झारखंड सचिवालय सेवा संघ की ओर से आयोजित किया गया था।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला 'राष्ट्रीय युवा शक्ति' का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में 'राष्ट्रीय युवा शक्ति' के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय युवा शक्ति की पहल पर विगत 5 से 7 सितंबर तक दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा से रांची तक पदयात्रा कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आज होंगे कई कार्यक्रम




**रांची।** बुधवार को केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सुबह 9:30 बजे हवन, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, सांसद कला महोत्सव, 75 सफाई कर्मी, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्स, पूर्व सैनिकों का सम्मान कार्यक्रम, पौधारोपण, न्यूरोपैथी शिविर, जुट बैग वितरण, छतरी का वितरण, परिवार सुरक्षा लॉगबुक वितरण, योग मैट वितरण कार्यक्रम आयोजित की गई है।

### स्वच्छता अभियान, रक्तदान व चित्र प्रदर्शनी से पखवाड़ा की होगी शुरुआत : आदित्य साहू

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर से गांधी शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर तक प्रदेश भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाएगी।



प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर को आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने बताया कि 17 सितंबर को पूरे प्रदेश में पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश ,जिला मंडल स्तर के पदाधिकारी आम जन के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। तथा श्रमदान के साथ सार्वजनिक स्थानों,शहीद स्मारकों,अस्पतालों,कार्यालयों की सफाई करेंगे। बताया कि रांची महानगर भाजपा द्वारा सुबह 7 बजे भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा जहां प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क हरमू में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान करेंगे। बताया कि 10बजे प्रदेश कार्यालय में युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदाता स्वैच्छिक रक्तदान करेंगे। बताया कि शाम 4 बजे रातु रोड स्थित आकाशवाणी केंद्र के पास प्रधानमंत्री पर आधारित चित्र प्रदर्शिनी का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ,वरुण साहू भी शामिल होंगे। शाम 5 बजे प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन मनाया जाएगा। श्री साहू ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

### रांची रेलवे स्टेशन परिसर में सफाई अभियान आज

**रांची।** सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन की ओर से बुधवार को रांची रेलवे स्टेशन परिसर में परिसंचरण क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया जाएगा। संगठन की ओर से सुबह साढ़े नौ बजे से आरंभ होने वाले अभियान में मंडल रेल प्रबंधक केएन सिंह, नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य शामिल होंगे। सुलभ इंटरनेशनल के मानद नियंत्रक आनंद शेखर ने बताया कि दो अक्तूबर तक चलने वाला स्वच्छता पखवाड़ा आरंभ होगा।

**इंडिया**

# स्मृतियों में बसे दूरदर्शन को बाजार नहीं नवाचार की है जरूरत



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में शायद ही कोई होगा जिसने दूरदर्शन नहीं देखा हो देश की पहचान बना यह सांस्कृतिक संस्थान पैसों की कमाई नहीं भारतीयों की भलाई के लिए काम करता है।विश्वसनीयता और शालीनता के साथ अन्य व्यावसायिक टीवी चैनलों की भीड़ से उलट असली और ग्रामीण भारत के दर्शन इसमें होते हैं।आकाशवाणी के बाद जब एक दुर्लभ अनुभव से भरा दूरदर्शन का प्रसारण 15 सितंबर 1959 को शुरू हुआ था तो लोगों में दीवानगी थी जिसकी झलक 25 सितंबर 1984 को रांची दूरदर्शन की स्थापना के समय भी थी जब टावर लगा रहा था तब समाचार पत्रों की प्रमुख पंक्तियां हुआ करतीं थीं कि इतने दिनों बाद दूरदर्शन का प्रसारण होगा । दूर दराज के लोग रांची आने पर उसे दर्शनीय स्थल के रूप में देखने जाते थे और जब प्रसारण शुरू हुआ था तब भरत नाट्यम जैसे अंतिम कार्यक्रम तक लोग टीवी के सामने जमे रहते थे । तब लगभग हर घर में सिर्फ दूरदर्शन ही देखा जाता था। रामायण, कृषि दर्शन, महाभारत, आप और हम, शक्तिमान, जैसे कई ऐसे शोज प्रसारित होते थे, जिन्होंने लोगों के दिलो-दिमाग पर अमिट छाप छोड़ी है। दूरदर्शन की शुरुआत साल 1959 एक प्रायोगिक तौर पर हुई थी। प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने दिल्ली के आकाशवाणी स्टूडियो में इसे टेलीविजन इंडिया के नाम से शुरू किया था। इसे शुरू करने के लिए यूनेस्को ने 20 हजार डॉलर की सहयोग राशि और 180 फिलिप्स के टीवी सेट दिए थे। शुरुआत में दूरदर्शन पर तब रोज प्रसारण नहीं होता था बल्कि, हफ्ते में दो-तीन दिन ही प्रसारण होता था, वह भी आधे-आधे घंटे के लिए। 1965 में पहली बार इस पर दैनिक एक घंटे का प्रसारण शुरू किया गया। इसके बाद इस पर ऐसे कार्यक्रम आए जिन्होने देश में सूचना और मनोरंजन की दर्शनीय क्रांति की शुरुआत की । आकाशवाणी की ही तरह सभी आयुवर्गों और महिला पुरुषों पर केन्द्रित कार्यक्रम प्रसारित किए गए पहला था कृषि दर्शन जिसकी शुरुआत साल 1966 में की गई थी । इस कार्यक्रम ने रेडियो राइस की तरह देश में हरित क्रांति की पहल की । भारत का लोक सेवा प्रसारक दूरदर्शन इस वर्ष बेहद गर्व के साथ अपनी 66वीं वर्षगांठ मना रहा है। दूरदर्शन को अपने विविध दर्शकों की बदलती रुचियों और पसंद की कसौटी पर खरा उतरने के लिए अपनी पुरानी शैली बदलनी चाहिए । ये जरुर है कि इसमें फूहड़ भद्दे और समाज के लिए घातक प्रसारण नहीं होता पर यह मानकर चलना चाहिए कि आज का भारत समान्य बातें नहीं ज्ञान की बातें जानना चाहता है । बीते 66 वर्षों में बाजारवाद की दौड़ से दूरी बनाते हुए जनसेवा को मूलमंत्र मानकर सत्यम शिवम सुंदरम के आदर्श वाक्य वाले दूरदर्शन ने भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दूरदर्शन ने भारत के लुप्तप्राय गीत संगीत और ललित कला को न सिर्फ आर्थिक बल्कि सामाजिक आधार प्रदान किया है । बनावटी और दिखावटी चमक दमक वाले निजी चैनलों की तुलना में आम आदमी से जुड़े विभिन्न शैक्षिक और सूचनाप्रद कार्यक्रमों के माध्यम से महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाई है। समय की मांग है कि स्थानीय दूरदर्शन चैनलों में कुछ नवाचार के साथ कार्यक्रमों की प्रस्तुति में नयापन लाया जाए और निजी टीवी चैनलों की तरह आम आदमी से जोड़ा जाए । अभी भी आदिकालीन शैली में प्रसारण से नई पीढ़ी जुड़ नहीं पा रही है । कार्यक्रमों की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग के लिए स्वतंत्र एजेंसी हो । सबसे जरुरी है प्रतिस्पर्द्धी माहौल में दर्शकों को आकर्षित करना जिसके लिए परंपरा नहीं मजबूत कंटेंट और सभी प्लेटफ़ॉर्म में उपस्थिति आवश्यक है । डीडी न्यूज इसमें आगे है और कार्यक्रम थोड़ा पीछे।



**उपायुक्त ने चौकीदार पद पर चयनित 251 अभ्यर्थियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र, कहा**

# जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करें

- बोले डीसी, अफीम की खेती के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



## उपायुक्त ने नवचयनित चौकीदारों से नशे से दूर रहने को कहा

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विशेष जोर देते हुए नवचयनित चौकीदारों से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा, ईश्वर ने आपको सरकारी सेवा में आने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है, जिससे समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लेकिन, नशा आपके और आपके परिवार के लिए हानिकारक है। यह आर्थिक और सामाजिक नुकसान का कारण बनता है। उन्होंने खैनी, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी और कहा कि कुछ लोग आपको गलत रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपको दृढ़ता के साथ नशे से बचना होगा।

रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को चौकीदारों की सीधी नियुक्ति के लिए अंतिम रूप से चयनित 251 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन रांची के समाहरणालय, ब्लॉक-ए, सभागार में किया गया था। मौके पर सदर एसडीओ रांची उत्कर्ष कुमार, एसपी ग्रामीण रांची प्रवीण पुष्कर, सिटी एसपी रांची अजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

नवचयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि चौकीदारों को दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करना होगा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के संवेदनशील दिशा-निर्देशों के आलोक में रांची जिले में चौकीदारों की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखा गया है। सभी नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए यह नियुक्ति की गई है।

उपायुक्त ने नवचयनित चौकीदारों से समाज सेवा के प्रति समर्पण और उत्साह बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आप सभी को समाज के लिए बेहतर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। प्रशिक्षण के बाद आपकी पदस्थापना होगी, और इस दौरान आपको समाज की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। यह जिम्मेदारी विकसित गांव, विकसित राज्य और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने समकालीन चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि देश में ड्रग्स का चलन बढ़ रहा है, और कुछ लोग गैरकानूनी तरीके से अफीम की खेती कर रहे हैं। उन्होंने चौकीदारों से अपने क्षेत्र में ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने और प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, आपको समाज के असामाजिक तत्वों से सावधान रहना है, जो लालच देकर गलत रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसी गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

**मंत्री ने किया एक्सपो 2025 का उद्घाटन**

# एक्सपो से अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति : योगेंद्र प्रसाद

- इंतजार हुआ खत्म आ गया राजधानी में फिर एक बार एक्सपो की बहार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




इंतजार हुआ खत्म आ गया राजधानी में फिर एक बार एक्सपो की बहार। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने एक्सपो 2025 का उद्घाटन किया। 16 से 22 सितंबर तक मोरहाबादी मैदान में चलने वाले इस मेले में नौ वाटर प्रूफ हैंगर में 400 से अधिक स्टॉल देश और विदेश के लगे हैं। जेसीआई की सराहना करते हुए मंत्री श्री प्रसाद ने कहा की ऐसा भव्य आयोजन से रांची और झारखंड की गरिमा को चार चांद लग रहे हैं। अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें एक्सपो आकर विदेश के मेले की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि जेसीआई एक्सपो के माध्यम से अर्थवयवस्था को एक नई गति मिलेगी। इस मेले में शामिल होने का आग्रह राज्य की जनता से किया है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रतीक जैन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की एक्सपो उत्सव का रांची वासी बेसब्री से इंतजार कर रहे है तो ज्यादा समय नही लेते हुए एक्सपो का बिगुल बजाया और शुभारंभ की घोषणा की। एक्सपो चीफ सिद्धार्थ जायसवाल ने बताया की इस वर्ष एक्सपो में लोकल स्टॉल्स को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने आगे कहा की स्टार्ट अप जोन मे नए बिजनेसमैन और उनके बिजनेस को बढ़ावा मिले इसलिए रियायती दरों पर उन्हें जगह मिली है। एक्स्पो में पिंक हैंगर, एग्जीबिटर हैंगर, फनगोला, फूड कोर्ट, अर्बन ज़ोन, ऑटो ज़ोन, कंज्यूमर हैंगर आकर्षण हैं। मैदान के बीचों बीच आती सुंदर सजावट गांव और हाट बाजार को दर्शाती है।

जेसी ऋषभ जैन ने मंच संभालते हुए मंत्री का स्वागत किया, उन्हें जेसीआई से रूबरू कराया, मंचासिन लोगों का स्वागत कर अध्यक्ष को मंच सौपी।

सचिव सन्नी केडिया ने आयोजन में आए अतिथि व गण मान्य को धन्यवाद कर एक्सपो उत्सव में शरीक होने का न्योता दिया।

मौके पे शहर के अन्य संस्थाओं के अध्यक्ष और सचिव, जेसीआई के सदस्य, एक्सपो उत्सव के स्पॉन्सर्स व पार्टनर्स मौजूद थे। इसके साथ ही मंगलवार से एक्सपो का सुभारम्भ हुआ और अब हर दिन इवेंट भी होते रहेंगे। आज का इवेंट में एक्सपो ट्रेजर हंट और डॉग शोका प्रोग्राम है।

# इस्पात को अक्सर आधुनिक सभ्यता की रीढ़ कहा जाता है : अमरेंदु

**नवीन मेल संवाददाता**


Shri Amarendu Prakash

- सेल की 53वीं वार्षिक आम बैठक में परिवर्तन पर भविष्य पर हुई चर्चा

**रांची / नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने चिन्मया मिशन, नई दिल्ली में अपनी 53वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की, जहां सेल के सीएमडी अमरेंदु प्रकाश ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया और वैश्विक चुनौतियों के बीच कंपनी के मजबूत प्रदर्शन और भविष्य के विकास के लिए इसके रणनीतिक रोडमैप को रेखांकित किया। अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए, श्री प्रकाश ने कहा, "इस्पात को अक्सर आधुनिक सभ्यता की रीढ़ कहा जाता है - मज़बूत, लचीला और टिकाऊ। इस्पात की तरह, हमारी कंपनी भी अग्नि-परीक्षा से गुज़री है, चुनौतियों से आकार लेती रही है और अनुभव से मज़बूत हुई है।" उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सेल 2047 तक विकसित भारत की ओर भारत की विकास यात्रा में एक साक्षी और एक भागीदार, दोनों के रूप में मज़बूती से खड़ा है। उन्होंने बुनियादी ढाँचा, रेलवे, रक्षा, ऊर्जा आदि सहित विविध क्षेत्रों के लिए इस्पात आपूर्ति करते हुए राष्ट्र निर्माण में सेल की महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराया। उन्होंने कहा, "सेल का इस्पात भारत की विकास गाथा के केंद्र में है।" उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 के मार्गदर्शन में, कंपनी ने अपनी यात्रा के अगले चरण की शुरुआत कर दी है, जहाँ आगामी परियोजनाएँ शुरू से ही हरित प्रौद्योगिकियों, कुशल लॉजिस्टिक्स और ग्राहक-केंद्रित समाधानों को एकीकृत करेंगी। यह यात्रा प्रौद्योगिकी, डिजिटलीकरण, सततता और सबसे बढ़कर, लोगों पर आधारित होगी।



# टीम तुलसी पटेल का चुनावी प्रचार जारी, पदयात्रा कर मांगा समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल ने मंगलवार को भी चुनावी प्रचार अभियान जारी रखा। टीम से सभी सदस्यों ने रांची शर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और टीम के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। टीम ने श्रद्धानंद रोड, महावीर चौक, दीनबंधु लेन, सोनार पट्टी, मैकी रोड, पेपर मार्केट, सुरेश बाबू स्ट्रीट आदि में पदयात्रा किया। चैंबर के सदस्यों ने भी टीम तुलसी पटेल के सदस्यों का गर्म जोशी से स्वागत किया। पदयात्रा के दौरान टीम तुलसी पटेल ने चैंबर के सदस्यों की समस्याएं भी सुनी और उसका समाधान करने का भी आश्वासन दिया। व्यापारियों ने टीम तुलसी पटेल के दृष्टिकोण की सराहना की और उम्मीद जताई कि अगर यह टीम चुनी जाती है, तो व्यापारिक माहौल में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। मौके पर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तुलसी पटेल ने कहा कि अगर उनकी टीम को सदस्यों का समर्थन और जीत मिलती है, तो वे झारखंड चैंबर को एक सशक्त और सक्रिय मंच बनाएंगे। पदयात्रा में अनिल लोहिया, सौरव बजाज, संजय अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, रौनक झुनझुनवाला आदि ने टीम तुलसी पटेल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर इस अवसर पर तुलसी पटेल, ज्योति कुमारी, राहुल साबू, विकास विजयवर्गीय, दीनदयाल वर्णवाल, अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, विमल फोगला सहित अन्य उपस्थित थे।

# चैंबर चुनाव 21 को, 44 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



- चैंबर की 61वीं वार्षिक आमसभा 20 सितंबर को
- मतदान स्थल पर सदस्यता शुल्क भुगतान की व्यवस्था

चैंबर चुनाव की तैयारियों को लेकर चुनाव समिति ने मंगलवार को प्रेस वार्ता किया। इस अवसर पर चुनाव पदाधिकारी बिकास सिंह, पवन शर्मा और चुनाव समिति के सदस्य ललित केडिया उपस्थित थे। चुनाव पदाधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि चैंबर की 61वीं वार्षिक आमसभा 20 सितंबर को चैंबर भवन में और सत्र 2025-26 का चुनाव 21 सितंबर को स्वर्णभूमि बैंक्वेट में होगा। चैंबर के आगामी सत्र के लिए कुल 56 नामांकन प्राप्त हुए थे जिसमे से 6 नामांकन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के लिए हैं। प्रत्येक प्रमंडल से एक-एक नामांकन मिलने के कारण सभी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आमसभा में निर्विरोध चयनित किए जाएंगे। कार्यकारिणी समिति के लिए प्राप्त 50 नामांकन में से 6 नामांकन वापस लिए गए हैं ऐसे में कुल 21 सीटों के लिए 44 प्रत्याशी चुनाव में हैं। यह भी अवगत कराया कि चुनाव में कुल 3985 मतदाता हैं। इसमें लाइफ मेंबर 3727, जेनरल मेंबर 158, एफिलिएटेड बॉडी 85, कॉरपोरेट 10, पैट्रन मेंबर 5 हैं। प्रत्येक सदस्य को एक वोट देने का अधिकार है। केवल एफिलिएटेड बॉडी को दो वोट देने का अधिकार है। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान स्थल पर सदस्यता शुल्क भुगतान करने की व्यवस्था भी की जाएगी। यह भी बताया गया कि आमसभा से 30 दिन पूर्व बने आजीवन सदस्यों, कॉर्पोरेट लाइफ और पेट्रोन सदस्य तथा 90 दिन पूर्व बने जेनरल, एफिलिएटेड, कॉरपोरेट जनरल सदस्य ही मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। प्रत्येक मतदाता को मतदान पर्ची के साथ एग्जिट पर्ची दी जाएगी। यानि मतदाता को मत देने के उपरांत एग्जिट पर्ची गेट पर जमा करना अनिवार्य है।

**आज / कल**




# पंडरा बाजार में टीम आदित्य मल्होत्रा ने साझा किया विजन, व्यापारियों से मांगा सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



चैंबर चुनाव को लेकर मंगलवार को टीम आदित्य मल्होत्रा ने प्रचार अभियान के तहत पंडरा बाजार का दौरा किया। टीम के सभी सदस्यों ने बाजार में पदयात्रा कर व्यापारियों से मुलाकात की और उन्हें अपनी योजनाओं से अवगत कराते हुए समर्थन देने का अनुरोध किया। पदयात्रा के दौरान टीम के सदस्यों ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का भरोसा दिलाया। कहा कि उनकी टीम व्यापारियों की आवाज़ को मजबूत तरीके से उठाएगी और त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगी। टीम ने कहा कि वे संवाद और भागीदारी के माध्यम से चैंबर को एक सक्रिय और प्रभावी संस्था के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। पंडरा बाजार के व्यापारियों ने टीम आदित्य मल्होत्रा के विजन की सराहना की और चुनाव में उनका समर्थन करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि हमारा संकल्प है कि व्यापारियों के हितों की रक्षा करना, पारदर्शी और उत्तरदायी नेतृत्व देना, और चैंबर को हर व्यवसायी के लिए सुलभ बनाना। हम युवाओं को नेतृत्व में आगे लाकर एक नई सोच और नई ऊर्जा लाना चाहते हैं। पदयात्रा के दौरान रांची चैंबर के अध्यक्ष संजय माहुरी, हरि कनोडीया, किशन साहू, जेपी मित्तल, नीतीश लोहिया, टिंकू होरा, दिनेश बगड़िया, मदन प्रसाद, शंभू अग्रवाल, मुकेश खेमका, विनोद साहू, गणेश अग्रवाल, हर्ष सदाना समेत अन्य लोग शामिल थे।

# केजीबीवी कांके में 'एआई' कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

- सामाजिक संस्था 'समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट' ने पांच दिवसीय कार्यशाला का किया है आयोजन
- इस कार्यशाला में कक्षा 10 से कक्षा 12 तक के सैकड़ों छात्राएं ले रही हैं भाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सामाजिक संस्था 'समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट' की ओर कांके स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) में पांच दिवसीय 'एआई' कार्यशाला का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन स्कूल कि प्राचार्या अंजली गांगुली, समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रंगकर्मी ऋषिकेश लाल, रेशमा परवीन समेत कई गण्यमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर स्कूल के कंप्यूटर टीचर सतीश नायक ने सैकड़ों बालिकाओं को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देना था। इस कार्यशाला में छात्राओं को आधुनिक तकनीक के प्रति जागरूक और सशक्त किया गया। साथ ही, बालिकाओं को वास्तविक दुनिया में उपयोग के लिए सरल 'एआई' अवधारणाएं समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गइं और उभरती हुई तकनीक से भी उन्हें परिचित कराया गया।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (कृत्रिम बुद्धिमता) एक ऐसी तकनीक है, जो मशीनों को इंसानों की तरह सोचने, सीखने और समस्याओं को हल करने में सक्षम बनाती है। यह विशाल डाटा का विशेषण करके पैटर्न पहचानती है। भविष्यवाणी करती है, जिससे मशीने स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकती है इस अवसर पर छात्राओं को 'एआई' कैसे काम करता है, इसके प्रकार और अनुप्रयोग, मशीनें कैसे मानव भाषा को समझती है और इसकी प्रतिक्रिया देती हैं, आदि कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। छात्राओं को 'एआई' के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं से भी अवगत कराया गया। बताया गया कि 'एआई' सोशल मीडिया प्लेटफार्म में यूजर्स के इंटरेस्ट का पैटर्न समझती है और उनका सारा डाटा इकठ्ठा करती है। इसी डाटा का इस्तेमाल कर वह यूजर को फीड करती है। लेकिन, इसमें निजी सुरक्षा को नुकसान पहुंच सकता है। क्योंकि, पूरा डाटा पर निर्भर होगा, इसलिए इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों की प्राइवेसी पर इसका दुष्प्रभाव पड़ सकता है। इस पांच दिवसीय कार्यशाला में छात्राएं काफी कुछ सिख पाएंगी। यह जानकारी अमन ने दी ।



# कमान अधिकारी ने किया निरीक्षण, रजिस्टरों की बारीकी से जांचकर की सराहना

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** 19 झारखंड बटालियन एनसीसी रांची के कमान अधिकारी कर्नल रोहित नंदन प्रसाद ने 2/19 झारखंड बटालियन एनसीसी, डीएसपीएमयू, रांची का निरीक्षण किया। सबसे पहले डीएसपीएमयू के एनसीसी कैडेट ने सीओ 19 झारखंड बटालियन एनसीसी को शानदार गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् सीओ साहब को कंपनी ऑफिस का निरीक्षण कराया गया। ऑफिस की ब्रीफिंग सीक्यूएमएस कैडेट प्रियंका मुंडा ने सफलतापूर्वक किया। सीको और एसएम साहब को 2024-25 में कराए गए ट्रेनिंग तथा सभी प्रकार के सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी एएनओ कैप्टन (डॉ.) जी सी बास्के के द्वारा दी गयी। सीओ साहब ने विभिन्न ट्रेनिंग में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे मैप, मैग्नेटिक कैंपस, मिलिट्री सिंबल्स तथा चाट्र्स का भी निरीक्षण किया। सीओ साहब ने कंपनी द्वारा रखे जाने वाले विभिन्न रजिस्टरों को बारीकी से देखा और सारहा। डीएसपीएमयू कंपनी ऑफिस में रखे विजिटर बुक में अपने महत्वपूर्ण सुझाव तथा मंतव्य लिखे। अंत में सीओ साहब ने सभी कैडेटों को संबोधित किया और सोशल मीडिया, साइबर सिक्योरिटी तथा करियर काउंसलिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन एएनओ कैप्टन (डॉ.) जी सी बास्के द्वारा किया गया और कार्यक्रम का समापन ग्रुप फोटो के साथ हुआ।

## सड़क दुर्घटना समय देखकर नहीं आती, रहें सतर्क : निशांत



**रांची।** झालसा के निर्देश पर तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय, रांची में मोटरवाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मंच का संचालन डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर के द्वारा किया गया तथा स्वागत भाषण न्यायिक दंडाधिकारी, एकता सक्सेना के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर न्यायायुक्त, अनिल कुमार मिश्रा-1, प्रधान न्यायाधीश, एजेसी-15, अमित शेखर, पी.ओ., एम.ए.सी.टी. निशांत कुमार, डालसा सचिव, श्री रवि कुमार भास्कर, डिप्टी एस.पी. (हेड क्वार्टर-1), अमर कुमार पांडे, डिप्टी एस.पी. (ट्रैफिक), प्रमोद कुमार केशरी, महासचिव, आरडीबीए रांची, संजय कुमार विद्रोही एवं अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### कृष्ण कुमार केशरी का हुआ अंतिम संस्कार



**पिठौरिया।** झारखंड आंदोलनकारी साहित्यकार डॉ बी पी केशरी के छोटे भाई और पिठौरिया के पत्रकार सुजीत कुमार केशरी के पिता कृष्ण कुमार केशरी का अंतिम संस्कार पैतृक गांव पिठौरिया के किसान चौक स्थित श्मशान घाट में सम्पन्न हुआ। अंतिम यात्रा में परिजनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण और शुभचिंतक शामिल हुए। मुखाग्नि उनके पुत्र सुधीर कुमार केशरी ने की। अंतिम संस्कार के दौरान माहौल गमगीन रहा। ग्रामीणों ने उन्हें समाजहित में हमेशा सक्रिय रहने वाला, सहज-सरल और मददगार स्वभाव का व्यक्ति बताया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे लोगों ने कहा कि कृष्ण कुमार केशरी की कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। वे अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। अंतिम संस्कार में कांके विधायक सुरेश बैठा, सेंटेविटा अस्पताल रांची के ओनर अमित साहू, अपर महाधिवक्ता झारखंड सरकार जय प्रकाश,डिवाइन ओंकार मिशन के सचिव राजेश नागी, विश्व सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राज आदि मौजूद थे।

### विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन दो मामले सुलझाए गए

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का शुभारम्भ हो चुका है, जो 20 सितंबरतक चलेगा। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 05 (पांच) मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केंद्र में प्राप्त हुए थे, जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थों को सुपुर्द किया गया, जिनमें कुल 02 (दो) मामलों में सफलता मिली थी। इसी मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन 40 मामले विभिन्न न्यायालयों से मिले थे, जिनमें 33 मामलों को मध्यस्थता केंद्र के मध्यस्थों के द्वारा सुलझा लिया गया। दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। मालूम हो कि पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का आज दूसरा दिन था और यह 20 सितंबर तक चलेगा, उक्त तिथि तक वादकारी अपने वादों को मध्यस्थता के माध्यम से निबटा सकते हैं।

### 171वें श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का हुआ पाठ



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 171 वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। सब पर राम तपस्वी राजा तिनके काज शक्ल तुम साजा के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। राजेश ढांढनीया ने अखंड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। मंडल के उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां एवं अरुण खुटेटा ने संयुक्त रूप से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना व फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। अरुण खुटेटा ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

### अनूप एनएसटीआई I से 94 प्रतिशत अंक लाने वाले पहले छात्र बने



**बेड़ो।** लापुंग के मालगो गांव के अत्यंत गरीब परिवार के अनुप कुमार नाग अपने गांव और लापुंग प्रखंड के पहले छात्र हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के स्किल इंडिया कार्यक्रम के तहत हैदराबाद के नेशनल स्कील ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट NSTI से मैकेनिक मोटर व्हेकिल ट्रेड में कुल 750 अंकों में 705 अंक कुल 94.00% प्रतिशत अंक लाकर लापुंग प्रखंड के लिए कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्हें ट्रेंनिंग मेथाडोलॉजी ट्रेनिंग स्किल में 98.5% अंक मिले हैं। भारत सरकार के क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता निदेशालय हैदराबाद (आरडीएसडीई )के निदेशक श्रीनिवासन राव अनुप कुमार नाग को उनकी सफलता पर सम्मानित भी किए थे। हैदराबाद में इससे पहले गुमला आईटीआई से मेकनिक मोटर व्हीकल में 2021-23 बैच में 82.9% अंको के साथ टॉप किए थे। मारुति सुजुकी कंपनी की ओर से उन्हें मानेसर गुड़गांव हरियाणा में सात महीने के लिए काम भी किया था। अब वे आईटीआई में शिक्षक बनना चाहते हैं। फिलहाल अनुप इसकी तैयारी में जुटे हैं।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह का हुआ आयोजन



सिल्ली। डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल,सिल्ली में विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने हेतु विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम की विशेषता एक संवादात्मक टॉक शो रहा,जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने तनाव और साथियों के दबाव से निपटने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।विद्यार्थियों ने कविताओं और भाषणों के माध्यम से जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला,वहीं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता द्वारा आशा और सकारात्मकता का संदेश दिया।इस सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं सफल क्रियान्वयन में शिक्षिका शुभांगी और शिक्षक जुनैद ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।उनकी योजना और सक्रिय सहभागिता से यह आयोजन अत्यंत सार्थक और प्रेरणादायी बन सका। शिक्षकों ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से संवेदनशीलता एवं संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने आत्महत्या जागरूकता विषय पर अपने विचार कविताओं,भाषणों तथा गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किए।

## 'इन्क्विजिटिव माइंड्स क्विज' में सीयूजे की एमबीए छात्राओं ने जीता द्वितीय पुरस्कार




**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के एमबीए सत्र 2024-26 की छात्रा आकांक्षा और शालिनी कुमारी ने एलएन मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना में आयोजित दो दिवसीय 'इन्क्विजिटिव माइंड्स क्विज-2025' में 10,000 रुपए के नकद पुरस्कार के साथ द्वितीय पुरस्कार जीता। यूजी और पीजी छात्रों के व्यावसायिक ज्ञान का परीक्षण करने वालीइस प्रतियोगिता में पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों और संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया था। प्रमुख संस्थानों में एमिटी बिजनेस स्कूल, पटना महिला कॉलेज, इंपैक्ट कॉलेज, आर्केड बिजनेस स्कूल और कई अन्य संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया। सीयूजे के कुलपति, प्रो केबी दास ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के सभी संकाय सदस्यों के साथ दोनों छात्राओं को पुरस्कार जीतने की बधाई दी। संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ बटेश्वर सिंह और सभी प्राध्यापकों ने विभिन्न विषयों में क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विभाग और सीयूजे के छात्रों की भागीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोनों छात्राओं ने अपनी खुशी जाहिर की और विभाग और विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने के प्रति आभार प्रकट किया।

## घरेलू गैस सिलिंडर की अवैध रिफिलिंग पर प्रशासन ने की कार्रवाई



**रांची।** घरेलू गैस सिलिंडर के अवैध व्यावसायिक उपयोग एवं अवैध रिफिलिंग की जांच एवं कार्रवाई हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार गठित विशेष छापामारी दल ने आज कार्रवाई की। छापामारी दल ने हरमू बाजार में संचालित एक दुकान पर छापा मारा। छापामारी के दौरान दुकान संचालक को घरेलू गैस सिलिंडर की अवैध रिफिलिंग करते हुए पाया गया। मौके से 14.02 किलोग्राम क्षमता वाले 05 (पांच) गैस सिलिंडर, 05 किलोग्राम का 01 (एक) गैस सिलिंडर एवं 02 किलोग्राम क्षमता वाले 06 (छह) गैस सिलिंडर जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त गैस रिफिलिंग में उपयोग किए जाने वाले उपकरण भी टीम द्वारा सीज कर लिया गया। यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों एवं गैस सिलिंडर नियमावली (रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन) ऑर्डर 2000 के अंतर्गत की गई। साथ ही, आरोपी के विरुद्ध अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि घरेलू गैस सिलिंडर का अवैध व्यावसायिक उपयोग एवं अवैध रिफिलिंग जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने आम जनता से भी अपील की है।

## राजभाषा के प्रति प्रतिबद्धता केवल पखवाड़े तक ही सीमित न रहे : निदेशक




**रांची।** राजभाषा पखवाड़ा का उद्घाटन आरडीसीआईएस के कार्यकारी निदेशक व सभी मुख्य महाप्रबंधकों एवं समूह प्रमुखों की उपस्थिति में किया गया। यह पखवाड़ा 30 सितंबर तक मनाया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर कार्यकारी निदेशक ने सभी कर्मचारियों से विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी राजभाषा के प्रति प्रतिबद्धता केवल पखवाड़े तक ही सीमित न रहकर हमारे दैनिक कार्यों में भी परिलक्षित होनी चाहिए। उद्घाटन समारोह का संचालन रौशन कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) एवं राजभाषा अधिकारी, आरडीसीआईएस द्वारा किया गया।

## उपायुक्त करम मिलन समारोह में हुए शामिल

# समाहरणालय के कर्मचारियों ने झारखंड की विरासत को जीवंत किया

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-बी स्थित सभागार में आयोजित करमामिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने एक साथ मिलकर करम पर्व की खुशियों को साझा किया। यह समारोह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का एक जीवंत प्रतीक रहा। उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री ने कहा, "करमा पर्व हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा एक अनमोल उत्सव है, जो हमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और एक-दूसरे के साथ मिलजुल कर आगे बढ़ने का संदेश देता है। आज का यह समारोह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करने का एक शानदार उदाहरण है। कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, संगीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। समाहरणालय के कर्मचारियों ने अपनी कला के माध्यम से झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया, जिसे देखकर सभी उपस्थित लोगों में गर्व और उल्लास की भावना जागृत हुई। उपायुक्त ने कर्मचारियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रदर्शनों ने न केवल हमारी संस्कृति को उजागर किया, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत किया। समारोह में उप विकास आयुक्त सौरभ भुवनिया, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी केके राजहंस सहित अन्य उपस्थित थे।

## पत्रकारों में रांची प्रेस क्लब मीडिया फुटबॉल कप का रहा रोमांच

# टीम राजमहल और बेतला फाइनल में पहुंचे फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** द रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित सीसीएल मीडिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के सेमीफाइनल मुकाबला सीसीएल गांधीनगर के ग्राउंड में मंगलवार को खेला गया। रोमांचक मुकाबले में राजमहल और बेतला की टीमें फाइनल में पहुंच गई हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार को सुबह 9:30 बजे महात्मा गांधी क्रीड़ांगन (सीसीएल गांधीनगर) में खेला जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सन्तोष गंगवार मौजूद रहेगें। मंगलवार को पहला सेमीफाइनल मैच राजमहल और दलमा के बीच खेला गया। यह मैच काफी कांटे का रहा, जिसमें राजमहल ने 1-0 से जीत हासिल की। मैच का एकमात्र गोल दलमा के एक खिलाड़ी के आत्मघाती गोल से हुआ, जिसने राजमहल को फाइनल में पहुंचा दिया। इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए राजमहल के मोनू कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में मुख्य अथिति के रूप में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू, बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप ने संयुक्त रूप से दिया। दूसरा सेमीफाइनल बेतला और झुमरा के बीच खेला गया। इस मुकाबले में बेतला की टीम ने झूमरा को 1-0 से हराया। झुमरा की ओर से दूसरे हॉफ में नूतन तिर्की ने निर्णायक गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिलाई, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप, कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने संयुक्त रूप से दिया। सेमी फाइनल मैच में अतिथि के रूप में कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप, कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मुर्मू, अतिथियों के रूप में सीसीएल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आलोक गुप्ता, बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता योगेंद्र प्रताप, डीएवी गांधीनगर के प्राचार्य पीके झा, पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सन्तोष कुमार महतो, महिला नेत्री परी पासवान, हाईकोर्ट की अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य, समाजसेवी पिंकी यादव, रिंकी यादव, सीडब्ल्यूसी हजारीबाग की चेयरपर्सन रुपा कुमारी, एक्ट्रेस नमिता सिंह, रेखा पाठक, मारिआ सहाब मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों को दी आर्थिक मदद

**रांची।** फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी ने जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता किया। पंडरा निवासी सोनम कुमारी, जो थैलेसीमिया नामक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। उसे सोसाइटी ने उसके द्वारा ब्याज में लिए गए पैसे लौटाने में मदद की। साथ ही आर्थिक मदद भी किया। पढ़ाई और कपड़ों आदि के लिए पांच हजार रुपए का चेक दिया। सोनम ने मारवाड़ी कॉलेज में नामांकन लेने के लिए बड़ी सूद पर में पैसे लेकर अपना नाम लिखवाया था। वहीं डोरंडा के रहने वाले छात्र को सोसाइटी ने गोस्सनर कॉलेज में 12वीं कक्षा के रीएडमिशन के लिए चार हज़ार रुपए का चेक दिया। उनके पिता डोरंडा में टेलर का काम करते हैं। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। साथ ही साथ एक और छात्र को भी फ्रेंड्स ऑफ़ वीकर सोसाइटी ने पाँच हज़ार रुपये का चेक देकर आगे की पढ़ाई जारी रखने में सहयोग किया। मौके पर सोसाइटी के महासचिव कमर सिद्दीकी ने कहा कि सोसाइटी का मानना है कि तालीम हर बच्चे का हक है और किसी भी आर्थिक या किसी भी परेशानी के कारण किसी छात्रा की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए।

### अफीम की खेती के विरुद्ध चला जागरूकता अभियान



बुढ़मू। थाना क्षेत्र के बदलूटा गांव में पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व में अफीम की खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में पुलिस निरीक्षक मांडर अंचल ,थाना प्रभारी बुड़मू ,स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अफीम से होने वाले दुष्प्रभाव कानूनी प्रावधान आदि के विषय में बिस्तार से बताया गया। वहीं निर्देश दिया गया की अफीम की खेती नहीं करेंगे और किसानो के बीच बीज और बच्चो के बीच बिस्किट का वितरण किया गया।

### बेड़ो में दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कार्य शुरू

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में आयोजित दुर्गा पूजा को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष कैलाश कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भव्य एवं विशाल पंडाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। काल्पनिक मंदिर की अनुकृति में बन रही रही पंडाल पूजा के दौरान आकर्षण का केंद्र होगी। वहीं प्रतिमा का निर्माण पंकज पाल कर रहे हैं। पहली बार भव्य एवं विशाल दुर्गा मंदिर बनने के बाद इस वर्ष पहली दुर्गा पूजा री उमेश बड़ाईक को मिली है। कैलाश कुमार ने बताया कि पूजा में पुजारी अशोक पंडा, सहित के कार्यकारी अध्यक्ष शशी टाईगर, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सचिव रवि सिंह कोषाध्यक्ष अंकित सोनी, संरक्षक सौमित्र शर्मा, साधन कुमार रॉय, आलोक देवघरिया, परना महतो, उमेश कुमार मेहता, वाणीम बड़ाईक, अपूर्वर गुप्ता, रंजीत कुमार गुप्ता 'लड्डू',विंद्र बड़ाईक आदि मौजूद थे।

**समीक्षा बैठक** डाक विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने किया बैठक का आयोजन

# नमूनों की समयबद्ध, सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित करने पर जोर

- दोनों विभागों के बीच हुए एमओयू के तहत झारखंड के सभी जिलों से टीबी सैंपल्स की बुकिंग और समय पर डिलीवरी की जिम्मेदारी डाक विभाग उठाएगा




**रांची।** भारत सरकार डाक विभाग, रांची डाक मंडल और राज्य स्वास्थ्य विभाग (टीबी सेल, एनएचएम रांची) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रांची से इटकी टीबी अनुसंधान अस्पताल तक टीबी नमूनों की समयबद्ध और सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा की गयी। बैठक में डीपीएस झारखंड डाक परिमंडल राम विलास चौधरी, निदेशक-इन-चीफ एनएचएम सिद्धार्थ सान्याल, वरिष्ठ डाक अधीक्षक रांची मंडल रूपक कुमार सिन्हा, डीडीएम, पीएलआई। अमित कुमार सहित राज्य टीबी पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार समेत रांची डाक मंडल के अधिकारी-कर्मचारी और राज्यभर के जिला टीबी पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ कमलेश कुमार और रूपक सिन्हा के स्वागत भाषण से हुई। दोनों ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी दवाओं, उपकरणों और पार्सलों की समय पर बुकिंग और डिलीवरी पर जोर दिया। डीपीएस झारखंड डाक परिमंडल राम विलास चौधरी ने डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं का ब्योरा दिया और स्पीड पोस्ट पार्सल सेवा एवं डाक जीवन बीमा (पीएलआई) को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग डाक विभाग के जरिए अपने पार्सल सुरक्षित और समय पर भेज सकता है। निदेशक-इन-चीफ एनएचएम सिद्धार्थ सान्याल ने टीबी के खतरनाक लक्षणों और इसके गंभीर प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों के बीच हुए एमओयू के तहत झारखंड के सभी जिलों से टीबी सैंपल्स की बुकिंग और समय पर डिलीवरी की जिम्मेदारी डाक विभाग उठाएगा। डीडीएमपीएलआई अमित कुमार ने डाक जीवन बीमा की खूबियों को बताया और इसे स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सुरक्षित निवेश विकल्प करार दिया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ प्रधान डाकपाल, रांची जीपीओ दिवाकर प्रसाद ने अतिथियों और अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

### प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बल्कि यह मानसिक विकास का सशक्त मार्ग है : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरकट्ठा।** छोटानागपुर उच्च विद्यालय बेड़ोकला में मेरा युवा भारत हजारीबाग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड समूह स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने उदघाटन फीता काटकर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, चलकुशा जिप सदस्य सबिता देवी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मौजूद थे। विधायक अमित यादव ने युवाओं से कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का सशक्त मार्ग है। खेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, धैर्य और टीम भावना का विकास होता है। साथ ही यह मंच उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है। जानकी यादव ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में बालक वर्ग फुटबॉल, 400 मीटर रेस, लॉन्ग जंप, बालिका वर्ग में कबड्डी, 200 मीटर रस्सी कूद, लॉन्ग जंप में विभिन्न विद्यालयों और ग्रामों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पांडेय, पंचायत समिति सदस्य युसूफ अंसारी, शिक्षक संजय कुमार मंडल, सुष्मिता कुमारी, बबिता कुमारी, राजकुमार यादव, रोहित यादव, सुभाष यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कृमि मुक्ति दिवस को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्कूल के बच्चों को खिलाई दवा



**रामगढ़।** मंगलवार को कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में स्वास्थ्य विभाग विभाग की टीम पहुंची। जहां एक शदे समारोह में मुख्य अतिथि डॉ बी दुबे और विशिष्ट अतिथि डॉ कविता शामिल हुए। मौके पर डॉ कविता ने कहा कि स्वस्थ्य तन में ही स्वास्थ्य मन का विकास होता है। जबकि डॉ अजय ने निरोग रहने के उपाय बच्चों को बताया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को बताया कि किसी भी तरह की औषधि आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए उपलब्ध कराई जाती है। आज जो आप लोग एल्बेंडाजोल की दवा खा रहे हैं यह पेट में हानिकारक कृमि का नाश करता है। इसके उपयोग से आपका मन मस्तिष्क स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि आप लोगों द्वारा जो यह प्रयास किया जा रहा है निश्चित रूप से एक दिन हमारा मांडू प्रखंड ही नहीं बल्कि पूरा जिला और झारखंड स्वास्थ्य और निरोग रहेगा। यह सराहनीय प्रयास है। दवा को लेकर बच्चों के डर को समाप्त करने के लिए सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने एल्बेंडाजोल गोली स्वयं खाया। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी दवा खाया। इसके बाद सभी छात्र एवं छात्राओं ने सहज ढंग से एल्बेंडाजोल की गोली को खाना प्रारंभ किया। इस अवसर पर इस अवसर पर विद्यालय के सहायक शिक्षक शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता, जेठालाल मांझी और बाल संसद के सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सीएचसी में "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" को लेकर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित



**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकट्ठा में "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान" कार्यक्रम सफल बनाने हेतु प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी कुंज व संचालन बीटीटी प्रकाश पंडित ने किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो, नोडल एमओ डॉ कार्तिक उरांव, शिक्षा विभाग से सीआरपी रामकृष्ण पांडेय मौजूद थे।वहीं प्रमुख रेणु देवी ने बताया कि "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान" 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान नियमित टीकाकरण, गैर-संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, प्रसव पूर्व देखभाल, रक्तदान, क्षय रोग उन्मूलन और पोषण संवर्धन जैसे विषयों पर प्रतिदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चिकित्सा पदाधिकारी रत्ना रानी कुंज ने कहा कि महिलाओं, किशोरियों, नवविवाहित दंपतियों और समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सहिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह और मीडिया की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी. उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर प्रधान लिपिक सोनी रविदास, हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार, बीटीटी प्रकाश पंडित, बीटीटी नरोत्तम कुमार, एमपीडब्ल्यू सुधीर कुमार, अनील कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुखिया व पंसस ने संयुक्त रूप से सोना सोबरन योजना की शुरुआत की



**बरही।** बरही पश्चिमी पंचायत स्थित उजाला महिला मंडल बरही डीह में सोना सोबरन योजना की शुरुआत हुई. इस अवसर पर मुखिया शमशेर आलम व पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर ने संयुक्त रूप से साड़ी धोती व लूंगी का वितरण किया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि राज्य सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है. जिसके तहत गरीब परिवार को मात्र एक रुपए में साड़ी धोती और लुंगी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं. राज्य सरकार हर गरीब को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है. सोना सोबरन योजना इसी जनकल्याणकारी योजना का एक हिस्सा है. पंसस ने भी सरकार के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जनकल्याणकारी बताया. साथ हीं डीलर से निष्ठापूर्वक आम जनता को लाभ उपलब्ध करवाने की बात कही. मौके पर डीलर सहित कई लाभुक मौजूद थे.

### राधा गोपाल फैक्ट्री में एक बार फिर हुआ फर्नेस भट्ठी पंक्चर, तीन कर्मी घायल



**बरही।** देर संध्या मंगलवार को कोनरा बरही स्थित रियाडा व जियाडा क्षेत्र स्थित राधा गोपाल फैक्ट्री में एक बार फिर फर्नेस भट्ठी पंक्चर होने से तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए. उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने दी. घायलों में धीरज महतो पिता सुकैश्वर महतो, पता बसपती, (सीतामढ़ी), सुरेंद्र चौधरी और हरेंद्र यादव (क्रेन ऑपरेटर) शामिल हैं. सभी घायलों का इलाज निजी क्लिनिक में चल रहा है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. फिलहाल फैक्ट्री प्रबंधन और पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है. विदित हो कि बीते 18 जुलाई को अहले सुबह फर्नेस पंक्चर होने की घटना घटने से अफरा तफरी मची थी. फैक्ट्री में लगातार हो रहे पंक्चर की घटना से आस पास के लोग सहित कर्मी डर की साया में हैं. जानकारी के अनुसार बीते वर्ष भी जियाडा स्थित फैक्ट्री में फर्नेस ब्लास्ट से कई मजदूर के मौत और कई घायल हुए थे. ब्लास्टिंग/पंक्चर जैसी लगातार हो रही घटना ने फैक्ट्री व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है.जो गंभीर व चिंतनीय विषय है. घटना के संबंध में स्थानीय पंचायत समिति सदस्य मो यूसुफ ने बताया कि फैक्ट्री संचालक पूरी तरह से लापरवाह है. बार बार हो रहे घटना और मांग के बाबजूद भी मजदूरों को बिना सेफ्टी कीट के कार्य करते देखा जा रहा है. भट्ठी को नियमित जांच नही होती है. मजदूरों को 8 घंटे के स्थान पर 12 घंटे बिना ओवरटाइम भुगतान के कार्य करवाए जा रहे हैं. स्थानीय प्रशासन को इस विषय पर गंभीरता से जांच करते हुए कारवाई करनी चाहिए. इस संबंध में फैक्ट्री संचालक से बात करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नही होने के कारण उनका पक्ष नही लिया जा सका है.

### हजारीबाग पुलिस को मिलेगी एक करोड़ 35 लाख इनाम की राशि

**हजारीबाग।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के एक दर्जन उगवादी पुलिस के डर से हजारीबाग गिरिडीह और चतरा जिला जंगलों में मारे फिरे चल रहे है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी आम लोगों के बीच लेवी वसूली तथा एन आपराधिक वारदातों को लेकर उग्रवादियों की लोकप्रियता काफी घटी है। इसमें एक करोड़ का इनामी उग्रवादी रघुनाथ हेंब्रम उर्फ अनमोल दा भी शामिल हैं। वह गिरिडीह पीरटांड़ थाना क्षेत्र के रहने वाला है। जो रविवार की रात मुठभेड़ में मार गया। वही बिष्णुढ़ थाना क्षेत्र के मंदरी निवासी माओवादी सेंट्रल कमेटी के सदस्य अनुज पूर्व सहदेव सोरेन उर्फपवेश उर्फ अनमोल भी मृतकों में शामिल है। उसे पर 25 लाख रुपए का इनाम था। वही हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के 10 लाख का इनामी नक्सली विरसेन गंझू उर्फ रामखेलावन गंझू भी मुठभेड़ में मार गया। उसके ऊपर 10लाख रुपए का इनाम दर्ज था। मारे गए उग्रवादी अगर आत्म समर्पण कर देते तो इनाम की राशि के साथ मिलती अन्य सुविधाओं का लाभ जिले के गोरहर थाना में मारे गए तीनों उग्रवादी अगर आत्म समर्पण कर देते तो उन्हें घोषित इनामी राशि के साथ राज्य सरकार के अन्य सुविधाओं का लाभ मिलता।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध उत्खनन के विरुद्ध चलाया गया अभियान




**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार मंगलवार को अपराह्न में खनन विभाग, वन विभाग एवं सीसीएल कुजू क्षेत्र के सुरक्षा विभाग के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से सुगिया पंचायत के महुवा टुंगरी क्षेत्र में कोयला का अवैध खनन होने की सूचना पर छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में अवैध उत्खनन स्थल को ओभर बर्डन से भराई का कार्य किया गया।

### पांतीतिरी में मारे गए तीन नक्सलियों के बाद गांव में शांति व्यवस्था कायम

# ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त गांव में पसरा सन्नाटा पुलिस की है पैनी नजर

**नवीन मेल संवाददाता**

- **नक्सलियों के भय से अभी लोगों में काफी दहशत फैला हुआ है। गांव में अभी कोई आदमनी नजर नहीं आ रहा है**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोरहर पंचायत के ग्राम पांतितीरी में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद गांव की स्थिति सामान्य होने लगी है। जानकारी हो कि सोमवार 15 सितंबर की सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली सुखदेव सोरेन समेत दो अन्य को मार गिराया गया था। घटना को लेकर पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। वहीं गांव में नक्सलियों के मारे जाने के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। दूसरे दिन मंगलवार को ग्राम वासी दिनभर अपने अपने घरों में रहें बाहर सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि गांव से सोमवार की शाम 6 बजे ही कोबरा बटालियन के जवान और पुलिस वापस लौट आई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीनों नक्सली जिस घर में छुपे हुए थे वहां के किसी भी सदस्य को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार नहीं किया है। अब स्थिति सामान्य दिनों की तरह हो रहा है पर गांव वाले किसी बाहरी व्यक्ति से बात करने से कतरा रहे हैं। जानकारी हो कि लगभग 25 वर्ष पहले इसी गांव का रहने वाला नक्सलियों का पूर्व एरिया कमांडर बबका मांझी पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया था। जिसके बाद से पांतितीरी गांव में नक्सल से शांत हो गया था। किंतु सोमवार को हुई घटना ने बबका मांझी के एनकाउंटर की याद पुनः लोगों को दिला दी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए गोरहर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि अब स्थिति सामान्य हो गई है लेकिन पुलिस अपनी पैनी नजर बनाए हुए है।

## छिनतई गिरोह के धक्के से ट्रेन से गिरा युवक, घायल

**रामगढ़।** खलारी बरकाकाना रेल लाइन के गिरिगढ़ा में एक युवक के ट्रेन से गिरकर घायल होने की सूचना है। इस संबंध में बताया जाता है की युवक लक्की मुंडा खलारी का रहने वाला है जो पीरी में ट्रेन पर सवार हुआ। कुछ समय के बाद छिनतई गिरोह ने किरिगढ़ा के निकट उसका फोन छीनने की कोशिश की और उसी क्रम में वह ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। घायल युवक को पतरातू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया।

## बीएड के प्रथम प्रशिक्षु का हुआ नामांकन



**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ स्थित डॉ० एस० राधाकृषणन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को बीएड 2025-27 सत्र के प्रथम प्रशिक्षु उपदेश कुमार का नामांकन किया गया। प्रथम प्रशिक्षु उपदेश कुमार के माध्यम से महाविद्यालय प्रागण में बेल का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित मातृ संस्था जन अकांक्षा सोसाइटी के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० सुशील कुमार उपाध्याय एवं सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा ने भी आम तथा नींबू के पौधे लगाये। मणिकांत सिन्हा ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण के लिए लाभदायक हैं और ये मनुष्य के स्वस्थ जीवन के लिए भी बेहद जरूरी है। वहीं, रितेश कुमार ने कहा कि पेड़-पौधे के बिना मनुष्य का जीवन असंभव है।

### सड़क दुर्घटना में स्नातक की छात्रा की मौत, भाई की हालत गंभीर

**कटकमसांडी।** कटकमदाग प्रखंड के हजारीबाग-सिमरिया मार्ग स्थित सुल्ताना के पास सड़क दुर्घटना में प्रखंड के अडरा गांव निवासी सरोज प्रजापति की 20 वर्षीय पुत्री निशु कुमारी की मौत इलाज के दौरान सोमवार को हो गई। विगत रविवार को वह अपने गांव से भाई के साथ बाइक से हजारीबाग बाजार जा रही थी तभी एक अनियंत्रित पिकअप वैन ने सुल्ताना गांव के पास उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना विगत रविवार की है। बताया जाता है कि दुर्घटना में निशु और उनका भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत श्रीनिवास हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह निशु की मौत हो गई। निशु जीएम इंटर कॉलेज में स्नातक की छात्रा थीं। वहीं उनके भाई की हालत भी बेहद नाजुक बताई जा रही है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। निशु कुमारी अडरा निवासी सरोज प्रजापति की पुत्री थीं और उनका ननिहाल कटकमदाग प्रखंड के ही बांका गांव में है। इस दुखद खबर से पूरे कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है।

### 69 बच्चों के बीच साइकिल का किया गया वितरण

# सभी अभिभावक नियमित रूप से बच्चों को स्कूल भेजें : कुदुश अंसारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिलाडीह मे मंगलवार को मुखिया निजाम अंसारी, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी, प्रधानाध्यापक मुकेश ठाकुर, पंचायत समिति सदस्या ज्योति देवी, समाजसेवी राजकुमार गिरी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्यामलाल पासवान, उपाध्यक्ष खुशबू देवी, सदस्य रूपा सिंह, प्रेमसागर शर्मा, शिक्षकों व अभिभावकों की उपस्थिति मे झारखंड सरकार कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त कक्षा 8 सत्र(2025-26) में अध्ययनरत 69 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित की गई। वही साइकिल पाकर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। इस दौरान मुखिया निजाम अंसारी ने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण करने व सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं को ससमय उपलब्ध कराने की अपील की। वहीं झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी ने उपस्थित अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि आप नियमित रुप से अपने बच्चों को साफ सफाई के साथ विद्यालय भेजें ताकि वे भविष्य में एक बेहतर जीवन जी सकें। वर्तमान स्थिति में शिक्षा बहुत ही जरूरी है। बिना शिक्षा के बेहतर समाज की कल्पना नहीं कर सकते हैं।

### जितिया उपवास में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

# मायके वालों की महिला के पति सास व ससुर के विरुद्ध प्राथिमिकी के बाद पति गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रतवे पंचायत के नावाटांड़ में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने की सूचना है। महिला के पति को कुजू पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतका की मां कमली देवी पति मुखलाल महतो मुर्रामकला पतरातू बस्ती निवासी ने कुजू ओपी में अपनी पुत्री बेबी देवी (27 वर्ष) को मौत को लेकर आवेदन दिया है और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

आवेदन में उन्होंने मृतका पति गोविंद महतो, ससुर ठोटन महतो, सास फुनवा देवी पर मामला दर्ज कराई है। बताया जाता है कि नावाटांड़ रतवे निवासी बेबी देवी (27 वर्ष) रविवार की रात्रि जितिया पर्व को लेकर उपवास की थी। इस बीच उसकी घर वालों के साथ कुछ बात पर तू तू मैं मैं हुई जिसके बाद महिला ने फांसी लगा ली। घटना 15 सितम्बर सुबह 9 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने महिला के शव को सदर अस्पताल भेज दिया जहां उसका पोस्टमॉर्टम हुआ। पुलिस द्वारा महिला के शव का अंतिम संस्कार करवाने की तैयारी की जा रही थी। इधर पुलिस का कहना है कि अभी इस संबंध में कुछ नहीं बताया जा सकता है। जब पोस्टमार्टम की रिपोट न आए। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान को लेकर बनी रणनीति

**विष्णुगढ़।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर मंगलवार को प्रखंडस्तरीय टास्क फोर्स की बैठक प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीडीओ अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार सिंह, कई पंचायतों के मुखिया, महिला पर्यवेक्षिका, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका आदि शामिल हुए। बीडीओ ने कहा कि भारत सरकार के निर्देश पर यह अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ एवं सबल बनाना है। यह अभियान सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला अस्पतालों में चलाया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि अभियान के तहत एनीमिया जांच शिविर, बच्चों में कुपोषण की जांच कर उपचार के लिए रेफर, महिलाओं में हाई ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, ओरल, सर्विकल व ब्रेस्ट कैंसर की जांच, यक्ष्मा जांच, हीमोग्लोबिन स्तर, गर्भावस्था के दौरान पोषण एवं देखभाल का परामर्श, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए टीकाकरण, किशोरियों के महावारी स्वच्छता एवं प्रबंधन, टीडी टीकाकरण, सेनिटरी पैड का वितरण आदि कार्यक्रम सुनिश्चित करना है। एक पखवारा तक चलने वाले इस अभियान के लिए टास्क फोर्स टीम का गठन किया गया। जिसमें प्रमुख, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ, बीइओ, जेएसएलपीएस, एसएचजी, एनजीओ के कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधिगण सदस्य होंगे। बैठक में शामिल सभी को निर्देश दिया गया कि इस अभियान के सफल संचालन से नारियों एवं किशोरियों के स्वास्थ्य में व्यापक उत्थान आएगा।

### जल जीवन मिशन के तहत संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जल ही जीवन है, परंतु पानी तभी जीवनदायी है जब वह शुद्ध और सुरक्षित हो : प्रधान सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** नगर भवन सिमडेगा में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड, रांची के प्रधान सचिव श्री मस्तराम मीणा तथा जल जीवन मिशन के प्रबंध निदेशक श्री रमेश घोलप ,अभियंता प्रमुख,वाश विशेषज्ञ शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव, जल सहिया एवं जल समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजित संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त सिमडेगा ने विषय प्रवेश सह स्वागत संबोधन करते हुए जिले में जल जीवन मिशन की वर्तमान प्रगति से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले ने अब तक 92 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है और जल्द ही निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जल जीवन मिशन जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर सहभागिता जरूरी है। राज्य सरकार नीतियों को धरातल पर उतारने के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित है। उन्होंने कहा कि तकनीकी सत्रों के माध्यम से योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही यह भी स्वीकार किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में सबसे बड़ी चुनौती फीडबैक लेने की होती है, क्योंकि नीतियां बनाने के साथ-साथ उन्हें लागू करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और जल सईया की समस्याओं और सुझावों को जानना भी उतना ही जरूरी है।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभागीय पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए उपायुक्त ने कहा कि ऐसी पहल से सरकार और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे एक मजबूत सिस्टम तैयार होगा, जो सरकार के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा और सिमडेगा जिला जल्द ही शत-प्रतिशत जल जीवन मिशन लक्ष्य हासिल करेगा।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने कहा कि जल ही जीवन है, परंतु पानी तभी जीवनदायी है जब वह शुद्ध और सुरक्षित हो। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की है, ताकि हर घर तक नल से स्वच्छ जल पहुंचे और हर गांव स्वस्थ एवं स्वच्छ बन सके। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का मूल लक्ष्य प्रत्येक टोला और प्रत्येक घर तक सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है।प्रधान सचिव ने स्पष्ट किया कि योजना के तहत तैयार डीपीआर या एग्रीमेंट में दर्शाई गई संख्या केवल एक संकेतक होती है, अंतिम नहीं। वास्तविकता में यदि किसी प्रकरण में सुधार या संशोधन की आवश्यकता होगी, तो विभाग अनिवार्य रूप से उसे संशोधित करेगा। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि किसी भी टोला या घर को बिना जल कनेक्शन छोड़ा नहीं जाएगा। यही योजना की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने मुखिया, जनप्रतिनिधि, जल सहिया और ग्रामवासियों से अपील की कि वे इस तथ्य को भली-भांति समझें कि योजना की पूर्णता का अर्थ तभी है जब संबंधित टोला के प्रत्येक घर में कनेक्शन स्थापित हो जाए। केवल कागज पर दर्ज संख्या को योजना की सफलता नहीं माना जाएगा।प्रधान सचिव ने योजना की गुणवत्ता पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति की पाइपलाइन, टंकी एवं वितरण व्यवस्था उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए ताकि दीर्घकालिक रूप से हर घर तक शुद्ध जल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने बताया कि योजना पूर्ण होने के बाद इसका संचालन एवं रखरखाव केवल विभाग की जिम्मेदारी नहीं होगी। इसके लिए एक त्रिपक्षीय एग्रीमेंट किया जाएगा, जिसमें विभाग, कार्यान्वयन एजेंसी और ग्राम स्तर पर गठित जल एवं स्वच्छता समिति की संयुक्त जिम्मेदारी होगी। समिति के सक्रिय सहयोग और हस्ताक्षर से ही योजना का सफल संचालन संभव है।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं नप के अधिकारियों की हुई बैठक

## आपसी सहमति से लिए गए कई निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदधारी एवं नप के अधिकारियों, कर्मियों की बैठक नप सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता नप प्रशासक अरविंद तिर्की ने की। बैठक में सरकार के नियमानुसार व्यापारियो के द्वारा किए जाने वाले कार्यो की जानकारी दी गई। प्रशासक अरविंद तिर्की ने शहरी क्षेत्र के दुकानदारों के लिए आवश्यक ट्रेड लाईसेंस, विज्ञापन शुल्क, अतिक्रमण, सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग, साफ सफाई, मार्केट कम्पलेक्स के दुकानो का किराया, होल्डिंग टैक्स आदि के संबंध में विस्तार पुर्वक जानकारी दी। प्रशासक ने दुकानदारो से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नप भी व्यापारियों के सहयोग के लिए हमेशा तैयार है। बैठक में शहरी क्षेत्र के सभी दुकानदारों को अनिवार्य रुप से ट्रेड लाईसेंस लेने की अपील करते हुए प्रशासक ने चैम्बर के साथ मिलकर दुर्गापूजा के बाद लाईसेंस बनाने के लिए कैंप लगाने का निर्णय लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कैंप के बाद जांच अभियान चलाया जाएगा और अभियान के क्रम में ट्रेड लाईसेंस नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। इसके अलावे दुकानो में लगने वाले प्रचार सामग्री के लिए भी शुल्क जमा करने की अपील की गई। शहरी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त और साफ सुथरा रखने के लिए भी चैम्बर ऑफ कामर्स एवं नप की सहमति से कई निर्णय हुए। बैठक में नगर प्रबंधक अपर्ण इंदवार, आकाश डेविड सिंह, मोतीलाल अग्रवाल, डी अग्रवाल,शहजादा प्रिंस, मिथिलेश प्रसाद, मुकेश गोयल, पिंटू भारती सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ठेठईटांगर में आयोजित जनसंवाद में लोगों ने रखी अपनी समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**




**ठेठईटांगर।** प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में जिला प्रशासन के माध्यम से साप्ताहिक जनता दरबार और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव और विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू उपस्थित रहे।प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आमजनों के लिए प्रशासन तक सीधी पहुंच का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। कई लोग अपनी समस्याओं या योजनाओं से जुड़ी जानकारी के लिए प्रखंड कार्यालय नहीं पहुंच पाते, लेकिन इस शिविर में आकर वे सीधे आवेदन देकर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं और संवाद के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा कि झारखंड सरकार बेरोजगार युवाओं के लिए कई रोजगारपरक योजनाएं चला रही है। लोग बिना ब्याज के ऋण सुविधा का लाभ उठाकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों तक पहुंचना, उनकी समस्याओं को समझना और योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करना है।

### महाराजा अग्रसेन जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित

**सिमडेगा।** महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती समारोह 2025 के अवसर पर आनंद भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें 16 महिलाएँ शामिल थीं, वहीं 10 रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान कर समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के चिकित्सा प्रभारी डॉ. एंजेल टेटे को अग्रवाल महिला समिति की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला समिति, अग्रवाल युवा समिति के साथ ब्लड बैंक सदर अस्पताल सिमडेगा के प्रभारी एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## ऑपरेशन रेड हंट में तीन दशकों से फरार दो लाल वारंटी सहित सात गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी, जब ऑपरेशन रेड हंट के तहत सात फरार लाल वारंटियों को दबोच कर जेल भेजा गया। इनमें दो वारंटी ऐसे थे, जो तीन दशक से अधिक समय से फरार चल रहे थे।प्रेस वार्ता में एसपी एम. अर्शी ने जानकारी दी कि कोलेबिरा थाना कांड संख्या एसटी 135/1993 के तहत हत्या के आरोपी वाल्टर डुंगडुंग को 32 वर्षों बाद गिरफ्तार किया गया। इसी तरह, कोलेबिरा थाना क्षेत्र के ही कांड संख्या एसटी 120/1994 में डकैती का आरोपी धने भोक्ता 31 वर्षों से फरार था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। इसके अलावा, कोलेबिरा थाना कांड संख्या 01/2020 में दुष्कर्म का लाल वारंटी राहुल सिंह, केरसई थाना क्षेत्र का 18 वर्षों से फरार रोहित कुमार, महाबुआंग थाना क्षेत्र का 17 वर्षों से आर्म्स एक्ट का आरोपी समीर केरकेट्टा, सदर थाना क्षेत्र का 13 वर्षों से फरार हरि यादव और 19 वर्षों से फरार वंशीधर अग्रवाल को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।एसपी ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर सिमडेगा पुलिस लगातार अभियान चला रही है। अब तक ऑपरेशन रेड हंट के तहत कुल 37 लाल वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा 55 लाल वारंट का निष्पादन किया जा चुका है।

## कोलेबिरा में रिटायर्ड आर्मी मैन ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

- परिजनों के अनुसार, शराब न मिलने पर हो जाते थे चिड़चिड़े
- इसी मानसिक स्थिति के चलते आत्मघाती कदम की आशंका

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के पोगोलोया अंबाटोली गांव निवासी 45 वर्षीय रिटायर्ड आर्मी मैन विराजमान कंडुलना, पिता स्व. जोलेन कंडुलना ने सोमवार की शाम लचरागढ़ स्थित अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेले थे।परिजनों के अनुसार, मृतक शराब नहीं मिलने पर अक्सर चिड़चिड़े हो जाते थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया। जब परिजन घर लौटे तो उन्हें फंदे से लटका पाया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलने पर कोलेबिरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में थाना में यूडी कांड संख्या 20/2025 दर्ज की गई है।

## भाजपा जिला कार्यालय में दीनदयाल जयंती की तैयारी को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।बैठक में मुख्य रूप से युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने जानकारी दी कि 25 सितंबर को जिले के सभी बूथों पर दीनदयाल जी की जयंती मनाई जाएगी। इसके लिए सभी मंडल अध्यक्षों एवं कार्यक्रम के मंडल संयोजक–सहसंयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों पर शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया।बैठक में कार्यक्रम संयोजक दुर्गविजय सिंह, सहसंयोजक प्रणव कुमार, मार्गेट बा, सोनी पैकरा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, अनूप प्रसाद, राकेश रविकांत प्रधान, कृष्णा ठाकुर, घनश्याम सिंह, मुकेश मिश्रा, बालमुकुंद सिंह, नंदलाल साहू, मोतीलाल ओहदार, सूरजन प्रधान, दिलीप साहू, सिंटू गुप्ता, मुकेश कोटवार, सीताराम साहू, महावीर बड़ाईक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कृमि संक्रमण बच्चों की वृद्धि व मानसिक विकास को प्रभावित करता है : सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा एस.एस. प्लस टू स्कूल के सभागार में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2025 के अवसर पर जिलास्तरीय उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉ. सुंदर मोहन सामद, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य के लिए कृमि मुक्ति अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिले के सभी विद्यालयों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं आमजन से इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। सिविल सर्जन डॉ. सामद ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों की वृद्धि एवं मानसिक विकास को प्रभावित करता है, ऐसे में यह अभियान बच्चों को स्वस्थ और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में निर्धारित तिथि पर बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने संकल्प लिया कि इस अभियान को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।जिला जनसंम्पर्क पदाधिकारी ने कृमि मुक्ति अभियान में खिलाये जाने वाले अल्बेंडाजोल गोली की उपयोगिता एवं उसके लाभ,कृमि से प्रभावित होने वाले बच्चों के दुष्प्रभाव की जानकारी दी।

**स्वास्थ्य सुधार** स्वास्थ्यकर्मियों व सहिया का प्रशिक्षण, राष्ट्रीय कृमि दिवस व सारथी योजना की दी गई जानकारी

# कृमि दिवस पर दवा वितरण को लेकर दिया गया निर्देश

- कृमिनाशक दवा से बचाव संभव: बच्चों व किशोरों पर विशेष ध्यान
- स्वास्थ्यकर्मियों को दवा वितरण और जागरूकता अभियान का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्यकर्मियों और सहिया के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य संबंधी पहल को जमीनी स्तर तक पहुँचाना था। प्रशिक्षण में बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि दिवस पर बच्चों और किशोरों को कृमिनाशक दवा का सेवन कराना आवश्यक है, ताकि वे कृमि जनित रोगों से सुरक्षित रह सकें। स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे गाँव-घर जाकर लोगों को इसके महत्व से अवगत कराएँ और दवा वितरण सुनिश्चित करें।इसके साथ ही अंतरा कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई, जिसमें परिवार नियोजन, महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुधार पर चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने कहा कि जागरूकता से न केवल महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि परिवार नियोजन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सारथी योजना पर विशेष जोर रहा। इस अवसर पर नीलम देवी ने कहा कि सरकारी योजनाएँ तभी सफल होंगी जब लोग जागरूक होकर सक्रिय भागीदारी करेंगे। प्रशिक्षण में डॉ. मनोरंजन कुमार, आनंद प्रकाश जड़िया, जेवियर लुगुन और मंजीत साह मौजूद थे।

## बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम आयोजित

**बानो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बच्चों को कृमि नाशक दवाई खिला कर की। उन्होंने बताया कि यह सरकार का तीन दिवसीय अभियान है, जिसके तहत बच्चों और किशोरों को दवा दी जाएगी ताकि उन्हें कृमि जनित रोगों से बचाया जा सके।डॉ. कुमार ने कहा कि ऐसे रोगों से बचाव के लिए स्वच्छ एवं गरम भोजन तथा शुद्ध पानी का सेवन करना आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड के सभी स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दवाई वितरित की गई।इस अवसर पर नागेंद्र प्रसाद, पूर्णिमा प्रधान, हिमांशु कुमार, दुति उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पेयजल स्वच्छता विभाग के संवाद कार्यक्रम पर मुखिया संघ ने जताई नाराजगी

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर भवन में आयोजित पेजर एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत संवाद कार्यक्रम को लेकर सिमडेगा मुखिया संघ ने नाराजगी व्यक्त की है ।संघ के सभी मुखियाओं ने एक स्वर में कहा कि प्रशासन द्वारा हमें संवाद कार्यक्रम और अपनी समस्याओं को रखने के लिए बुलाया गया था लेकिन प्रधान सचिव द्वारा अपनी बातों को रखा और मुखिया संघ द्वारा किसी प्रकार की अपनी समस्या को नहीं रख पाया जो कुल मिलाकर विभाग की ओर से सिर्फ खानापूर्ति की गई है जिसका मुखिया संघ विरोध करती है ।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से किसी तरह की जनता को लाभ नहीं मिलेगी भविष्य में कभी भी अगर संवाद हो तो पंचायत के जनप्रतिनिधियों की बातों को सुना जाए उनकी परेशानियों को सुना जाए ताकि जमीनी स्तर पर कार्य सही हो सके।

### बानो में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 28 सितंबर से

**बानो।** प्रखंड के कोनसोदे पंचायत अंतर्गत ठरकी टांड़ मैदान में प्रेरणा क्लब केतुंगा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। खेल का शुभारंभ 28 सितंबर और समापन 2 अक्टूबर को होगा। प्रतियोगिता में बालक वर्ग की 20, बालिका वर्ग की 8 और स्कूली बालक वर्ग की 12 टीम हिस्सा लेंगी।बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार व शिल्ड तथा द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपये व शिल्ड रखा गया है। बालिका व स्कूली वर्ग में प्रथम पुरस्कार बड़ा खस्सी और द्वितीय पुरस्कार छोटा खस्सी है। अर्जुन समिति द्वारा बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट स्कोरर व मैन ऑफ द सीरीज को भी सम्मानित किया जाएगा। टीमों को 25 सितंबर तक नामांकन करना अनिवार्य है।

### लचरागढ़ और कोलेबिरा में विश्वकर्मा पूजा की तैयारी पूरी, पूजा आज

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ और कोलेबिरा क्षेत्र में बुधवार को होने वाली विश्वकर्मा पूजा की जोरदार तैयारी की जा रही है। बानो रेलवे स्टेशन, आईडब्ल्यू सहित विभिन्न विभागों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके लिए आकर्षक पंडालों का निर्माण और विद्युत सज्जा की गई है।लचरागढ़ के बाला जी स्टील और शंकर वेल्डिंग में भी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा की तैयारी हो रही है। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों और प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की जा रही है।पूरे इलाके में भक्तिमय माहौल है और श्रद्धालु उत्साह के साथ पूजा का इंतजार कर रहे हैं।

### जनता उवि में करियर गाइडेंस कार्यक्रम

**बानो।** प्रखंड के जनता उच्च विद्यालय जीतुटोली में नवम और दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला उपयुक्त कार्यालय से आईं रिम्पा दास, हेलेना सोरेंग और नील कुसुम कुजूर ने किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर अजीत केरकेट्टा ने अतिथियों का स्वागत कर कहा कि समय पर मिला मार्गदर्शन विद्यार्थियों को सही दिशा देता है।मुख्य वक्ताओं ने विज्ञान, वाणिज्य, कला, तकनीकी और व्यावसायिक कोर्स सहित आईटी, इंजीनियरिंग, बैंकिंग, स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में करियर अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने विषय चयन, कॉलेज में दाखिला और कौशल आधारित प्रशिक्षण से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों ने किया।कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक आशीष कुमार साहू ने किया। अंत में विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास और भविष्य की स्पष्टता लाने में मददगार सिद्ध होंगे।

### मनरेगा योजना से पीसीसी और पुलिया निर्माण का कार्य फिर से शुरू करने की मांग

**सिमडेगा।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया ने ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह को ज्ञापन सौंपकर मनरेगा योजना के तहत पूर्व में किए जाने वाले पीसीसी कार्यों और पुलिया निर्माण कार्यों को पुनः लागू करने की मांग की।विधायक गुड़िया ने बताया कि पहले ये कार्य नियमित रूप से होते थे, लेकिन अब बंद या अनियमित हो गए हैं। भारी बारिश और मौसमीय कारणों से कई पुल टूट चुके हैं, जिससे दर्जनों गांव प्रखंड और जिला मुख्यालय से कट गए हैं। आपात स्थिति में पहुंचना भी कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि सड़क और पुलों की स्थिति जीवन-यापन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवागमन पर गहरा असर डालती है।मंत्री ने आश्वासन दिया कि कार्य जल्द प्रारंभ किए जाएंगे।मौके पर झामुमो सिमडेगा सचिव सफिक खान, जीप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, आलोक बारला, लोरेन्स बागे, लुथर भुइंया, तुरतन गुड़िया, कामिल डांग सहित झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विस्फोटक लदा ट्रक घाटी में फंसा लगा लंबा जाम, मशक्कत के बाद शुरू हुआ यातायात



**सिमडेगा।** सिमडेगा रांची मुख्य मार्ग एनएच-143 पर सोमवार रात कोलेबिरा घाटी के सरईपानी के पास एक विस्फोटक लदी मालवाहक ट्रक सड़क के बीचोबीच फंस गई। लगातार बारिश के कारण ट्रक को हटाने में दिक्कत हुई और देर रात से सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मंगलवार सुबह तक जाम बढ़ते-बढ़ते लगभग 30 किलोमीटर लंबा हो गया, जिससे यात्री और मालवाहक वाहन घंटों तक फंसे रहे। कई वाहन सिमडेगा प्रिंस चौक से रास्ता बदलकर रांची की ओर जाते हुए नजर आए जहां पर भी जाम की स्थिति देखी स्थिति को देखते हुए सिमडेगा पुलिस-प्रशासन ने ओडिशा से हाइड्रा और क्रेन मंगवाकर राहत कार्य शुरू किया। विस्फोटक सामग्री को धीरे-धीरे सुरक्षित उतारकर ट्रक को सड़क से हटाया गया। इसके बाद जाम में फंसी सैकड़ों गाड़ियों को नियंत्रित तरीके से निकाला गया। इस दौरान पेयजल विभाग के प्रधान सचिव को भी रास्ता बदलकर जलडेगा होकर उसे सिमडेगा के आयोजित कार्यक्रम में लाया गयाकाफी मशक्कत और घंटों की मेहनत के बाद मंगलवार दोपहर तक जाम पूरी तरह से हटा दिया गया और एनएच-143 पर यातायात सुचारू रूप से शुरू हो गया। बताया गया करीब 20 घंटे तक नेशनल हाईवे पूरी तरह से जाम है जिससे कि लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना।

### राशन नहीं मिलने पर कार्डधारियों में आक्रोश, मुखिया को सौंपा आवेदन



**कोलेबिरा।** प्रखंड के कोलेबिरा पंचायत में लगातार तीन माह से राशन नहीं मिलने को लेकर कार्डधारियों में आक्रोश देखा गया। इसको लेकर कोलेबिरा इमामबाड़ा के पास कार्डधारियों की बैठक हुई, जिसमें पंचायत की मुखिया अंजना लकड़ा को भी बुलाया गया। कार्डधारियों ने मुखिया को बताया कि पूर्व में उन्हें महिला समूह के माध्यम से राशन मिलता था, लेकिन कुछ माह पूर्व नाम बदलकर दूसरे डीलर के पास जोड़ दिया गया। इसके बाद से उन्हें नियमित रूप से राशन नहीं मिल रहा है।ग्रामीणों ने कहा कि तीन माह से राशन न मिलने के कारण उनके परिवार में भोजन की समस्या उत्पन्न हो गई है। मुखिया अंजना लकड़ा ने आश्वासन दिया कि यह उनकी भी समस्या है और वह व्यक्तिगत रूप से आपूर्ति पदाधिकारी से मिलकर समाधान का प्रयास करेंगी।कार्डधारियों ने बताया कि डीलरों से संपर्क करने पर उन्होंने तकनीकी समस्या का हवाला दिया। इस पर अंचल अधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी कोलेबिरा अनूप कच्छप से संपर्क किया गया। उन्होंने भी माना कि तकनीकी दिक्कत की वजह से डीलरों को राशन नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही आपूर्ति बहाल होगी, कार्डधारियों को सभी माह का बकाया राशन उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशासन की कोशिश है कि समस्या का जल्द समाधान हो।

### लगातार बारिश से बढ़ा तिलैया डैम का जलस्तर

# खोले गए 4 फाटक, ग्रामीणों को किया गया अलर्ट

नवीन मेल संवाददाता



**कोडरमा।** लगातार हो रही बारिश के बाद तिलैया डैम का जलस्तर बढ़ गया है और डैम की सुरक्षा के मद्देनजर 4 फाटक खोल कर डैम के पानी को डिस्चार्ज किया जा रहा है. डीवीसी प्रबंधन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात साढ़े 9 बजे डैम के 4 गेट खोले गए हैं और प्रति सेकेंड 500 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है. डैम के फाटक खोले जाने से पहले विगत सोमवार की शाम आसपास के गांव में माइकिंग के जरिये लोगों को एलर्ट कर दिया गया था, साथ ही कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, जामताड़ा और धनबाद जिला प्रशासन को भी अलर्ट भेजा गया है. ‍िवीसी प्रबंधन ने लोगों को डैम और नदी से दूर रहने की सलाह दी है, ताकि किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न घटे. जिला प्रशासन और डीवीसी के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और हर घटनाक्रम पर नजर रखे हुए हैं. फिलहाल तिलैया डैम का जलस्तर 1213.30 फीट है जबकि डैम का डेंजर वाटर लेवल 1218.06 फीट है, लेकिन डैम पर ज्यादा दबाव और मौसम विभाग के पूर्वानुमान से एहतियात के तौर पर डैम के फाटक खोलकर पानी डिस्चार्ज करने का निर्णय केंद्रीय जल आयोग और मैथन डैम प्रबंधन के निर्देश पर लिया गया है. सैयद महताब कादरी हेडल इंचार्ज, तिलैया डैम ने बताया कि तिलैया डैम का जलस्तर खतरे के निशान पर था, इसलिए केंद्रीय जल आयोग और मैथन डैम प्रबंधन के निर्देश पर डैम के चार फाटक खोले गए हैं।

### चनचनी कॉलोनी में महिला से चेन छिनतई का प्रयास

**धनबाद।** धैया चनचनी कॉलोनी स्थित खटाल रोड में महिला से उचक्कों ने चेन छिनतई का प्रयास किया। महिला ने बहादुरी दिखाई तो बदमाशों को उल्टे पांव भागना पड़ा। मामले की शिकायत धनबाद थाना में की गई है। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार चनचनी कॉलोनी खटाल रोड श्याम टावर में रहने वाली सुमी मल्लिक सोमवार की शाम सात बजे प्रभातम मॉल से खरीदारी कर वापस अपने फ्लैट लौट रही थीं। इसी बीच बाइक पर सवार होकर उनके पीछे आए दो उचक्कों ने उनके गले से चेन झपटने की कोशिश की, लेकिन सुमी संभल गईं। उन्होंने विरोध किया तो उचक्कों ने उनके साथ धक्का-मुक्की भी की। जब उन्होंने शोर मचाया तो दोनों अपराधी भाग गए। सुमी ने बताया कि घटना स्थल पर अंधेरा होने के कारण आए दिन यहां घटनाएं हो रही हैं।

### विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन

# ओजोन परत क्षीण होने से हो रहा स्कीन कैंसर

नवीन मेल संवाददाता




**बरही ।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय रामपुर चौपारण में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य मनोज कुमार यादव व वक्ता विज्ञान शिक्षक लालमोहन कुमार व दयानंद ठाकुर शामिल हुए. प्रधानाध्यापक ने ओजोन परत की मुख्य बातों से बच्चो को अवगत कराया. शिक्षक श्री ठाकुर ने बताया कि ओजोन अंटार्कटिका के ऊपरी परत पर एक छतरी के समान है. जो पराबैंगनी किरणों से हम सबों को बचाता है. ग्लोबल वार्मिंग के समय अत्यधिक सीएफसी के उत्सर्जन से ओजोन लेयर की मोटाई कम होती चली जा रही है. इसके संरक्षण के लिए 16 सितंबर 1987 से विश्व ओजोन संरक्षण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है. वर्ष 2025 विश्व ओजोन दिवस का मुख्य थीम "विज्ञान से वैश्विक कार्यवाही तक" रखा गया है. विज्ञान शिक्षक ने बताया कि सीएफसी सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, मिथेन आदि गैसों के अत्यधिक उत्सर्जन से वातावरण का तापमान बढ़ता है. जिससे ओजोन परत क्षीण हो रहे है. जिससे स्किन कैंसर, समय से पहले चेहरे पर झुर्रियों का आना, आंखों में मोतियाबिंद का आना, प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर होना जैसे कई गंभीर समस्याओं से जनमानस ग्रसित हो जाता है. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ओजोन दिवस पर पेंटिंग आर्ट क्राफ्टिंग भी बनाने का काम किया.

### सर्प दंश से महिला घायल, प्राथमिक उपचार के बाद रेफर

**बरही ।** पुरहरा निवासी पिंकी कुमारी (26 वर्ष) पति सिकंदर यादव सर्प दंश से घायल हो गई. जिन्हे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार महिला खेत में काम कर रही थी. इसी क्रम में अज्ञात सर्प ने डंस लिया. जिन्हे स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया.

### हाटगम्हरिया में भीषण सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, करीब दर्जनभर लोग घायल

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी, वहीं करीब दर्जनभर इस हादसे में जख्मी हुए हैं. कुईड़ा गांव के समीप जंगल में ट्रेलर और सवारी वाहन कमांडर जीप के बीच जोरदार टक्कर हुई. जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. हाटगम्हरिया मुख्य चौक में लगने वाले विगत सोमवार बाजार से सवारियों को लेकर कमांडर जीप माईंस करांजिया के चिनिबाई की ओर जा रही थी. इस जीप में नीचे बैठे यात्रियों के अलावा करीब आठ लोग छत पर भी बैठे थे. इसी दौरान कुईड़ा गांव के समीप सामने से आ रही ट्रेलर गाड़ी से आमने-सामने टक्कर हो गई.

### पहली बार जामताड़ा में हुआ ब्लाइंड-फोल्ड रन फॉर विज़न

# मेगा महिला जांच शिविर में कुल 650 मरीजों की हुई जांच

नवीन मेल संवाददाता

- **इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना, वृद्ध और बच्चों की दृष्टि सुरक्षा और लोगों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था**



**जामताड़ा।** मंगलवार को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री, श्री इरफ़ान अंसारी, ने आज जामताड़ा में 'मेगा महिला स्वास्थ्य और दृष्टि सुरक्षा अभियान' और 'रन फॉर विजन' सहित तीन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियानों का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन वूमेन डॉक्टर विंग (IMA झारखंड), जामताड़ा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। सुबह 7:30 बजे रन फॉर विज़न का आयोजन गाँधी मैदान, जामताड़ा में मेगा महिला स्वास्थ्य अभियान और दृष्टि सुरक्षा अभियान का आयोजन जे.बी.सी. 10+2 विद्यालय, जामताड़ा में किया गया था। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना, वृद्ध और बच्चों की दृष्टि सुरक्षा और लोगों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर सारठ के विधायक, उपायुक्त, उप-विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन, वूमेन डॉक्टर विंग (आईएमए झारखंड) की अध्यक्षा डॉ. भारती कश्यप सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ज्ञात हो कि वूमेन डॉक्टर विंग पिछले 12 वर्षों से झारखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य अभियान चला रही है। इसका उद्देश्य 'पर्टिकुलरली वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप्स' (PVTG) और अन्य वंचित समुदायों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।

मुख्य आकर्षण : स्वास्थ्य शिविर: जे.बी.सी. 10+2 विद्यालय, जामताड़ा में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं, बच्चों और वृद्धों ने हिस्सा लिया। शिविर में जननांग सूजन से पीड़ित महिलाओं का उपचार किया गया और आयरन, फोलिक एसिड तथा कैल्शियम की गोलियां मुफ्त वितरित की गईं।

**विशेष जनजातीय समूह की स्क्रीनिंग:** विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTG) के लिए मलेरिया, तपेदिक और एनीमिया की जांच के लिए भी विशेष शिविर लगाए गए।

**नेत्र रोग उपचार:** शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए बच्चों और वयस्कों को एनएबीएच से मान्यता प्राप्त कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, रांची में आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी।

**'रन फॉर विजन' का आयोजन:** नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'रन फॉर विजन' का भी सफल आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, और इस पहल को लोगों से व्यापक समर्थन मिला। इस अवसर पर, सिविल सर्जन, जामताड़ा ने बताया, "आज का यह शिविर ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।" इस कार्यक्रम में मरीजों के लिए मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध थी, जिससे उन्हें भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री, इरफ़ान अंसारी ने बताया की मुझे यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि वूमेन डॉक्टर विंग (आईएमए झारखंड), जामताड़ा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से यह विशाल स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता अभियान संभव हो पाया है।

# छोटा सकारात्मक विचार भी जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है : चौहान



**गिरीडीह।** मंगलवार को सर जे सी बोस प्लस टू सीएम एक्सीलेंस स्कूल गिरीडीह में 529 वां व सीएम एक्सीलेंस प्लस टू स्कूल पचम्बा में 530 वां खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास का संचालन प्रकाश मिश्रा ने किया।सर जे सी बोस स्कूल में अध्यक्षता प्रिंसिपल मुन्ना प्रसाद कुशवाहा व पचम्बा में प्रिंसिपल केशव कुमार ने किया। खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि सकारात्मकता की शक्ति जिंदगी बदल देती है। एक छोटा सा सकारात्मक सोच भी जिंदगी में बड़ा बदलाव ले आता है। जिंदगी में कभी भी सकारात्मकता का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। चौहान ने छात्रों से कहा, परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें। सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रकाश मिश्रा ने कहा कि तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते। इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए।

झारखण्ड सरकार
कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
जिले के प्रवासी मजदूरों के लिए आवश्यक सूचना

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 796/दिनांक 19.05.2025 के द्वारा राज्य के Migrant Workers (प्रवासी मजदूरों) को पलायन से रोकने एवं रोजगार से जोड़ने हेतु मत्स्य पालन से संबंधित कार्यो से जोड़ने का निदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में Cluster Approach को अपनाने हुए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में लाभुकों का चयन जिला के Migrant Workers (प्रवासी मजदूरों) को प्राथमिकता दिया जाय। उक्त के आलोक में लोहरदगा जिला के वैसे Migrant Workers (प्रवासी मजदूरों) जो मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजना से लाभ प्राप्त करना चाहते है, उनसे दिनांक 11.10.2025 तक कार्यालय में आकर संपर्क स्थापित कर योजना का आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते है तथा विभाग के स्तर से मत्स्य पालकों/मत्स्य बीज उत्पादकों को दी जा रही प्रशिक्षण भी प्राप्त कर लाभ उठा सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 362172 Lohardaga(25-26)D

### स्कूल में बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल कृमि नाशक दवा



नवीन मेल मेल संवाददाता

**रामगढ़।** 16 सितम्बर 2025 को राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बच्चों के बीच एल्बेंडाजोल कृमि नाशक दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई तथा कृमि नाशक दवा के सेवन के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य डॉक्टर सुजीत कुमार मोहंती ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को सुधारने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

### जंगली हाथी के हमले में अधेड़ की मौत विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने जताया शोक

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के घुटबहार पंचायत में सोमवार देर रात जंगली हाथी के हमले में अधेड़ नमन जोजो की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर मंगलवार को कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी सदर अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान वन विभाग की ओर से पीड़ित परिवार को तत्काल 10 हजार रुपये नगद राहत दी गई, वहीं विधायक ने अपने स्तर से कॉफिन बॉक्स उपलब्ध कराया। उन्होंने वन विभाग को शीघ्र 3 लाख 90 हजार रुपये मुआवजा उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।अस्पताल परिसर में विधायक कोंनगाड़ी ने वन विभाग की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ठेठईटांगर, बांसजोर, बोलबा सहित कई प्रखंडों में हाथियों का आतंक महीनों से जारी है, लेकिन विभाग प्रभावी कदम नहीं उठा रहा। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों को हाथी भगाने की सामग्री उपलब्ध कराने और बचाव संबंधी प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।मृतक के दामाद शीतल ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यदि विभाग समय पर सतर्क रहता तो यह घटना नहीं होती। कांग्रेस नेताओं ने भी अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की और ग्रामीणों को जुट बोरा, मोबिल व तेल जैसी सामग्री वितरित की।मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, प्रदेश सचिव जमीर खान, पंचायत अध्यक्ष सुनील जोजो, जिला उपाध्यक्ष जमीर हसन, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वाहिद, सुकवन जोजो, सीपीरयन कंडुलना, बीरबल बड़ाइक, झामुमो नेता मो. शाहिद, रॉयन बागे, एडवर्ड लुगुन, वन विभाग पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।
अति अल्पकालिन निविदा सूचना –19/2025–26

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 25.9.2025 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.9.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 26.9.2025 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान :1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Special repair of damaged drain system situated in the campus of B- Block for quarter numbers B-13, B-14, B-15, B-16, B-17 & B-18, Behind indira place, Hinoo, Ranchi Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | ₹ 8,19,425.00 | 16400.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 2. | Seepage repair and Renovation , improvement of water supply and sewarage work with changing of all fittings at Quarter no. CD-OHC-673-II , B-2193-II,B-1923-II,B-2172,CD-147 & others Vidhansabha quarters dhurwa Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | ₹ 14,21,316.00 | 28500.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 3. | Construction of 10Nos. Toilets With Septic Tank & Soak Pit and water supply arrangement at Premises Area of Jharkhand Jaguar (STF) ,Near First Aid center, Government of Jharkhand Ranchi Under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | ₹ 18,93,682.00 | 37900.00 | 5000.00 | 30 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR 362166 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व रॉची।

### वर्षा से बर्बादी — लगातार बारिश होने से किसानों की लहलहाती फसल हुई बर्बाद

# सब्जी महंगी होने से लोग खरीदने से कतराने लगे, किसानों की आमदनी हुई कम

नवीन मेल संवाददाता



**देवघर।** इन दिनों देवघर में लगातार हो रही बारिश ने आमजनों का जीना दूभर कर दिया है, वहीं सबसे बड़ा संकट किसानों पर आया है. भारी बारिश की वजह से खेतों में खड़ी फसल पानी से गलने लगे हैं और किसान औने-पौने दामों पर अपनी उपज बाजार में बेचने को मजबूर हैं. सब्जी उत्पादन के लिए विख्यात सारवां प्रखंड के किसान बताते हैं कि बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है. यहां से हर साल बांका, जमुई, चकाई, जमुआ, देवघर और मधुपुर जैसे बड़े बाजारों में सब्जी की आपूर्ति होती है लेकिन इस बार खेतों में जलभराव और लगातार वर्षा से सब्जियों की भारी बर्बादी हुई है. बदली वंश, किसान, सारवां ने कहा कि मेरे पूरे परिवार की रोजी-रोटी सब्जी की खेती से चलती है लेकिन इस बार खेत में ही फसल खराब होने से भारी नुकसान हुआ है। इधर, सब्जियों की कमी और बढ़ती मांग के कारण बाजार में दाम बेकाबू हो गए हैं. देवघर निवासी सुनील झा बताते हैं कि अभी लगभग हर सब्जी पचास रुपए प्रति किलो से कम नहीं मिल रही है. सब्जी के दामों में हुई बढ़ोत्तरी से लोग लेने में कतराने लगे हैं जिससे किसानों की आमदनी में कमी आई है। भिंडी और परवल पचास रुपये प्रति किलो है तो वहीं करेला, शिमला मिर्च, खीरा और झींगली जैसी हरी सब्जियां सौ रुपये किलो तक पहुंच चुकी हैं. महंगाई ने आम उपभोक्ता की जेब पर गहरा असर डाला है. हंसराज कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि बारिश के समय पौधे भी मनुष्यों की तरह बीमार पड़ते हैं. जलभराव से जड़ें गलने लगती हैं और विकास रूक जाता है. किसानों को सलाह दी गई है कि रोपाई से पहले बीजों का वैज्ञानिक प्रबंधन करें और खेतों की उचित सफाई बनाए रखें, ताकि पौधों में मजबूती बनी रहे और अधिक बारिश का दुष्प्रभाव कम पड़े। देवघर में लगातार बारिश से उपजी इस स्थिति ने किसानों और उपभोक्ता दोनों को संकट में डाल दिया है. एक ओर किसान बर्बादी से मायूस हैं तो वहीं बाजार में सब्जियों के दाम आसमान छूते जा रहे हैं. किसान अनिल वर्मा ने प्रशासन और राज्य सरकार से गुहार लगाई है कि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए.

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION GUMLA

Very Short Notice Inviting E-Quotation (3rd Call)
Reference No.-05BCD/GUMLA/2025-26

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Modular O.T. at Sadar Ho spital Gumla in Gumla district. | 74,28,800.00 | 3 माह |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.09.2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 26.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 27.09.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Gumla | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8709489994 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9990708350 | |

- E-Quotations are invited from Manufacturers, Vendors, BCD Contractors etc. having similar nature of work experience for the item included in this quotation.
- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.inij किया जा सकता है।

*Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.*

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Gumla

PR 362177 Building(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं सब रोगों को स्वास्थ्य नियमों के मेरे उल्लंघन का परिणाम मानूँगा और इस दोष को मैं उचित आहार, कम आहार, उपवास, अधिक व्यायाम, एवं उचित विचारों के द्वारा दूर करने का प्रयत्न करूँगा। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# वक्फ संशोधन कानून व कोर्ट

सर्वोच्च न्यायालय ने बहुप्रतीक्षित फैसले में वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया है, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने साफ किया कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं है, लेकिन कुछ प्रावधानों पर अंतरिम सुरक्षा दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि तो यह शक्तियों के पृथक्करण सिद्धांत के खिलाफ होगा। इसके अतिरिक्त, वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को नामांकित करने वाले प्रावधान पर रोक नहीं लगाने के बावजूद शीर्ष अदालत ने कुछ नियम दिए हैं। उनके मुताबिक, केंद्रीय वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या चार और राज्यों के वक्फ बोर्ड में तीन से अधिक नहीं हो सकेगी।

वक्फ संपत्तियों का सही प्रबंधन और उपयोग लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है और वक्फ में सुधार की मांग मुस्लिम समुदाय के भीतर से भी उठती रही है। इस संदर्भ में, केंद्र सरकार ने आठ अप्रैल, 2025 को वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को लागू करने का फैसला किया था और शीर्ष अदालत ने इस मामले में दाखिल पांच याचिकाओं पर 22 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब अदालत ने जिस सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान पर अंतरिम रोक लगाई है, वह था वक्फ का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम पांच वर्ष इस्लाम का पालन करने अनिवार्यता। शीर्ष अदालत ने यह कहा है कि जब तक राज्य सरकारें इस शर्त के अनुपालन के लिए नियम नहीं बनातीं, तब तक यह प्रावधान लागू नहीं होगा। इसके अतिरिक्त अदालत ने उन प्रावधानों पर भी रोक लगाई है, जो कलेक्टर या सरकारी अधिकारी को यह तय करने की शक्ति देते थे कि कोई वक्फ संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश का यह कहना है कि कलेक्टर कार्यपालिका का अंग होता है, जिस कारण अगर उसे यह शक्ति दी गई,

> *वक्फ संपत्तियों का सही प्रबंधन और उपयोग लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है और वक्फ में सुधार की मांग मुस्लिम समुदाय के भीतर से भी उठती रही है।*

इसके अतिरिक्त अदालत ने मंशा जाहिर की है कि जहां तक मुमकिन हो, बोर्डों के पदेन सदस्य मुस्लिम हों, हालांकि इसकी जिम्मेदारी सरकार पर ही छोड़ दी गई है। अदालत का मानना है कि संसद द्वारा पारित कानून को दुर्लभतम मामलों में ही बदला जा सकता है।अब आशा की जानी चाहिए कि लोकसभा और राज्यसभा में करीब 14 घंटे की बहस और संयुक्त संसदीय समिति में छह महीने तक चली चर्चा के बाद अब शीर्ष अदालत के परीक्षण से वक्फ संशोधन कानून सभी दृष्टि से त्रुटिविहीन होगा। ऐसे मसलों को राजनीतिक हितों की दृष्टि से देखने के बजाय व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने पर ही सही दिशा में बढ़ा जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर नेताओं की प्रतिक्रिया को छोड़ दिया जाए तो आम तौर पर विभिन्न वर्गों ने इसे सराहा कि कुछ प्रावधानों पर रोक लगाकर कोर्ट ने सही किया। इसे एक बड़े परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिए कि समाज में समन्वय भी हो और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन भी। इसमें नेताओं के अपने स्वार्थ हैं पर उनमें से भी अधिकांश ने फैसले को उचित ठहराया है।

# पीएम ने भविष्य के अनुरूप शासन के लिए 'कर्मचारी' से 'कर्मयोगी' तक का खाका तैयार

देश लोक प्रशासन में सुधार के अभूतपूर्व प्रयास कर रहा है। अब न केवल अधिकारियों के प्रशिक्षण के तरीके बदल रहे हैं, बल्कि उनकी सेवा के मायनों में भी बदलाव आ रहा है। मिशन कर्मयोगी-लोक सेवा क्षमता निर्माण का राष्ट्रीय कार्यक्रम है और इस बदलाव में इंजन की भूमिका निभा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच झलकती है। 25 वर्षों से अधिक समय तक सरकार चलाने और पांच दशकों से अधिक सार्वजनिक जीवन का अनुभव रखने वाले श्री मोदी, व्यवस्थाओं के प्रति एक संचालक जैसी समझ, जड़ आदतों के प्रति एक सुधारक जैसी अधीरता, और ध्रुव तारे की तरह स्पष्ट —नागरिक-प्रथम, विकसित भारत के उद्देश्य को सामने रखते हैं। मिशन कर्मयोगी की खासियत यह है कि यह केवल दिखावे भर के लिये मानव संसाधन सुधार नहीं है। यह देश की लोक सेवाओं की मूल्य-आधारित परिवर्तनकारी पुनर्रचना है और इसका मुख्य ध्यान प्रदर्शन पर है। यह कार्यक्रम तीन निर्णायक बदलावों को संहिताबद्ध करता है: पहला बदलाव सरकारी अधिकारियों की मानसिकता में बदलाव है, यानी स्वयं को कर्मचारी मानने से लेकर कर्मयोगी मानने तक का सफर है। दूसरा बदलाव कार्यस्थल में बदलाव है, इसमें प्रदर्शन के लिए व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी सौंपने से लेकर प्रणालीगत प्रदर्शन बाधाओं का निदान और उन्हें दूर करने तक का बदलाव शामिल है। तीसरा बदलाव सार्वजनिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली और उससे जुड़ी क्षमता निर्माण प्रणाली को नियम-आधारित से भूमिका-आधारित बनाना है। यह संरचना स्पष्ट रूप से मोदी के इक्कीसवीं सदी के शासन की मांगों के दूरदर्शी ढांचे से उभर कर सामने आयी है। यह जीवंत नेतृत्व का परिणाम है। मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में, मोदी ने एक समग्र सरकारी संस्कृति को बढ़ावा दिया—अलग-अलग क्षेत्रों में अलगाव को खत्म किया, मंत्रियों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बहस पर बल दिया, और फाइलों को आगे बढ़ाने की बजाय सिस्टम समाधानों को प्राथमिकता दी। यह भावना महामारी के दौरान दिखाई दी, जब सरकार, उद्योग, नागरिक समाज और नागरिक स्वयंसेवकों के सभी स्तरों पर "टीम इंडिया" एक साझेदारी मॉडल के रूप में आगे बढ़ी। यही सहयोगात्मक शक्ति अब जीईएम और गतिशक्ति जैसे सुधारों को संस्थागत रूप दे रही है। उन्होंने नेतृत्व की आदतों को संरचनाओं में भी ढाला। जो चिंतन शिविर—आवासीय, पदानुक्रम-समतल विचार-मंथन सत्र—गुजरात में शुरू किए गए थे वे अब केंद्र सरकार की कार्यपुस्तिका का हिस्सा हैं। निरंतर सीखने पर उनका बल व्यक्तिगत है। अपने ज्ञान और कौशल का निरंतर विस्तार करने के अलावा, वे यह भी जांचने के लिए जाने जाते हैं कि क्या प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी आईजीओटी डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करते हैं। संस्थागत स्मृति के साथ उनके व्यवहार में बहुत समावेशीता है। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद, उन्होंने मंत्रियों से दशकों तक एक तरह से व्यवस्था से भली-भांति परिचित अपने सहायकों और अनुभाग अधिकारियों से सीखने का आग्रह किया। व्यवहार में संस्कृति परिवर्तन ऐसा ही दिखाई देता है। जमीनी स्तर पर, सुधार की रीढ़ उद्देश्यपूर्ण तकनीक है। आईजीओटी -कर्मयोगी प्लेटफ़ॉर्म एक व्यापक, कभी भी और कहीं भी सीखने का ईको सिस्टम है। इसमें 3,000 से ज़्यादा स्व-प्रगति पाठ्यक्रम हैं जो सभी के लिए सुलभ हैं और सीखने को लोकतंत्रात्मक बनाते हैं। यह सीखने को मानव संसाधन कार्यों जैसे योग्यता मानचित्रण, करियर नियोजन और मार्गदर्शन से जोड़ता है—देश को प्रदर्शन पुलिसिंग से सक्षम क्षमता की ओर ले जाता है। यह पहले से ही बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदान कर रहा है। लाखों अधिकारियों को नए कानूनी ढांचों के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया है; देश भर में लाखों पुलिस, डॉक्टर और अन्य कर्मचारी नागरिक संपर्क को मजबूत कर रहे हैं और सेवाभाव कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं; और बड़ी संख्या में लोग एआई और आईओटी जैसी उभरती तकनीकों में प्रमाणपत्र प्राप्त कर रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री की "तकनीक-अनुकूल" प्राथमिकता संस्थागत ताकत में परिवर्तित हो चुकी है। दार्शनिक सार भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मिशन कर्मयोगी प्राचीन सभ्यतागत ज्ञान को आधुनिक शासन-कला के साथ जोड़ता है—विकास, गर्व, कर्तव्य और एकता जैसे संकल्पों के साथ-साथ स्वाध्याय, सहकार्यता, राजकर्म और स्वधर्म (नागरिकों पर ध्यान) जैसे व्यक्तिगत गुणों को भी समाहित करता है। यह कोई पुरानी यादें नहीं हैं; यह उच्च तकनीक युग के लिए एक व्यावहारिक नैतिकता है, जो यह सुनिश्चित करती है कि योग्यता चरित्र में समाहित हो। नागरिक-केंद्रितता—जनभागीदारी—दूसरा स्तंभ है। प्रधानमंत्री मोदी बार-बार इस बात पर ज़ोर देते रहे हैं कि प्रत्येक सार्वजनिक निर्णय के केंद्र में नागरिक होने चाहिए। यही उनका शासन मंत्र है। व्यवहार में नागरिक सहभागिता दोतरफा समझौता बन जाती है। नीति और क्रियान्वयन में लोगों की भागीदारी होती है और अधिकारी अंतिम छोर पर खड़े अंतिम नागरिक की सेवा के लिए तैयार होते हैं। मिशन कर्मयोगी इस समझौते के लिए मानसिकता और तरीके विकसित करने का राज्य का साधन है। आत्मनिर्भरता इसकी पूरक है। यह एकाकीपन नहीं है; यह खुलेपन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से प्रेरित क्षमता और आत्मविश्वास है। यही दृष्टिकोण क्षमता निर्माण के प्रयासों और माईगव जैसे प्लेटफ़ॉर्म के व्यापक प्रसार में भी दिखाई देता है, जो नागरिकों को निष्क्रिय प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि सह-निर्माता बनाता है। यह कथा भारत के सभ्यतागत लोकाचार में निहित है—और संस्थानों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में फलने-फूलने के लिए तैयार करती है। कार्यक्रम की संस्थागत संरचना प्रधानमंत्री मोदी की व्यावहारिकता को दर्शाती है। डिजिटल आधार और बाज़ार को आगे बढ़ाने के लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन, कर्मयोगी भारत, समन्वय के लिए एक मंत्रीमंडल सचिवालय इकाई; संरक्षक और मानक-निर्धारक के रूप में क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी); और शीर्ष-स्तरीय संचालन के लिए प्रधानमंत्री ने मानव संसाधन परिषद का नेतृत्व किया। इसकी संरचना सहयोगात्मक, लेखा-परीक्षण योग्य और परिणाम-उन्मुख है—एक ऐसा शासन ढांचा जो "कहीं से भी काम करने" वाले देश के लिए उपयुक्त है। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत जो सीखता है उसे संचित नहीं कर रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के अनुरूप, देश अपने ज्ञान, अनुभव और उपकरणों को साझा करने की तैयारी कर रहा है। इन्हें लोक प्रशासन में एक आदर्श के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण है, वहां तकनीकी व्यवधानों के बीच देशों को समान क्षमता की कमी का सामना करना पड़ रहा है। मॉरीशस को इस दिशा में पहले ही सहायता की पेशकश की जा चुकी है—यह एक प्रारंभिक संकेत है कि मिशन कर्मयोगी विकासशील लोकतंत्रों में एक अभ्यास समुदाय का निर्माण कर सकता है। सीधे शब्दों में कहें तो, मिशन कर्मयोगी एक दूरदर्शी विचार को एक व्यवस्था में बदल देता है। यह प्रधानमंत्री मोदी के शासन के लंबे दायरे—उनकी सीमाओं को तोड़ने की सहज प्रवृत्ति, तकनीक के साथ उनका सहज व्यवहार, संस्थागत स्मृति के प्रति उनके सम्मान और उनकी नैतिक शब्दावली—को एक दोहराए जाने योग्य संचालन मॉडल में बदल देता है: भूमिका-आधारित मानव संसाधन; निरंतर, डिजिटल शिक्षा; नागरिक भागीदारी; और सभ्यता पर आधारित नैतिकता इसमें समाहित हैं। इस तरह आप किसी देश को भविष्य के लिए तैयार करते हैं।

अगर भारत इसी राह पर चलता रहा, तो इसका फ़ायदा सिर्फ़ तेज़ गति से आगे बढने वाली काम की फ़ाइलों और व्यवस्थित संगठनात्मक चार्ट में ही नहीं, बल्कि भरोसे में भी दिखेगा। नागरिक एक ऐसी सरकार का अनुभव करेंगे जो सुनती है, सीखती है और काम करती है। यही प्रधानमंत्री मोदी के दांव का मूल है। और यही वजह है कि मिशन कर्मयोगी, हाल के दशकों के किसी भी प्रशासनिक सुधार से ज़्यादा, अपने असली रूप में देखा जाना चाहिए। यह लोगों की सेवा करने वाले लोगों में एक पीढ़ीगत निवेश है और इसे एक ऐसे नेता ने तैयार किया है जिसने अपना जीवन लोगों की सेवा में ही लगा दिया है।

**(लेखक भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग के मानव संसाधन सदस्य हैं।)**



आज की बात



**डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम**

### सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा

हिंदू धर्म में विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में इन्हें सृष्टि के दिव्य शिल्पकार, देवताओं के वास्तु विशेषज्ञ और पहले इंजीनियर के रूप में पूजा जाता है। वे केवल एक देवता नहीं, बल्कि रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और नवाचार के प्रतीक हैं। उनके सम्मान में विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है, जो भाद्रपद मास के सूर्यकन्या संक्रांति पर आती है। इस दिन मजदूर, कारीगर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट और उद्योगपति अपने औजारों और मशीनों की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, चार युगों में विश्वकर्मा जी ने कई नगर और भवनों का निर्माण किया। सत्ययुग में उन्होंने स्वर्गलोक का निर्माण किया, त्रेता युग में सोने की लंका का, द्वापर में द्वारका का और कलियुग के आरंभ के हस्तिनापुर और इन्द्रप्रस्थ का निर्माण किया। विश्वकर्मा जी ने ही जगन्नाथ पुरी के जगन्नाथ मन्दिर में स्थित विशाल मूर्तियों का निर्माण किया। रामायण और अन्य ग्रंथों में वर्णित पुष्पक विमान की रचना भी भगवान विश्वकर्मा ने की थी। भगवान विष्णु के लिए सुदर्शन चक्र, महादेव शिव लिए त्रिशूल, ब्रह्माजी के लिए ब्रह्मास्त्र, यमराज का कालदंड और पाश, इंद्र के लिए वज्र समेत आदि कई तरह के अस्त्र-शस्त्र का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने ही किया था। विश्वकर्मा जी वास्तुदेव और अंगिरसी के पुत्र हैं। उन्हें ब्रह्मा के वंशज और कई ग्रंथों में प्रजापति भी कहा गया है। कुछ ग्रंथों में उन्हें ब्रह्मा जी का मानस पुत्र कहा गया है, तो कहीं उन्हें विश्वकर्मा ऋषि के वंशज के रूप में वर्णित किया गया है। उनका जन्म कन्या संक्रांति के दिन हुआ माना जाता है, जिसे हर साल 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के रूप में मनाया जाता है। विश्वकर्मा जी सामान्यतः चार भुजाओं वाले, सुनहरे रंग के, स्वर्ण आभूषण धारण किए, शिल्प औजारों के साथ चित्रित किए जाते हैं। प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा के पाँच मुख हैं (सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान)। इन पाँच मुखों से उन्होंने पाँच प्रजापति बनाए, जिनके नाम थे मनु, मय, द्विज, सिल्पी और विश्वज्ञ। कन्या संक्रांति का विश्वकर्मा पूजा का समय- 01 बजकर 55 मिनट तक है। इनकी रिद्धि-सिद्धि और संज्ञा नाम की तीन पुत्रियाँ है जिनमें से रिद्धि-सिद्धि का विवाह माता पार्वती के सबसे छोटे पुत्र भगवान गणेश से हुआ है तथा संज्ञा का विवाह महर्षि कश्यप और देवी अदिति के पुत्र भगवान सूर्यनारायण से हुआ है। यमराज, यमुना, कालिंदी और अश्वनीकुमार इनकी ही संतानें हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अध्यात्म की बात



**कृष्णा सिंह**



# सशक्त, सनातन और विकसित भारत के ध्वजवाहक नरेंद्र मोदी

भगवान विश्वकर्मा की तरह नए भारत के शिल्पी नरेंद्र मोदी 8 वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संपर्क में आए तो सेवा, समर्पण, और प्रबल राष्ट्रभक्ति प्रस्फुटित हुई। मां ने अभावों के बीच बेटे में सच्चे संस्कार भरे दूसरी ओर पढ़ाई लिखाई करते हुए स्टेशन पर चाय की दुकान में पिता का सहयोगी बन समाज की सच्चाई समझते रहे। लगभग 50 वर्षों की जीवन यात्रा में हिमालय की आध्यात्मिक यात्रा के साथ कशल सांगठनिक यात्राएं शामिल हैं और फिर ऐसे नरेंद्र मोदी का प्रादुर्भाव हुआ जिसमें राम का आदर्श है,कृष्ण की नीति है,शिव का विष पान है, बुद्ध की करुणा है,महावीर का तप है, आदि शंकराचार्य की सांस्कृतिक एकात्मता है,विवेकानंद का अध्यात्म है, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का प्रखर राष्ट्रवाद है, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय है, गांधी, लोहिया और भीमराव अंबेडकर की समरसता है, भगवान बिरसा मुंडा की क्रांति है। बदलते भारत ने स्वाभिमान और आत्म निर्भरता की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिया है। आज भारत कहता है और दुनिया सुनती है। विश्व में बदलाव की अगुवाई भारत कर रहा है। सबका साथ सबका विकास केवल नारों में नहीं बल्कि व्यवहारों में उतर रहा। आज तुष्टीकरण नहीं सशक्तिकरण पर बल है। गांव, गरीब, किसान, जवान और विज्ञान विकास के केंद्र बिंदु है। भारत के इतिहास में पहली बार ऐसे बदलाव में स्वच्छता अभियान, चंद्रयान की यात्रा तो विश्व के सबसे ऊंचे पुल भी बन रहे। हाइवे के साथ ग्रामीण सड़कें भी बन रही। गरीबों के आवास भी बन रहे। जनधन खातों में 100 पैसे पूरी तरह पहुंच रहे। 80 करोड़ लोगों केलिए खाद्यान्न की सुरक्षा है। आयुष्मान योजना ने गरीबों के इलाज को सुनिश्चित किया है। स्टार्टअप इंडिया,मेक इन इंडिया ने रोजगार और आत्मनिर्भरता को नए पंख दिए हैं। आज महिला सशक्तिकरण ने मूर्त रूप लिया है।संसद से पारित 33% आरक्षण को कानून का रूप देने वाली बतौर राष्ट्रपति एक गरीब आदिवासी घर की बेटी बनी। आज संविधान में वर्णित समरस समाज की मूल भावनाएं धरातल पर उतर रही। आदिवासी ,दलित पिछड़े विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहे। समाज के उस तबके को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा जिसे कभी पूछा नहीं जाता था।प्रतिभाएं पहचान की मोहताज रहती थीं। सामाजिक राजनीतिक जीवन में आज ऐसे वर्गों की भागीदारी बढ़ी है। आज विकास की भव्य इमारत विरासत की मजबूत नींव पर खड़ा किया जा रहा। धारा 370 की समाप्ति ने राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूत किया वही अयोध्या में 500 वर्षों के संघर्ष को साकार करते हुए भव्य राम मंदिर ने भारत की सांस्कृतिक चेतना को जागृत किया।योग दिवस ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई दी। विदेशी राजकीय मेहमान को ताजमहल नहीं विश्व बंधुत्व की सोच को बढ़ाने वाले ग्रन्थ गीता दिए जा रहे।आज का भारत फ्रेजल फाइव का भारत नहीं बल्कि विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था का भारत है जो निकट भविष्य में तीसरे पायदान पर पहुंचने वाली है। गोली का जवाब गोलों से देने की क्षमता रखने वाला भारत दुश्मन के घर में घुसकर जवाब दे रहा।परमाणु धमकियों से बेपरवाह भारत प्रतिबंधों की धमकी से भी नहीं डर रहा। आज का भारत वही तय कर रहा जो भारत के हित में हो।लेकिन विश्व का अहित भी नहीं ।विश्व कल्याण और क्षमाशील होने की बात वही कर सकता जो स्वयं ताकतवर हो। जनजाति समाज तेजी से विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहा। भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती को राष्ट्रीय पहचान मिली।15 नवंबर अब राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस बन गया। पीएम जन मन योजना ने जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास को मजबूती प्रदान की है। अपने 11 वर्षों के यशस्वी कार्यकाल में प्रधानमंत्री जी ने झारखंड को दिलों में बसाया है। राज्य में एम्स की स्थापना, आईआईटी,आईआईएम मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट निर्माण के साथ हाइवे ,रेलवे ,गंगापुल निर्माण जैसे एतिहासिक कार्य हुए हैं। कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत मोदी जी ने झारखंड की धरती से किया है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर जाने वाले वे भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं।

**(लेखक झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष है)**

देश की बात



**बाबूलाल मरांडी**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

एक अकेला मन मगर, हैं कितने एकांत।
जान सका अब तक इसे, कौन मौन संभ्रांत?

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# क्रांति का सही अर्थ : बदलाव की लौ सही दिशा में

क्रांति केवल तलवार और बंदूक की भाषा नहीं है, यह विचारों की शक्ति और बदलाव की आकांक्षा है। नेपाल में हुई जैन क्रांति ने यह दिखा दिया कि जब जनता अपने हक़ और सम्मान के लिए खड़ी होती है, तो बदलाव आना तय है। लेकिन यह भी सच है कि उस क्रांति में कितने ही लोग शहीद हुए, कितने परिवार उजड़ गए। सवाल यह है कि क्या हम हमेशा खून और लाशों की कीमत पर ही बदलाव लाएँगे? आज हमारे पास शिक्षा है, जानकारी है, तकनीक है और सबसे बड़ी बात—युवाशक्ति है। यदि हम चाहें, तो बिना हिंसा के भी समाज में बड़े बदलाव ला सकते हैं। मगर दुख की बात यह है कि हम सही मुद्दों पर कभी एकजुट नहीं होते। छोटी-छोटी बातों पर तो बहस और आंदोलन कर लेते हैं, लेकिन जिन समस्याओं से हमारा आने वाला कल बर्बाद हो सकता है, उन पर हम खामोश रहते हैं। जरा सोचिए, ग्लोबल वार्मिंग आज का सबसे बड़ा संकट है। खेतों की फसलें समय से पहले सूख रही हैं, कहीं बेमौसम बारिश हो रही है, कहीं सूखा पड़ रहा है। नदियाँ सिकुड़ रही हैं और तापमान बढ़ रहा है। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले समय में हमें और भयावह आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। क्या यह किसी भी क्रांति से कम है? यह तो हमारी धरती को धीरे-धीरे निगलने वाली स्थिति है। लेकिन क्या हमने इसके खिलाफ कोई आंदोलन खड़ा किया? क्या हमने कभी सड़कों पर उतरकर सरकार से ठोस पर्यावरण नीतियाँ बनाने की मांग की? सिर्फ पर्यावरण ही नहीं, हमारे आसपास शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं की हालत भी किसी से छिपी नहीं है। गाँवों में सड़कें टूटी हुई हैं, अस्पतालों में दवाएँ नहीं मिलतीं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं। यह समस्याएँ हर नागरिक को प्रभावित करती हैं। लेकिन हम चुप रहते हैं। हम मान लेते हैं कि "यह तो ऐसे ही चलता आ रहा है।" यही चुप्पी अन्याय को ताक़त देती है।



हमें समझना होगा कि क्रांति का अर्थ केवल सत्ता बदलना नहीं, बल्कि व्यवस्था को सही दिशा देना है। अगर आपके क्षेत्र में सुविधाएँ सही नहीं हैं, तो सबसे पहले ज़िम्मेदारी आपकी है। आप आवाज़ उठाइए, आप सवाल कीजिए, आप समाधान का हिस्सा बनिए। क्रांति की शुरुआत घर से और समाज से ही होती है। आज युवाओं के पास ऊर्जा है, सोच है और टेक्नोलॉजी है। यदि यही युवा सही मुद्दों पर खड़े हो जाएँ, तो कोई ताक़त उन्हें रोक नहीं सकती। लेकिन ज़रूरी है कि यह क्रांति सही कारणों के लिए हो। हमें भ्रष्टाचार, प्रदूषण, अशिक्षा और अव्यवस्था के खिलाफ आवाज़ उठानी होगी। तभी आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य मिल पाएगा। क्रांति का असली अर्थ यही है—अन्याय के खिलाफ खड़ा होना और सही चीजों को स्थापित करना। यह लड़ाई तलवारों से नहीं, बल्कि कलम, ज्ञान और कर्म से जीती जाएगी। अगर हर इंसान अपने दिल में यह संकल्प कर ले कि वह अपने क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए आवाज़ उठाएगा, तो सच मानिए, यही सच्ची क्रांति होगी। आज हमें एक नई क्रांति की ज़रूरत है, जहाँ हर युवा यह संकल्प ले कि वह पर्यावरण बचाएगा। जहाँ हम भ्रष्टाचार और ग़लत व्यवस्था को सहने की बजाय उसके खिलाफ खड़े होंगे। जहाँ हम छोटी-छोटी सुविधाओं के लिए भी सही मांग करेंगे और समाज को बदलने में हाथ बँटाएँगे। क्रांति का असली अर्थ है न्याय, समानता और बेहतर भविष्य के लिए आवाज़ उठाना। यह आवाज़ तलवारों से नहीं, कलम और कर्म से निकलेगी। यही सच्ची क्रांति होगी, और यही आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है। युवाओं, यह समय है जागने का। यदि हम अब भी खामोश रहे, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी माफ़ नहीं करेंगी। क्रांति की आग दूसरों का घर जलाने के लिए नहीं, समाज का अंधेरा मिटाने के लिए होनी चाहिए।

(veenavlogs@gmail.com)

अलग बात



**वीणा देवांगन**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## भारत-मॉरीशस संबंध होंगे और मजबूत

# राष्ट्रपति मुर्मू ने पीएम रामगुलाम से मिलकर जताया विश्वास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने नई दिल्ली और पोर्ट लुई के बीच अद्वितीय और स्थायी द्विपक्षीय संबंधों पर ज़ोर दिया। राष्ट्रपति भवन द्वारा X पर प्रकाशित एक पोस्ट में, दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच संबंधों को स्वीकार किया, जो उनके साझा इतिहास, भाषा, संस्कृति और मूल्यों में निहित हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रधानमंत्री रामगुलाम के नेतृत्व अनुभव पर विश्वास व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में ये संबंध और भी मज़बूत होंगे। सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने X पर एक पोस्ट में कहा, "मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम नई दिल्ली पहुँच गए हैं। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।" राष्ट्रीय राजधानी आने से पहले, रामगुलाम ने तिरुपति स्थित तिरुमाला मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने ब्रह्मर्षि आश्रम में एक कार्यक्रम में भी भाग



लिया, जहाँ उनका स्वागत आध्यात्मिक गुरु सिद्धगुरु सिदेश्वर ब्रह्मेदस्वी गुरुदेव स्वामी ने किया। रामगुलाम वर्तमान में 9 सितम्बर से 16 सितम्बर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जिसके दौरान वे कई राजनीतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

### भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों पर सहमति

राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी पोस्ट में कहा गया कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि हमारे दोनों देशों के बीच संबंध अद्वितीय हैं, जो हमारे साझा इतिहास, भाषा, संस्कृति और मूल्यों में निहित हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री रामगुलाम के व्यापक नेतृत्व अनुभव के साथ, भारत-मॉरीशस के दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंध आने वाले समय में और भी मज़बूत होंगे।इससे पहले आज, प्रधानमंत्री रामगुलाम ने अपनी आठ दिवसीय द्विपक्षीय भारत यात्रा के समापन चरण के तहत राष्ट्रीय राजधानी स्थित राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, रामगुलाम ने राजघाट स्थित आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए। मॉरीशस के प्रधानमंत्री सोमवार को नई दिल्ली पहुँचे, जहाँ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनकी अगवानी की।

---

## जेडीएस का कांग्रेस पर पलटवार

# राहुल को ईवीएम पर संदेह है तो सीएम इस्तीफा दें और फिर चुनाव कराएं

**एजेंसी। कर्नाटक**

जनता दल (सेक्युलर) के नेता निखिल कुमारस्वामी ने मंगलवार को कर्नाटक कांग्रेस के 'मेरा वोट मेरा अधिकार' अभियान के दौरान राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों की आलोचना की और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर भरोसे पर सवाल उठाया। पत्रकारों से बात करते हुए, कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर प्रणाली को ज़्यादा पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जिस वोट चोरी की बात कर रहे थे, उन्हें ईवीएम पर भरोसा नहीं है और अब वे बैलेट पेपर प्रणाली पर वापस जाना चाहते हैं। लेकिन जब यूपीए सरकार बनी



थी, तब बैलेट पेपर का इस्तेमाल नहीं होता था; तब भी ईवीएम ही थी। जेडी(एस) नेता ने कर्नाटक सरकार पर और निशाना साधते हुए कहा कि अगर ईवीएम पर संदेह बना रहता है तो मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस्तीफा दे देना चाहिए। कुमारस्वामी ने कहा, "इस बार विधानसभा में कांग्रेस को राज्य में लगभग 136 सीटें मिलीं और कांग्रेस ईवीएम पर संदेह कर रही है। अगर ऐसा है, तो कांग्रेस और मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए और हमें नए सिरे से चुनाव कराना चाहिए।

# गोरखपुर में पशु तस्करों के जुल्म से बवाल, नीट छात्र की हत्या

## योगी बोले- दोषियों को बख्शेंगे नहीं

**एजेंसी। गोरखपुर**

गोरखपुर के पिपराइच थाना क्षेत्र के मऊचापी गांव में पशु तस्करों ने 19 वर्षीय नीट अभ्यर्थी दीपक गुप्ता की बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद हिंसक प्रदर्शन, पथराव और सड़क जाम हो गया। इस घटना में एसपी नॉर्थ जितेंद्र श्रीवास्तव और पिपराइच थाना प्रभारी पुरुषोत्तम आनंद सिंह घायल हो गए। गोरखपुर के एसएसपी राज करण नय्यर ने बताया कि घटना सोमवार रात करीब 12:30 बजे पिपराइच थाना क्षेत्र के मऊचापी गांव में हुई। तस्कर तीन वाहनों से पहुंचे; दीपक समेत ग्रामीणों ने मवेशियों को खोलते समय उनका विरोध किया। तस्करों ने दीपक का अपहरण कर लिया, उसे एक घंटे तक घुमाया, उसका सिर कुचल दिया और शव को 4 किमी दूर फेंक दिया। राज करण नय्यर ने बताया कि हमें सुबह करीब 3:00 बजे सूचना मिली कि पशु तस्कर दो पिकअप वैन लेकर एक गाँव में आए हैं। इस दौरान जब ग्रामीणों ने उनका पीछा किया तो एक गाड़ी गाँव में फंस गई, जिससे उसके लोग भाग गए। गाँव के ही एक युवक ने दूसरी गाड़ी का पीछा किया, तस्कर उसे अपनी गाड़ी में डालकर ले गए और बाद में उसे गाड़ी से धक्का दे दिया। जिससे उसके सिर में चोट लग गई और सड़क पर गिरने से उसकी मौत हो गई।

## मोदी सरकार का नशा मुक्त भारत का संकल्प, अमित शाह बोले-

# 2047 तक खत्म होगा खतरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से सभी प्रकार के नशीले पदार्थों का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक द्रव्य निरोधक कार्यबल (एएनटीएफ) के प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ कार्रवाई के पैमाने में बदलाव किया जाए ताकि आने वाले दिनों में और अधिक सफलताएँ मिलें। अमित शाह ने कहा कि भगोड़ों का निर्वासन और प्रत्यर्पण, ये दोनों ही बातें बहुत महत्वपूर्ण हैं। अब समय आ गया है कि जो लोग विदेश में बैठकर यहाँ नशे का कारोबार कर रहे हैं, उन्हें हमारे कानून के दायरे में लाया जाए। सीबीआई ने इसमें बहुत अच्छा काम किया है। मैं सभी एएंडटीएफ अध्यक्षों से अनुरोध करता हूँ कि वे सीबीआई निदेशक से संपर्क करें और प्रत्यर्पण के लिए एक ऐसी व्यवस्था स्थापित करें, जो न केवल नशे, आतंकवाद, गिरोहों, बल्कि हर चीज़ के लिए उपयोगी हो। यह बहुत ज़रूरी है और जिस तरह प्रत्यर्पण ज़रूरी है, उसी तरह व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ निर्वासन भी ज़रूरी है। जिन लोगों को आपने यहाँ जेल में रखा है, वे किसी न किसी तरह से यहाँ से कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। गृह मंत्रालय की ओर से कुछ दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस प्रक्रिया के प्रति उदार दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए, उन्हें निर्वासित करने की व्यवस्था का रास्ता सुनिश्चित किया जाना चाहिए। गृह विभाग इसके लिए एक एसओपी भी जारी करने वाला है।




### नशे के ख़िलाफ़ निर्णायक जंग का समय: अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने 2047 में एक महान भारत के निर्माण की संकल्पना प्रस्तुत की। एक ऐसा भारत जो पूर्णतः विकसित होगा। अगर हमें ऐसा भारत बनाना है, तो अपनी युवा पीढ़ी को नशे से बचाना बेहद ज़रूरी है। क्योंकि किसी भी महान राष्ट्र की संकल्पना, उसकी नींव उस देश की युवा पीढ़ी होती है। अगर हमारी आने वाली पीढ़ियाँ खोखली हो जाएँगी, तो देश भटक जाएगा... दुर्भाग्य से, वे दोनों क्षेत्र जहाँ से दुनिया भर में नशे की आपूर्ति होती है, हमारे नज़दीक ही हैं... इसलिए यही समय है कि हम इसके खिलाफ मजबूती से लड़ें। शाह ने कहा कि तीन तरह के कार्टेल होते हैं, एक वो कार्टेल जो देश के सभी एंट्री पॉइंट्स पर काम करता है, दूसरा वो कार्टेल जो एंट्री पॉइंट से राज्य तक डिस्ट्रीब्यूशन का कार्टेल है और तीसरा वो कार्टेल जो राज्यों में पान की दुकान या गली के नुक्कड़ पर ड्रग्स बेचने तक काम करता है। इन तीनों तरह के कार्टेल्स पर कड़ा प्रहार करने का समय आ गया है। मेरा मानना है कि ऐसा तभी हो सकता है जब यहां बैठे लोग तय कर लें कि ये लड़ाई हमारी लड़ाई है।

## बिहार के छात्रों की मौज!

# नीतीश कुमार सरकार ने शिक्षा ऋण से हटाया ब्याज का बोझ

**एजेंसी। पटना**

चुनावी साल से पहले छात्रों को बड़ी राहत देते हुए, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने घोषणा की है कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दिए जाने वाले शिक्षा ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के ज़रिए यह जानकारी साझा की और इसे इच्छुक छात्रों पर वित्तीय बोझ कम करने वाला कदम बताया। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि बिहार में 07 निश्चय योजना के अंतर्गत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए 02 अक्टूबर 2016 से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लागू है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अधिकतम 04 लाख रुपए का शिक्षा ऋण सामान्य आवेदक को 04 प्रतिशत ब्याज दर पर तथा महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेन्डर आवेदक को मात्र 01 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी



हो रही है कि अब स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले शिक्षा ऋण की राशि सभी आवेदकों के लिए ब्याज रहित होगी। नीतीश ने कहा कि साथ ही 02 लाख रुपए तक के शिक्षा ऋण को 60 मासिक किस्तों (05 वर्ष) में वापस करने का प्रावधान था, जिसे अब बढ़ाकर अधिकतम 84 मासिक किस्तों (07 वर्ष) में तथा 02 लाख से ऊपर ऋण राशि को 84 मासिक (07 वर्ष) किस्तों से बढ़ाकर अधिकतम 120 मासिक (10 वर्ष) किस्तों में वापस करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य है कि राज्य के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें। उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जाने वाली शिक्षा ऋण में दी जाने वाली इन सुविधाओं से छात्रों के मनोबल में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह एवं लगन से उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य के साथ-साथ राज्य एवं देश का भविष्य भी संवार सकेंगे।

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव में देरी पर चुनाव आयोग खफा, कहा-

# 2026 तक कराएं मतदान

**एजेंसी। मुंबई**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को राज्य में 31 जनवरी, 2026 तक स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा, शीर्ष अदालत ने राज्य के अधिकारियों को 10 अक्टूबर तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने पारित किया। शीर्ष अदालत ने राज्य चुनाव आयोग पर 6 मई को स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा चार सप्ताह के भीतर करने और चार महीने के भीतर चुनाव कराने के स्पष्ट आदेश के बावजूद तुरंत कार्रवाई न करने के लिए असंतोष व्यक्त किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा, "क्या चुनाव पहले ही हो चुके हैं?" उन्होंने मई के उस आदेश का हवाला दिया जिसमें चार महीने के भीतर चुनाव कराने का आदेश दिया गया था। महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील ने कहा कि प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि परिसीमन पूरा हो चुका है और राज्य चुनाव आयोग कुछ अतिरिक्त समय मांग रहा है, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में एक अंतरिम आवेदन भी दायर किया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सवाल किया, "हम आपको जनवरी तक का समय क्यों दें?" एक अन्य वकील ने बताया कि 29 नगर निगम हैं और पहली बार एक साथ चुनाव हो रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "आपकी निष्क्रियता अक्षमता दर्शाती है... कृपया मौखिक रूप से कारण स्पष्ट करें।" वकील ने आगे कहा कि उनके पास वर्तमान में 65,000 ईवीएम मशीनें हैं और उन्हें 50,000 और मशीनों की आवश्यकता है, जिसके लिए ऑर्डर पहले ही दिए जा चुके हैं।

## ईडी निदेशक समेत बड़े अधिकारी कश्मीर आये पहुंचे

# मगर कोई छापा नहीं मारा गया?

**एजेंसी। श्रीनगर**

अक्सर जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी किसी शहर में पहुंचते हैं तो छापेमारी और कार्रवाई की सुर्खियां बनती हैं। लेकिन इस बार तस्वीर अलग थी। श्रीनगर में 12 और 13 सितंबर को जब ईडी की त्रैमासिक जोनल अधिकारियों की कांफ्रेंस आयोजित हुई तो किसी छापेमारी की चर्चा नहीं हुई, बल्कि कश्मीर के सुरक्षा परिदृश्य की छवि को नयी दिशा मिली। देखा जाये तो हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश और दुनिया के सामने कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर सवाल उठने लगे थे। ऐसे में ईडी का शीर्ष सम्मेलन श्रीनगर में आयोजित होना अपने



आप में संदेश है कि घाटी अब राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों और विमर्श के लिए सुरक्षित, जीवंत और भविष्यवादी स्थान बन चुकी है। ईडी ने अपने बयान में भी स्पष्ट किया कि इस सम्मेलन की सफलता ने घाटी की सुरक्षा पर विश्वास बहाल किया है। हम आपको बता दें कि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे ईडी निदेशक राहुल नवीन ने जोनल प्रमुखों को लंबित जांचों को शीघ्र निपटाने, अंतिम अभियोजन शिकायत दाखिल करने और मुकदमों को तेज गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी मुख्य न्यायाधीशों के रजिस्ट्रारों को विशेष पीएमएलए (मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम) अदालतें स्थापित करने के प्रस्ताव पर विचार हेतु पत्र भेजे गए हैं। यह कदम न्यायिक प्रक्रिया को गति देगा और आर्थिक अपराधों पर अंकुश लगाने में सहायक होगा। एजेंसी ने अपने आँकड़ों में भी भरोसा जगाया है। अब तक 53 मामलों में से 50 में दोषसिद्धि सुनिश्चित करना ईडी की कार्यकुशलता और प्रभाव को दर्शाता है। इसके अलावा 34,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति पीड़ितों और वैध दावेदारों को लौटाई जा चुकी है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## आधार से फर्जीवाड़े पर लगाम!

# आईआरसीटीसी से अब आम यात्री को पहले मिलेगा टिकट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

1 अक्टूबर से, रेल मंत्रालय किसी भी ट्रेन के लिए बुकिंग खुलने के बाद पहले 15 मिनट के दौरान केवल आधार-प्रमाणित उपयोगकर्ताओं को ही आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप के माध्यम से आरक्षित सामान्य टिकट बुक करने की अनुमति देगा। वर्तमान में, यह प्रतिबंध केवल तत्काल बुकिंग पर लागू है। मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि आरक्षण प्रणाली का लाभ आम उपयोगकर्ता तक पहुँचे और बेईमान तत्वों द्वारा इसका दुरुपयोग न हो, यह निर्णय



लिया गया है कि 1 अक्टूबर 2025 से, सामान्य आरक्षण खुलने के पहले 15 मिनट के दौरान, केवल आधार-प्रमाणित उपयोगकर्ता ही भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट/इसके ऐप के माध्यम से आरक्षित सामान्य टिकट बुक कर सकेंगे। मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि 15 मिनट के बाद, अधिकृत टिकट एजेंटों को ऑनलाइन आरक्षण बुक करने की अनुमति होगी। सर्कुलर में कहा गया है, "हालांकि, भारतीय रेलवे के कंप्यूटरीकृत पीआरएस काउंटरों के माध्यम से सामान्य आरक्षित टिकटों की बुकिंग के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।" इसमें आगे कहा गया है, "सामान्य आरक्षण खुलने के 10 मिनट के प्रतिबंध के समय में भी कोई बदलाव नहीं होगा, जिसके दौरान भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकट एजेंटों को पहले दिन आरक्षित टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी।" अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रेल मंत्रालय ने पहले ही काउंटर से सामान्य आरक्षण बुक करने के लिए एजेंटों पर 10 मिनट का प्रतिबंध लगा दिया है। एक अधिकारी ने कहा, "सर्कुलर में उक्त प्रतिबंध बरकरार रखा गया है।

# बेरोज़गारी, अपराध और अधिकारों के लिए तेजस्वी की 'अधिकार यात्रा' का आगाज

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को युवाओं की बेरोज़गारी के ख़िलाफ़ 'अधिकार यात्रा' की शुरुआत की और महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करने, शिक्षकों का सम्मान करने और बिहार में स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का आह्वान किया।



तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे गठबंधन में कोई कन्फ्यूजन नहीं है। जनता बिहार की मालिक है और वही मुख्यमंत्री बनाती है. इस बार वो बदलाव चाहती है. बिहार में किसी से भी जाकर पूछ लीजिए कि वो किसे (मुख्यमंत्री के तौर पर) देखना चाहते हैं, जवाब मिल जाएगा। लेकिन हमारे गठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है और समय आने पर इसकी घोषणा कर दी जाएगी। राजद सांसद संजय यादव के अनुसार, यह रैली उन ज़िलों में निकाली जा रही है जो कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आयोजित 'मतदाता अधिकार यात्रा' में शामिल नहीं हो पाए थे, जिसमें राजद ने भी हिस्सा लिया था। राजद विधायक ने एएनआई को बताया मतदाता अधिकार यात्रा' के बाद कुछ ज़िले छूट गए थे, जिसमें वहाँ के हमारे तमाम कार्यकर्ता और नेता आए और कहा कि ज़िले छूट गए हैं, इसलिए तेजस्वी जी ने उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए यह यात्रा निकालने का फ़ैसला लिया।

## जमीन से बदलती पहचान | नियुक्ति के समय से ही हिंदुओं की जमीन बांग्लादेशियों के नाम करने का है आरोप

# युवा सिविल अधिकारी भूमि घोटाले में गिरफ्तार

- **एक करोड़ नगद हीरे और लाखों की ज्वेलरी बरामद**

**एजेंसी। असम**

असम में हाल ही में सामने आए भूमि घोटाले ने राज्य की प्रशासनिक ईमानदारी पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। गुवाहाटी में गिरफ्तार की गई असम सिविल सेवा (एसीएस) की युवा अधिकारी नुपुर बोरा केवल छह वर्ष पहले ही सेवा में शामिल हुई थीं। लेकिन उनकी गिरफ्तारी से यह स्पष्ट हो गया है कि भ्रष्टाचार का जाल केवल अनुभवी अधिकारियों तक सीमित नहीं, बल्कि नई पीढ़ी भी इसकी चपेट में आ रही है। हम आपको बता



दें कि मुख्यमंत्री के सतर्कता प्रकोष्ठ ने नुपुर बोरा के गुवाहाटी स्थित दो फ्लैटों पर छापा मारकर लगभग एक करोड़ रुपये नकद, हीरे और लाखों की ज्वेलरी बरामद की। उनके खिलाफ आरोप है कि बरपेटा जिले में कार्यकाल के दौरान उन्होंने अवैध भूमि हस्तांतरण में भूमिका निभाई, जिसमें कथित तौर पर हिंदू समुदाय की ज़मीन को दूसरे समुदाय के नाम पर स्थानांतरित किया गया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने साफ कहा कि यह अधिकारी पिछले छह महीनों से सरकार की निगरानी में थी और उनके खिलाफ गंभीर शिकायतें लगातार आ रही थीं। देखा जाये तो असम में भूमि केवल आर्थिक संपत्ति नहीं, बल्कि जनसांख्यिकीय संतुलन और सांस्कृतिक पहचान का प्रश्न भी है। बरपेटा और अन्य निचले असम के ज़िले लंबे समय से "बांग्लादेशी घुसपैठियों" के ठिकाने माने जाते रहे हैं। ऐसे में भूमि का अवैध हस्तांतरण केवल भ्रष्टाचार का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक अस्तित्व से जुड़ा मुद्दा है। यही कारण है कि हाल ही में राज्य कैबिनेट ने अंतर-धार्मिक भूमि लेनदेन के लिए असम पुलिस की विशेष शाखा से मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने असम दौरे में इस खतरे की ओर इशारा करते हुए कहा था कि अवैध प्रवासियों से राज्य की जनसांख्यिकी बदलने का खतरा वास्तविक है। इस परिप्रेक्ष्य में नुपुर बोरा का मामला और भी गंभीर हो जाता है, क्योंकि यह केवल व्यक्तिगत भ्रष्टाचार नहीं बल्कि एक बड़े जनसांख्यिकीय संकट में योगदान करने जैसा है।

हम आपको यह भी बता दें कि नुपुर बोरा का सोशल मीडिया प्रोफाइल उनकी जीवनशैली, फैशन और यात्रा के शौक को दर्शाता है। लेकिन इन सबके पीछे जो भारी-भरकम अवैध संपत्ति मिली, वह इस बात का संकेत है कि प्रशासनिक तंत्र के भीतर धन संचय और दिखावटी जीवनशैली का आकर्षण किस तरह नौजवान अधिकारियों को भी भ्रष्ट कर रहा है।

देखा जाये तो यह स्थिति दोहरा खतरा पैदा करती है। ऐसे घटनाक्रमों से भ्रष्टाचार की संस्थागत जड़ें गहरी होती जाती हैं और सामाजिक विभाजन तथा असुरक्षा की भावना और बढ़ जाती है। इसलिए मुख्यमंत्री सरमा का यह कहना कि "राजस्व विभाग की भ्रष्टाचारग्रस्त व्यवस्था" को साफ करना होगा, इस तथ्य की ओर इशारा करता है कि समस्या केवल एक अधिकारी तक सीमित नहीं है। यह मामला गहरी जमी हुई उस संरचना को उजागर करता है, जिसमें भूमि माफिया, राजनीतिक हित और प्रशासनिक उदासीनता एक-दूसरे से जुड़ जाते हैं। देखा जाये तो असम का यह प्रकरण केवल भ्रष्टाचार का सामान्य मामला नहीं है। यह उस गहराई को दिखाता है जहां व्यक्तिगत लालच, अवैध प्रवास और सांस्कृतिक असुरक्षा आपस में उलझ भी जाते हैं। नुपुर बोरा की गिरफ्तारी सरकार के लिए केवल एक सफलता नहीं, बल्कि एक चेतावनी भी है कि अगर प्रशासनिक तंत्र को पारदर्शी और जवाबदेह नहीं बनाया गया, तो असम की जनसांख्यिकीय चुनौतियां और गंभीर रूप ले सकती हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ कप्तानी करना बड़ा सम्मान : रजत पाटीदार



- रजत पाटीदार के लिए साल 2025 बेहद सफल रहा।
- आरसीबी को पहली बार आईपीएल खिताब जिताने के बाद दलीप ट्रॉफी भी जीती।
- अब ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत 'ए' टीम के पहले वनडे में कप्तानी करेंगे।
- पाटीदार बोले– "भारत 'ए' की कप्तानी सम्मान की बात, यह बड़ा मौका है।"

**बेंगलुरु।** रजत पाटीदार के लिए साल 2025 स्वर्णिम रहा है। अपनी कप्तानी में आरसीबी को पहला आईपीएल खिताब जितवाने वाले पाटीदार ने मध्य क्षेत्र को अपनी कप्तानी में दलीप ट्रॉफी का खिताब दिलवाया है। बतौर कप्तान पाटीदार की सफलता को देखते हुए उन्हें ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाली तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में पहले मैच के लिए भारत 'ए' टीम का कप्तान बनाया गया है। 30 सितंबर से शुरू हो रही वनडे सीरीज के पहले मैच में कप्तानी का मौका मिलने पर पाटीदार ने कहा, "भारत 'ए' टीम की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे लगता है कि यह मेरे और टीम के लिए अपनी क्षमता दिखाने और शानदार प्रदर्शन के साथ भारतीय टीम में जगह बनाने का एक शानदार मौका है।" उन्होंने कहा, "यह साल व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए बेहद खास रहा है। मैदान पर मेरी क्षमताओं को पहचाना गया और समान रूप से पुरस्कृत भी किया गया। इसकी शुरुआत प्रथम श्रेणी क्रिकेट में मध्य प्रदेश राज्य टीम की कप्तानी से हुई, फिर आरसीबी ने मुझे कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी। ट्रॉफी जीतना सोने पर सुहागा था। इस दौरान बहुत कुछ सीखने को मिला है, जिसका मुझे आगे चलकर फायदा होगा।" पाटीदार ने कहा, "मुझे लगता है कि एक टीम के कप्तान के तौर पर सबसे अहम यह है कि खिलाड़ी एक इकाई के रूप में कैसे एकजुट होते हैं। इस सीजन में आरसीबी में हमारा यही सौहार्द और विश्वास रहा है, जहा हम सभी ने एक-दूसरे के लिए आगे आकर सफलता के लिए मिलकर काम किया। भारत 'ए' के खिलाफ होने वाले मैच में भी हम इसी तरह का रवैया अपनाना चाहेंगे। मैं उत्साहित हूं और नई चुनौती का इंतजार कर रहा हूं।" रजत पाटीदार की कप्तानी में मध्यप्रदेश पिछले सीजन सैयद मुश्ताक अली का फाइनल खेली थी। आरसीबी ने उनकी कप्तानी में 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। दोनों टूर्नामेंट में कप्तान के साथ-साथ बल्लेबाज के रूप में भी पाटीदार का प्रदर्शन सराहनीय था। दलीप ट्रॉफी में मध्य क्षेत्र को उन्होंने चैंपियन बनाया। फाइनल की पहली पारी में उन्होंने अहम 101 रन बनाए थे।

## भारत-पाकिस्तान मैच समाप्त, मुद्दे को तूल देना गलत : अरुण धूमल

**हमीरपुर।** बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष और आईपीएल के कमीश्नर अरुण धूमल ने कहा है कि एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच से संबंधित जो भी सवाल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उठाए हैं, उस पर आईसीसी फैसला लेगी। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच की समाप्ति के बाद हुए घटनाक्रम पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा उठाई जा रही आपत्तियों पर आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा उठाए गए सवालों का निपटारा आईसीसी नियमों के तहत करेगी। मैच समाप्त हो चुका है।"




## टीम इंडिया की मुख्य प्रायोजक बनी 'अपोलो टायर्स', बीसीसीआई ने किया ऐलान

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को अपोलो टायर्स का नाम टीम इंडिया के नए प्रमुख प्रायोजक के रूप में घोषित किया। अपोलो ने टीम इंडिया के प्रमुख प्रायोजक के रूप में ड्रीम 11 को रिप्लेस किया है। बीसीसीआई और आपोलो टायर्स के बीच यह समझौता ढाई साल के लिए हुआ है और मार्च 2028 में समाप्त होगा। समझौते के मुताबिक, अपोलो टायर्स का लोगो सभी प्रारूपों में भारतीय पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों की जर्सी पर दिखाई देगा। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह अपोलो टायर्स का भारतीय क्रिकेट में पहला कदम है, जो देश के साथ गहराई से जुड़े खेल के साथ जुड़ने का एक रणनीतिक कदम है। विज्ञप्ति के मुताबिक, "कड़ी बोली प्रक्रिया के बाद हासिल की गई यह नई साझेदारी प्रायोजन मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है, जो भारतीय क्रिकेट की व्यापक और बढ़ती व्यावसायिक अपील को प्रदर्शित करती है।" बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, "अपोलो टायर्स का हमारे नए प्रायोजक के रूप में आना हमारी टीमों की कड़ी मेहनत और निरंतर प्रदर्शन का प्रमाण है। हम भारतीय क्रिकेट में अपोलो के पहले प्रमुख प्रायोजन को लेकर उत्साहित हैं, जो इस खेल की अद्वितीय पहुंच और प्रभाव को दर्शाता है। यह एक व्यावसायिक समझौते से कहीं बढ़कर है। यह दो संस्थानों के बीच एक साझेदारी है, जिन्होंने लाखों लोगों का विश्वास और सम्मान अर्जित किया है।" बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, "अपोलो टायर्स का हमारे नए प्रमुख प्रायोजक के रूप में स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो भारत की दो सबसे शक्तिशाली और स्थायी विरासतों भारतीय क्रिकेट की अटूट भावना और अपोलो टायर्स की अग्रणी विरासत, को एक साथ ला रहा है। बोली प्रक्रिया की प्रतिस्पर्धी प्रकृति बीसीसीआई और टीम इंडिया के वैश्विक ब्रांड में बाजार के मजबूत विश्वास को दर्शाती है। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी आपसी विकास और सफलता के लिए प्रेरक साबित होगी।"



## भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप

**बेंगलुरु।** क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) ने घोषणा की है कि पहली बार होने वाले 'विमेंस टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट फॉर द ब्लाइंड' की मेजबानी भारत के साथ-साथ श्रीलंका भी करेगा। यह टूर्नामेंट 11 से 25 नवंबर तक खेला जाना है। विमेंस टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट फॉर द ब्लाइंड में 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच होगा। यह मुकाबले नई दिल्ली, बेंगलुरु और कोलंबो में खेले जाने हैं। इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीमें हिस्सा लेंगी। क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) इस वर्ल्ड कप का आयोजन कर रहा है। मूल रूप से यह आयोजन नई दिल्ली, बेंगलुरु और नेपाल की राजधानी काठमांडू में होना था, लेकिन नेपाल की मौजूदा स्थिति को देखते हुए 15 सितंबर को वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल (डब्ल्यूबीसीसी) की वर्चुअल बैठक में पाकिस्तान से जुड़े मुकाबले कोलंबो (श्रीलंका) में कराए जाने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही कोलंबो को टूर्नामेंट का अतिरिक्त सह-मेजबान शहर भी बनाया गया है। सीएबीआई अधिकारी अब कोलंबो में अपने समकक्षों से मिलकर तैयारियों का जायजा लेंगे। क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) के अध्यक्ष महंतेश जी. किवादासन्नावर ने कहा, "यह वर्ल्ड कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह साहस, कौशल और समावेशिता का उत्सव है। भारत में इसकी मेजबानी करना गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि हमारी बेटियां इस अवसर पर खरा उतरते हुए लाखों लोगों को प्रेरित और देश को गौरवान्वित करेंगी।" भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने साल 2023 में आईबीएसए वर्ल्ड गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा था। उस समय ब्लाइंड क्रिकेट की शुरुआत हुई थी और फाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। अब एक बार फिर पूरी दुनिया की नजरें भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर होंगी, जो मैदान पर निडर क्रिकेट खेलते हुए इतिहास रचना चाहेगी।




## आईसीसी वनडे रैंकिंग : वर्ल्ड कप से पहले शीर्ष पर पहुंचीं स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पायदान हासिल कर लिया है। सलामी बल्लेबाज ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अर्धशतकीय पारी खेलकर रैंकिंग में इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट को पछाड़ दिया। स्मृति मंधाना ने 14 सितंबर को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए मुकाबले में 63 गेंदों का सामना करते हुए 58 रन बनाए थे। उनकी इस पारी के दौरान 2 छक्के और 6 चौके भी देखने को मिले। इस पारी के चलते मंधाना को सात रेटिंग अंक मिले। अब वह इंग्लैंड की कप्तान से चार अंक आगे निकल गई हैं। इसी मुकाबले में सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने 96 गेंदों में 64 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी में छह चौके शामिल थे। वह चार पायदान की छलांग के साथ 42वें स्थान पर पहुंच गई हैं। 54 रन की पारी खेलने वाली हरलीन देओल पांच पायदान ऊपर चढ़ते हुए 43वें पायदान पर आ गई हैं। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की थी। बेथ मूनी 74 गेंदों में नाबाद 77 रन की पारी खेलकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। मूनी ने तीन पायदान की छलांग लगाई है। इनके अलावा, एनाबेल सदरलैंड चार पायदान, जबकि फोएबे लिचफील्ड 13 पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर पहुंच गई हैं। भारत के खिलाफ इस मुकाबले में एनाबेल ने नाबाद 54 रन बनाए, जबकि फोएबे लिचफील्ड 80 गेंदों में 88 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 281 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 44.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में फिलहाल 1-0 से आगे है। सीरीज के अगले मुकाबले 17 और 20 सितंबर को खेले जाने हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## जीएसटी सुधार भारत के जलवायु लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम: केंद्र




**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार द्वारा मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार, जीएसटी सुधार रिन्यूएबल एनर्जी, वेस्ट मैनेजमेंट, बायोडिग्रेडेबल उत्पाद और ग्रीन मोबिलिटी को अधिक किफायती और सुलभ बनाकर भारत के जलवायु लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लागत में कटौती, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करने और सस्टेनेबल इंडस्ट्रीज को समर्थन प्रदान कर नए बदलाव प्रदूषण नियंत्रण समाधानों को अपनाने में तेजी लाएंगे।

सौर एवं पवन उपकरणों पर जीएसटी की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इन उपकरणों में सौर कुकर, बायोगैस प्लांट, सौर ऊर्जा आधारित उपकरण, सौर ऊर्जा जनरेटर, पवन चक्कियां, पवन संचालित विद्युत जनरेटर, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और डिवाइस, सौर लालटेन / सौर लैंप, ओशियन वेव्स एनर्जी डिवाइस और प्लांट् और फोटो वोल्टेइक सेल शामिल हैं। केंद्र के अनुसार, जीएसटी दर में कमी से सौर पैनलों, पी.वी. सेल, पवन टर्बाइन और संबंधित उपकरणों की पूंजीगत लागत में सीधे तौर पर कमी आएगी। इस कटौती से सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं की व्यवहार्यता बढ़ेगी, जिससे अंतिम उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ कम हो जाएगा।

### मदर डेरी और एचयूएल ने घटाए दाम

**नई दिल्ली।** कई बड़ी एफएमसीजी कंपनियों ने कहा है कि वे गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स में हुई कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएंगी। मदर डेरी और हिंदुस्तान यूनिलीवर ने अपने पोर्टफोलियो प्रोडक्ट्स के दाम घटाने का ऐलान किया है। डेयरी कंपनी मदर डेरी ने मंगलवार को घोषणा की कि वह अपने पूरे पोर्टफोलियो पर दाम घटा रही है, जिसमें मिल्कशेक, पनीर, जैम और सफल ब्रांड के फ्रोजन उत्पाद शामिल हैं। नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी। मदर डेरी के प्रबंध निदेशक मनीष बंडलिश ने कहा, "डेयरी और प्रोसेस्ड फूड उत्पादों पर हालिया जीएसटी कटौती एक प्रगतिशील कदम है, जो खपत को बढ़ाएगा और उच्च गुणवत्ता वाले पैकेज्ड उत्पादों को अपनाने की रफ्तार तेज करेगा। उपभोक्ता-केंद्रित संगठन होने के नाते, हम 100% टैक्स लाभ अपने ग्राहकों को दे रहे हैं।"

#### पनीर, मिल्कशेक और बटर होंगे सस्ते

200 ग्राम और 400 ग्राम पनीर पैक की कीमत क्रमशः 92 और 174 होगी, जो पहले 95 और 180 थी। 22 सितंबर से पैक्ड पनीर पर जीएसटी पूरी तरह खत्म होगा। इसी तरह, 180 एमएल मिल्कशेक अब 28 में मिलेगा, पहले कीमत 30 थी। 500 ग्राम और 100 ग्राम बटर की कीमत घटकर क्रमशः 285 और 58 हो जाएगी, जो पहले 305 और 62 थी। 180 ग्राम चीज़ क्यूब्स अब 135 में मिलेंगी।

#### एचयूएल ने भी अपने घटाए दाम

शनिवार को उपभोक्ता सामान कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर ने अखबारों में दिए विज्ञापनों में कई उत्पादों की कीमतें घटाने की घोषणा की। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताकि, 340 एमएल डव शैम्पू 490 से घटकर 435 का होगा। 75 ग्राम लाइफबॉय साबुन (4 का पैक) 68 से घटकर 60 मिलेगा। 350 ml सनसिल्क ब्लैक शाइन शैम्पू 430 से घटकर 370 का होगा।

## अमेरिका-भारत के बीच ट्रेड वार्ता शुरू होने से शेयर बाजार हरे निशान में बंद हुआ



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार के ज्यादातर सूचकांकों में बढ़त देखी गई। दिन के अंत में सेंसेक्स 594.95 अंक या 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,380.69 और निफ्टी 169.90 अंक या 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,239.10 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी का रुझान देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 313.45 अंक या 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,799.55 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 171.35 अंक या 0.95 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,298.35 पर था। बाजार की तेजी का नेतृत्व ऑटो शेयरों ने दिया। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी रियल्टी (1.07 प्रतिशत), निफ्टी आईटी (0.86 प्रतिशत), निफ्टी एनर्जी (0.89 प्रतिशत) और निफ्टी इन्फ्रा (1.02 प्रतिशत) की तेजी का साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, एलएंडटी, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल (जोमैटो), एचसीएल टेक, एनटीपीसी, बीईएल, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स और एसबीआई टॉप गेनर्स थे। बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स लूजर्स थे। बाजार के जानकारों ने कहा कि सकारात्मक वैश्विक संकेतों के साथ अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंक की कटौती की उम्मीद ने बाजार की रिकवरी में मदद की। वहीं, भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड वार्ता शुरू होने का निवेशकों की धारण पर सकारात्मक असर हुआ है। जीएसटी सुधारों के कारण ऑटो और कंज्यूमर सेक्टर ने रिकवरी को लीड किया। जानकारों ने आगे कहा कि आने वाले समय निवेशकों का फोकस भारत-अमेरिका ट्रेड वार्ता और घरेलू अर्थव्यवस्था से जुड़े आकंड़ों पर होगा।

## एलआईसी ने बेचे 1.36 करोड़ शेयर

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय जीवन बीमा निगम ने ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 9.5% से घटाकर 7.5% कर दी है। इस फैसले की जानकारी कंपनी ने शेयर बाजार को दिए गए एक आधिकारिक लेटर (फॉर्मल डिस्क्लोजर लेटर) में दी। LIC एल आईसी ने 23 नवंबर 2021 से 9 अक्टूबर 2025 के बीच खुले बाजार में शेयर बेचे। इस दौरान निगम ने 1,36,67,607 शेयरों की बिक्री की। बिक्री के बाद एल आईसी की हिस्सेदारी 6,47,02,813 शेयरों से घटकर 5,10,35,206 शेयर रह गई। इस तरह एल आईसी की हिस्सेदारी कंपनी की कुल इक्विटी में 9.507% से घटकर 7.499% रह गई। इसी बीच, मंगलवार दोपहर 2:51 बजे ग्रासिम का शेयर भाव बीएसई पर 2839 पर ट्रेड कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 1.28% ज्यादा था। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के शेयरों ने हाल के महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले एक महीने में शेयर 1% से ज्यादा चढ़ा है और तीन महीने में 5% की बढ़त दर्ज की है। पिछले छह महीनों में यह शेयर 18% ऊपर गया है, जबकि साल की शुरुआत से अब तक इसमें 15% की तेजी आई है। हालांकि, पिछले एक साल में ग्रासिम के शेयर लगभग सपाट रहे हैं। लेकिन लंबी अवधि में यह शेयर निवेशकों के लिए 'मल्टीबैगर' साबित हुआ है। पिछले पांच सालों में इसने 292% का जबरदस्त रिटर्न दिया है।

## सोना-चांदी ऑलटाइम हाई पर, फेड के रेट कट की उम्मीदों से मिल रहा दम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सोना- चांदी की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी है। मंगलवार यानी 16 सितंबर को सोने-चांदी के वायदा भाव ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। हालांकि, सोने-चांदी के भाव शुरुआती कारोबार में नरमी के साथ कारोबार कर रहे थे। लेकिन जैसे ही कारोबार आगे बढ़ने लगा इनके भाव में भी तेजी आने लगी। ग्लोबल मार्केट से मिले रहे मजबूत संकेतों और इस हफ्ते अमेरिकी फेडरल रिजर्व की संभावित ब्याज दर कटौती से पहले निवेशकों की पोजिशनिंग के चलते यह बढ़त देखने को मिली।

सोना आज 406 रुपये हुआ महंगा सोने के वायदा भाव की शुरुआत मंगलवार को तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 98 रुपये की तेजी के साथ 1,10,277 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,10,179 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 406 रुपये की तेजी के साथ 1,10,585 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। साथ ही, आज इसने 1,10,592 रुपये के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया।

- **चांदी भी ऑलटाइम हाई पर**

इस बीच, चांदी भी नए शिखर पर पहुंच गई। हालांकि, चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 94 रुपये की गिरावट के साथ 1,29,336 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,29,429 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 320 रुपये की तेजी के साथ 1,29,749 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। और इस समय इसने 1,29,878 के भाव पर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया।

# नवरात्र से पहले सड़क व स्ट्रीट लाइट दुरुस्ती की चिंता, श्रद्धालु हो रहे हैं परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** शारदीय नवरात्र की तैयारियों में शहरभर में पूजा समितियां जुटी हुई हैं। जपला महावीर जी भवन परिसर,प्रसिद्ध दुर्गा बाड़ी,स्टेशन परिसर समेत दर्जनों पंडालों में मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। बंगाल से आए कारीगर मूर्तियों को अंतिम रूप देने में दिन-रात लगे हैं। लेकिन श्रद्धालुओं की सबसे बड़ी चिंता जर्जर सड़कें और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें बनी हुई हैं। जपला स्टेशन रोड और



जयप्रकाश चौक से होकर गुजरने वाले रास्तों पर जलजमाव और गड्ढों की स्थिति ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरसात होते ही सड़कें तालाब जैसी हो जाती हैं, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। इस हालात में त्योहार के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ दुर्घटना का शिकार हो सकती है। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हजारों लोग शामिल होते हैं, लेकिन स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइट लंबे समय से खराब पड़ी हैं। नागरिकों का कहना है कि अंधेरे में आवाजाही करना खतरनाक साबित हो सकता है।

इधर जानकारी मिली है कि बिजली के खंभों पर लगी स्ट्रीट लाइट और तारों की मरम्मत के लिए नगर पंचायत के पास जो हाईड्रोलिक मशीन है, वह खराब हो चुकी है। इसे बनाने में लगभग 10 से 12 हजार रुपये का खर्च आएगा। नगर पंचायत के प्रशासक सह अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता के आदेश के बाद प्राक्कलन भेजा गया है, लेकिन मंजूरी लंबित है। ऐसे में 22 सितंबर से शुरू हो रहे नवरात्र से पहले सभी लाइटें दुरुस्त हो पाएंगी, इसकी संभावना बहुत कम दिख रही है। लोगों का कहना है कि जब छोटी-सी मरम्मत के लिए भी काम अटक रहा है, तो टूटी-फूटी सड़कों के बड़े गड्ढों को भरना तो और भी मुश्किल होगा। नागरिकों ने आशंका जताई है कि इस बार श्रद्धालुओं को बूझी स्ट्रीट लाइट और जर्जर सड़कों के बीच ही नवरात्र और दशहरा मनाना पड़ सकता है।

## हैदरनगर में चंद घंटे में ही किसान चट कर गए 650 बैग यूरिया

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के किसानों की खेतों को यूरिया खाद से आच्छादित कराने के लिए विभिन्न खुदरा दुकानदारों को कुल 650 बैग यूरिया का खेप मंगलवार को पहुंचा। इसकी भनक लगते ही भूखे प्यासे किसानों का जत्था सुबह 6 बजे से ही दुकानों पर जमे रहे। इससे मुख्य पथ को भी जाम का सामना करना पड़ा। किसान इस बात को लेकर संतुष्ट हैं कि अब तक विभिन्न पैक्स और खुदरा दुकानदारों को कम मात्रा में यूरिया प्राप्त हुआ। कालाबाजारी पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन के सख्त निर्देश के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने इन खाद को बिक्री से पूर्व दुकानों और पैक्स में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार और प्रभारी कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह की प्रतिनियुक्ति इस पर निगरानी के लिए की है। अब तक इनके निगरानी में ही पूरी पारदर्शिता के साथ स्टॉक की जांच उपरांत खाद वितरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करने में सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आवंटित व प्राप्त मात्र 650 बैग यूरिया में सिंह खाद बीज भंडार व किसान खाद बीज भंडार को 150 - 150 बैग, श्री राम, रवि खाद, आयुष खाद बीज भंडार व किसान एग्रो को 80 - 80 बैग जबकि कन्हैया ट्रेडर्स को 110 बैग यूरिया प्राप्त हुआ। जिसे उनकी निगरानी में ही यूरिया किसानों को शत प्रतिशत वितरण कराने के बाद भंडारण क्षमता शून्य कर दी गई है।

### शिवाजी मैदान गंदगी : जुआ व शराबियों का अड्डा बना, निगम-प्रशासन खामोश

# मेले के बाद मैदान की नहीं हुई साफाई शाम होते ही नशेड़ियों का कब्जा





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डिजनीलैंड मेले के समाप्त हुए एक सप्ताह से अधिक हो चुके हैं, लेकिन नगर निगम और प्रशासन की उदासीनता के कारण शिवाजी मैदान अब गंदगी और अपराधियों का अड्डा बन गया है। चारों ओर फैली सड़ांध से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को टहलना मुश्किल हो गया है, वहीं आसपास रहने वाले लोग खिड़की-दरवाजा बंद रखने को विवश हैं। बच्चों का खेलकूद भी मैदान की गंदगी की भेंट चढ़ गया है।

शिवाजी मैदान शराबियों और गंजेड़ियों की मंडी में तब्दील हो जाता है। शाम 7 बजे से देर रात तक शराब की बोतलें बिखरी रहती हैं और लोग मैदान से गुजरने से कतराते हैं। दूसरी ओर दिन भर जुआरियों की भीड़ मैदान और आसपास कब्ज़ा जमाए रहती है। स्कूली बच्चों और आम राहगीरों के लिए यह दृश्य परेशानी और खतरे का सबब बन गया है।

लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद टाउन थाना और निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की। शाम के बाद पुलिस की गश्ती तक नदारद रहती है। स्थानीय नागरिकों का सवाल है, आखिर प्रशासन कब तक आंखें मूंदे रहेगा और नगर निगम कब गंदगी व अड्डेबाजी से शिवाजी मैदान को मुक्त कराएगा?

## शिल्पियों के भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियों को दिया अंतिम रूप

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** भगवान विश्वकर्मा की बुधवार को पूजा-अर्चना करने को लेकर जहां आयोजकों ने तैयारी पूरी कर ली है, वहीं मूर्तिकार बसंत प्रजापति (भजनियां) ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर मूर्तियों को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने बताया कि करीब 10 साल पहले से स्थानीय ठाकुरबाड़ी के समीप विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमा बनाने का काम शुरू किया था। सबसे पहले उन्होंने मां शारदे की मूर्तियां बनाने से ही मूर्तिकला शुरू की थी। बाद में अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की मांग होती गई, तो उन्होंने सभी की मूर्तियों का निर्माण करना शुरू कर दिया। इस वर्ष भी उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियों का निर्माण किया है। इसमें उन्होंने 7 मूर्तियां बनाए हैं। लोगों का मानना है कि स्थानीय स्तर पर सहज तरीके से मूर्तियों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से बाहर से इनके लाने की निर्भरता और परेशानी का अंत हो गया है। जबकि पहले डेहरी ऑन-सोन या जपला से मूर्तियां लानी पड़ती थी।मगर स्थानीय स्तर पर उपलब्धाता की वजह से अब करीब हर देवी-देवता की मूर्ति पूजा का प्रचलन भी बढ गया है। इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना और स्थापना को लेकर खासकर, बच्चों और युवाओं में आस्था और उत्साह देखने को मिला। बसंत प्रजापति ने बताया कि पहले रोजगार के लिए उन्हें अपने भाईयों के साथ अन्य महानगरों में पलायन करने को विवश होना पड़ता था। मगर कोरोना की वजह से घर वापसी के दौरान मूर्तिकला को निखारने का अवसर मिला। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी आपदा में उनके लिए स्वावलंबन का अवसर बन गया। उन्होंने कहा कि मूर्तिकला से उन्हें लोगों का सम्मान मिला, पर सरकार की ओर से इसके लिए सहायता नहीं मिल रही है, इसका उन्हें मलाल है।



### भीमबराज स्थल पर विश्वकर्मा पूजा आज

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज स्थल पर बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की धूमधाम से पूजा-अर्चना की जाएगी। प्रसाद वितरण के पश्चात भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने दी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से इस मौके पर पधारने का आग्रह किया है।

### प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना व डीएमएफटी बैठक में लिए गए कई निर्णय

## 105 ग्राम विकास योजनाओं को मिली मंजूरी



- विश्रामपुर की नदी पार कर इलाज ले जाते ग्रामीणों की खबर पर त्वरित कार्रवाई
- धुरिया नदी पर पुल निर्माण का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक मंगलवार को समाहरणालय सभागार में। उपायुक्त पलामू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में योजना के फेज-1 के 08 और फेज-2 के 97 ग्रामों सहित कुल 105 गांवों की ग्राम विकास योजना का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। इन ग्रामों में अभिसरण एवं गैप फिलिंग फंड दोनों के माध्यम से विभिन्न विकास योजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फेज-1 के तहत प्रत्येक ग्राम में 44.77 लाख रुपये और फेज-2 के तहत 20 लाख रुपये की राशि गैप फिलिंग फंड के रूप में उपबंधित की गई है। अनुमोदित गांवों में चैनपुर प्रखंड के 13, छतरपुर के 01, हरिहरगंज के 14, हुसैनाबाद के 07, मेदिनीनगर के 03, नौडीहा बाजार के 04, नीलांबर-पीतांबरपुर के 11, पांडू के 07, पाटन के 07, पिपरा के 13, रामगढ़ के 05, सतबरवा के 06 और तरहसी के 14 ग्राम शामिल हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला ग्रामीण विकास शाखा के निदेशक, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे। उधर, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की शासी परिषद की बैठक भी मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में हाल ही में विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित विश्रामपुर की खबर, जिसमें एक मरीज को ग्रामीणों द्वारा खाट पर नदी पार कर अस्पताल ले जाते हुए दिखाया गया था, पर गंभीर संज्ञान लिया गया। जांच के बाद विश्रामपुर अंचल के राजखाड़ ग्राम स्थित धुरिया नदी पर पुल निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसके अतिरिक्त कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। बैठक में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव, विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, चतरा सांसद के प्रतिनिधि, पांकी विधायक के प्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पेज एक के शेष

### झारखंड में जल्द...

उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर अपने इर्द-गिर्द के सभी चीजों को संजोया है। उस समय की शिक्षा पद्धति कुछ और थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व के समय से ही बौद्धिक विकास अलग-अलग माध्यमों से होता रहा है। वर्तमान में हमारे बच्चों के बौद्धिक विकास का रास्ता शिक्षा के माध्यम से होकर जाता है। यह बिल्कुल अलग है और इसमें लगातार नए आयाम जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था, जब बच्चे कॉपी की जगह स्लेट उपयोग करते थे। वर्तमान में सभी चीज डिजिटल हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में ब्लैकबोर्ड की जगह डिजिटल ब्लैकबोर्ड्स आने लगे हैं। सीएम सोरेन ने कहा, आज शिक्षा के क्षेत्र में हमें आगे बढ़ाने के लिए अपनी रफ्तार बढ़ानी होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ समस्याओं की वजह से शिक्षा के क्षेत्र में हम अपेक्षित रूप से बहुत आगे नहीं बढ़ पाए हैं। इसलिए हम लोगों ने प्रयास किया है कि क्वालिटी एजुकेशन के लिए जितने भी आयाम जोड़े जा सकते हैं, उन्हें जोड़ा जाए। इस क्षेत्र में बेहतर से बेहतर काम किए जा रहे हैं। आने वाली पीढ़ी आगे बढ़ सके, इसके लिए हम सबों को बेहतर शिक्षा की ओर आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जिस कार्य के लिए आपको पारिश्रमिक मिलेगा, वह पैसा आम लोगों का है। आम जनता द्वारा भुगतान किए गए टैक्स की राशि से आपको तनख्वाह दी जाएगी। आने वाले समय में आपका प्रमोशन भी होगा। अगर हम किसी चीज को पाने की इच्छा रखते हैं, तो हमें कुछ देने की भी कोशिश करना नितांत आवश्यक है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम अपने कर्तव्य का निर्वहन बेहतर ढंग से करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी होती है जब सीएम उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ हुआ, तो कई अभिभावक अपने बच्चों का निजी स्कूलों से नाम कटवा कर सरकारी स्कूल में करवा रहे हैं। क्योंकि, प्राइवेट स्कूलों में पैसे देने की स्थिति उनकी नहीं है और हम लोगों ने गुणवत्ता पूर्वक उत्कृष्ट विद्यालय को प्रारंभ किया है। हालांकि, सीएम उत्कृष्ट स्कूलों में अभी और बेहतर चीजों को समाहित करने की आवश्यकता है। निश्चित रूप से इस प्रक्रिया को बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री संजय प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्राथमिक शिक्षा निदेशक मनोज रंजन सहित बड़ी संख्या में नवनियुक्त सहायक आचार्य एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

### सरकार का उद्देश्य...

रहने वाली हमारी बहनों और बच्चों तक, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प हैं। डॉ इरफान अंसारी ने कहा, 'मेगा महिला स्वास्थ्य अभियान' हमारी माताओं और बहनों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं, जैसे कि जननांग सूजन और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम पर केंद्रित है। यह समझना बहुत जरूरी है कि समय पर जांच और इलाज से इन गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। मैं सभी महिलाओं से आग्रह करता हूं कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। इसके साथ ही, 'दृष्टि सुरक्षा अभियान' और 'रन फॉर विजन' का आयोजन भी एक सराहनीय कदम है। आंखों का स्वास्थ्य हमारे जीवन में बहुत महत्व रखता है। यह अभियान न केवल दृष्टि से जुड़ी समस्याओं का इलाज करेगा, बल्कि नेत्रदान के प्रति समाज में जागरूकता भी बढ़ाएगा। यह एक नेक कार्य है, जो किसी के जीवन में फिर से रोशनी ला सकता है। हमारी सरकार का उद्देश्य सिर्फ इलाज करना नहीं, बल्कि स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड का निर्माण करना है। मैं डॉ भारती कश्यप और उनकी पूरी टीम को उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूँ। उनका 'झारखंड मॉडल' एक प्रेरणा है, जो दिखाता है कि अगर सरकार और समाज मिलकर काम करें, तो बड़े से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। मंगलवार की सुबह 7:30 बजे रन फॉर विजन का आयोजन गांधी मैदान, जामताड़ा तथा 'मेगा महिला स्वास्थ्य अभियान' और 'दृष्टि सुरक्षा अभियान' का आयोजन जेबीसी 10+2 विद्यालय, जामताड़ा में किया गया था। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, वृद्ध और बच्चों की दृष्टि सुरक्षा और लोगों को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर सारठ के विधायक, उपायुक्त, उप-विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन, वीमेन डॉक्टर विंग (आईएमए झारखंड) की अध्यक्षा डॉ भारती कश्यप सहित कई गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।इस अवसर पर जामताड़ा के उपायुक्त ने 'रन फॉर विजन' की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, इस तरह के आयोजनों से नेत्रदान जैसे नेक कार्य का संदेश दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचता है और लोगों को प्रेरित करता है। सिविल सर्जन, जामताड़ा ने कहा, आज का यह शिविर ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में मरीजों के लिए मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध थी, जिससे उन्हें भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।ज्ञात हो कि वीमेन डॉक्टर विंग पिछले 12 वर्षों से झारखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य अभियान चला रही है। इसका उद्देश्य 'पर्टिकुलरली वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप्स' (पीवीटीजी) और अन्य वंचित समुदायों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।

### स्वास्थ्य सुविधा से...

जिसके तहत 5 लाख से अधिक महिलाओं की स्क्रीनिंग हो चुकी है। जरूरतमंदों क्रायो उपचार से इलाज किया है। इसके अलावा, मोतियाबिंद, कॉर्निया की खराबी या रेटिना की समस्या से पीड़ित मरीजों की पहचान कर आयुष्मान योजना के तहत कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, रांची में मुफ्त इलाज उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के साथ मिलकर झारखंड मॉडल के तहत अब तक 5 लाखों से अधिक महिलाओं की स्क्रीनिंग और उपचार किया जा चुका है।

### सीआईडी की साइबर...

पुलिस ने लोगों को आगाह किया है कि किसी भी निवेश के लिए सर्च इंजन, सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स पर आने वाले अनजान विज्ञापनों पर भरोसा न करें। झारखंड पुलिस ने कहा है कि डिजिटल और साइबर अपराधों पर नकेल कसी जा रही है। सभी ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई की जाएगी।

### आईएएस विनय चौबे...

वर्ष 1978 में लीज समाप्त होने के बाद जमीन खाली रही, लेकिन वर्ष 2008 से 2010 के बीच प्रशासनिक साजिश के तहत 23 लोगों के नाम से निबंधित कर दी गई। जांच में तत्कालीन डीसी विनय चौबे की भूमिका संदिग्ध पाई गई। विनय चौबे इस समय रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में न्यायिक हिरासत में हैं। वह झारखंड कैडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। कई जिलों में उपायुक्त के रूप में सेवा देने के बाद वह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सचिव, उत्पाद विभाग के सचिव सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं। झारखंड एसीबी ने उन्हें 20 मई को राज्य में हुए शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया था। तय समय पर चार्जशीट दाखिल न होने के कारण उन्हें उस केस में जमानत मिल गई थी। लेकिन, अब हजारीबाग भूमि घोटाले में उनकी जमानत अर्जी खारिज हो गई है, इसलिए वे अभी जेल में ही रहेंगे।

### सभी जिलों में...

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आज भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र धरती से खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल में बार भवन के निर्माण के लिए किया जा रहा शिलान्यास कार्य न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर सांसद श्री कालीचरण मुंडा, विधायक श्री राम सूर्या मुंडा, विधायक श्री सुदीप गुड़िया, महाधिवक्ता श्री राजीव रंजन, न्यायिक एवं प्रशासनिक पदाधिकारीगण, गणमान्य अतिथिगण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अधिवक्ताओं को पेंशन...

उन्होंने कहा कि जिला न्यायालयों में व्यक्तिगत रूप से कई बार आने जाने का मौका मुझे भी मिला है। हमारी सरकार की सोच है कि न्यायालय परिसर की समस्याओं का समाधान तुरंत होना चाहिए। सरकार इसके लिए कटिबद्ध है। आने वाले समय में स्वतंत्र रूप से न्याय व्यवस्था अपने कार्यों में आगे बढ़े, इसके लिए राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करने को सदैव तत्पर है।

### झारखंड समेत आठ...

इस मामले में आरिफ हुसैन उर्फ अबू तालिब को 27 अगस्त को उस समय पकड़ा गया था, जब वह रियाद भागने की कोशिश कर रहा था। जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि आरोपी ने नेपाल सीमा के माध्यम से हथियारों की आपूर्ति की व्यवस्था करने के लिए सह-अभियुक्तों के साथ साजिश रची थी। एनआईए इस मामले की जांच कर रही है, जिसे आरोपी सिराज-उर-रहमान की गिरफ्तारी के बाद विजयनगरम पुलिस ने जुलाई से दर्ज किया था। पुलिस ने सिराज को गिरफ्तार किया, क्योंकि उसके पास विस्फोटक डिवाइस (आईईडी) बनाने के लिए संदिग्ध रासायनिक पदार्थ मिले थे। एनआईए के बयान में बताया गया कि पूछताछ के दौरान, सिराज ने भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश का खुलासा किया। इसके बाद पुलिस ने एक अन्य आरोपी, सईद समीर, को भी गिरफ्तार किया। एनआईए की जांच से पता चला है कि सिराज और समीर दोनों इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलीग्राम, सिग्नल और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से युवाओं को भड़काने में सक्रिय रूप से शामिल थे। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत जांच जारी है।

# दरुआ बेनी पंचायत में मनरेगा में अनियमितता का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के दरुआ बेनी पंचायत में मनरेगा योजना के तहत मेड़बंदी कार्य में भारी अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों और पंचायत की उप मुखिया दया देवी ने आरोप लगाया है कि पंचायत प्रतिनिधियों और रोजगार सेवक की मिलीभगत से बिना कार्य किए ही लाखों रुपये का भुगतान कर आपस में बंदरबांट कर लिया गया। उप मुखिया दया देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए आवेदन में कहा कि गांव में मेड़बंदी का काम धरातल पर नहीं हुआ, लेकिन कागज पर मजदूरों की हाजिरी चढ़ाकर मोटी रकम की निकासी कर ली गई। यह सीधे-सीधे गरीबों के हक



पर प्रहार है। ग्रामीण अभिषेक कुमार, अखिलेश तिवारी और रामाशीष सिंह ने भी कहा कि योजनाओं में लगातार गड़बड़ी हो रही है। उनके मुताबिक, बिना मजदूरों के काम किए ही जॉब कार्ड पर भुगतान दिखाया जाता है और मशीनों से कार्य करवा कर नियमों की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। कार्य में फर्जी जॉब कार्ड बनाकर मजदूरी का भुगतान किया जाता है और मस्टर रोल में हेराफेरी और फर्जी हाजिरी बनाई गई है। ग्रामीणों और उप मुखिया ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि पूर्व में भी मनरेगा कार्य में अनियमितता किए जाने के कारण इस पंचायत के मुखिया, रोजगार सेवक और पंचायत सचिव पर बीडीओ द्वारा जुमार्ना लगाया गया है, जिसे अब तक जमा भी नहीं किया गया है।

### 2 अक्टूबर तक 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान व स्वच्छता ही सेवा अभियान

# लातेहारवासियों से अभियान को सफल बनाने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के सफल संचालन हेतु समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई।

यह विशेष अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों से लेकर जिला अस्पताल तक चलाया जायेगा। बैठक में पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गयी। आगामी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले



अभियान का मुख्य फोकस मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और टीबी उन्मूलन पर रहेगा। इन गतिविधियों के माध्यम से आम जनों को व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**मरीजों की समुचित स्क्रीनिंग सुनिश्चित करें :** उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने और स्वास्थ्य शिविरों में मरीजों की समुचित स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के नागरिकों से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। सिविल सर्जन ने अभियान से संबंधित बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण की समीक्षा, किशोरियों में एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं उपचार के साथ-साथ पोषण, आहार और मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दीपक महतो के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप अलग-अलग तिथियों पर संचालित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई। बैठक में सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, डीपीएम जेएसएलपीएस, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# यूरोप से अमेरिका ने कहा भारत पर 100% टैरिफ लगाएं

## वित्त मंत्री ने कहा- अपनी जिम्मेदारी निभाए यूरोप, चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से इनकार

**एजेंसी । वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने यूरोपीय देशों से भारत और चीन पर 50% से 100% तक टैरिफ लगाने की अपील की है। यह बात उन्होंने सोमवार को ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में कही। बेसेंट ने कहा कि रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका तब तक एक्स्ट्रा टैरिफ नहीं लगाएगा, जब तक कि यूरोपीय देश चीन और भारत पर भारी टैरिफ नहीं लगाते। यूरोप को रूस की ऑयल इनकम रोकने और यूक्रेन में युद्ध खत्म करने में बड़ी भूमिका निभानी होगी। बेसेंट का यह बयान चीन से टिकटॉक को लेकर हुई बातचीत के बाद आया है। उन्होंने कहा कि चीन, रूस से तेल खरीदने को अपना अंतरिक मामला मानता है। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि भारत और चीन रूस से तेल खरीद रहे हैं, जिससे पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत-चीन पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर इन्हें रूसी खरीदने से रोका जा सकता है।



हम यूरोप से उनकी जिम्मेदारी निभाने की उम्मीद करते हैं। चीन पर टैरिफ लगाने के मामले में हम यूरोप के बिना आगे नहीं बढ़ेंगे।

**स्कॉट बेसेंट, अमेरिकी वित्त मंत्री**

### अमेरिका रूसी ऑयल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का सोच रहा

बेसेंट ने कहा कि अमेरिका यूरोपीय देशों के साथ मिलकर रूस की ऑयल कंपनियों जैसे रोसनेफ्ट और लुकोइल पर कठोर प्रतिबंध लगा का सोच रहा है। इसके साथ ही 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस की जो 300 अरब डॉलर प्रॉपर्टी फ्रीज की गई थी, उनका इस्तेमाल करने पर विचार करेगा। इस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल यूक्रेन के लिए कर्ज गारंटी के तौर पर किया जा सकता है। उन्होंने कहा- मैं गारंटी देता हूं कि अगर यूरोप रूसी तेल खरीदने वालों पर भारी टैरिफ लगाए, तो 60 से 90 दिनों में युद्ध खत्म हो जाएगा।

### ट्रंप ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की अपील की थी

राष्ट्रपति ट्रंप ने 3 दिन पहले सभी नाटो देशों और दुनिया को एक लेटर भेजा था, जिसमें उन्होंने रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था- मैं रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, लेकिन इसके लिए सभी नाटो देशों को रूस से तेल खरीदना बंद करना होगा और मुझसे सहमत होना होगा। ट्रंप ने कहा था कि कि कुछ नाटो देश रूस से तेल खरीद रहे हैं, जो गलत है और इससे उनकी बातचीत की ताकत कम हो जाती है। ट्रंप ने आगे कहा- जब आप तैयार हों, तो बस कहें। मैं मानता हूं कि अगर नाटो चीन पर 50% से 100% तक टैरिफ लगाए, तो यह युद्ध खत्म करने में मदद करेगा। यह टैरिफ युद्ध खत्म होने के बाद पूरी तरह से हटा लिया जाएगा। चीन रूस पर कंट्रोल रखता है और ये टैरिफ उस कंट्रोल को तोड़ देंगे।

टकराए दो जहाज

## फिलीपींस के जहाज का चालक जख्मी

**नई दिल्ली ।** चीन के तटरक्षक बल (सीसीजी) ने फिलीपींस के जहाज पर दक्षिण चीन सागर में वॉटर कैनन फायर करने का दावा किया है। मंगलवार को स्कारबोरो शोल के पास फिलीपींस के जहाज पर जानबूझकर उसके एक जहाज को टक्कर मारने का आरोप लगाया। वहीं फिलीपींस ने कहा कि उनका जहाज मछुआरों को रसद पहुंचा रहा था। स्कारबोरो शोल दक्षिण चीन सागर में एक विवादित क्षेत्र है जिस पर दोनों देश अपना दावा करते हैं। सीसीजी के मुताबिक जहाज संख्या 3014 ने चीन की बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए जानबूझकर एक चीनी तटरक्षक जहाज को टक्कर मारी, जिसे चीन ने 'गैर-पेशेवर और खतरनाक' कृत्य बताया। वहीं, फिलीपीनी कोस्ट गार्ड (पीसीजी) के अनुसार मछुआरों को रसद पहुंचा रहे एक फिलीपीनी जहाज को मंगलवार, 16 सितंबर को स्कारबोरो शोल के निकट चीन के तट रक्षक जहाजों ने पानी की बौछार मार कर उड़ा दिया। इससे एक फिलीपीनी चालक दल का सदस्य घायल हो गया और जहाज क्षतिग्रस्त हो गया।

# कौन सी दाल कितनी देर भिगोने के बाद पकानी चाहिए कब कौन सी दाल खानी चाहिए?

## दाल को पकाने व खाने का तरीका गैस का कारण बनता है

**ब्यूरो / नई दिल्ली।** आहार विज्ञान , आयुर्वेद तथा नेचुरोपैथी में कौन सा अन्न कब , कितनी देर पानी में भिगोकर पकाना चाहिए , कितनी मात्रा में खाना चाहिए , इन सब पर विस्तार से बताया गया है। इसी तरह से दाल के बारे में भी बताया गया है। और दाल तो भारतीय आहार का जरूरी हिस्सा है। भारतीय लोगों के यहाँ लगभग रोज़ एक समय दाल जरूर बनायी जाती है । यह कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर, विटामिन व मिनरल्स का खजाना है। वैसे भी यदि नियमित रूप से दाल सेवन किया जाए तो सेहत के साथ-साथ कई बीमारियों में भी फायदा मिलता है। लेकिन दाल सही समय, सही मात्रा व सही तरीके से पकाने पर ही शरीर को पूरा पोषण व आराम देती है। पोषण विशेषज्ञ के अनुसार दाल शरीर में गैस नहीं करती, बल्कि इसे पकाने व खाने का तरीका गैस का कारण बनता है। इसके बारे में तमाम जानकारों ने जो कुछ कहा , बताया है उसके अनुसार निम्न दालों को बताए अनुसार भीगो व पकाकर उपयोग करने पर अच्छा लाभ मिल सकता है...

**1. तुअर या अरहर की दाल :** अरहर की दाल पकाने के एक घंटे पहले भिगो देना चाहिए। इसमें थोड़ा हल्दी व हींग के साथ पकाएं तो बेहतर परिणाम मिलेगा ।। इसमें प्रोटीन व कार्बोहाइड्रेट का संतुलित अनुपात होता है और यह आसानी से पचने वाली होने के कारण लगभग सभी के लिए बहुत हद तक सुरक्षित है। इसे खाने का सबसे अच्छा समय दोपहर का भोजन है। सांभर या रसम बनाने के लिए यह सबसे अच्छी दाल है।लेकिन अरहर की दाल को कच्चा या अधपका नहीं खाना चाहिए। इसे बहुत अधिक तेल में पकाने से भी बचना चाहिए, क्योंकि इससे इसके स्वास्थ्य लाभ कम हो सकते हैं। लेकिन डायरिया, लूज मोशन ,आईबीएस के मरीज को इस दाल का सेवन करने परहेज करना चाहिए।



**2. साबुत हरी मूंग दाल :** साबुत हरी मूंग दाल का उपयोग करने का अच्छा तरीका यह है कि इसे रात भर भिगोएं, आसानी से पचने के लिए अंकुरित करें और हमेशा अच्छी तरह पकाएं। यह वजन घटाने, शुगर व बुजुर्गों के लिए सबसे अच्छी दाल है। साबुत दालों में यह पचाने में सबसे आसान है और जब इसे अंकुरित रूप में खाया जाता है, तो यह गैस को कम करने के लिए जानी जाती है। लेकिन दस्त, लूज मोशन या आईबीएस से पीड़ित हैं, तो इसका सेवन करने से बचें। इसको दोपहर या रात में खाया जा सकता है। पाचन क्षमता के अनुसार, रोज़ आधे से एक कप के बीच सीमित होना चाहिए।टंकी फुल वाले हिसाब से नहीं खाना चाहिए।

**3. पीली मूंग दाल :** खाने व पचाने में यह सबसे हल्की और पेट के लिए सबसे ज्यादा सुरक्षित दाल है । इसे बच्चे, बुजुर्ग व बीमार सभी खा सकते हैं, क्योंकि यह पेट के लिए आसान होती है। इसे दिन में किसी भी समय खाया जा सकता है । इसको एलर्जी वाले लोगों को छोड़कर सभी के लिए सुरक्षित माना जाता है। यह बीमारी के बाद ठीक होने के लिए सबसे अच्छी है और इसे दाल तड़का, सूप, चीला व मूंग दाल हलवे के रूप में खाया जा सकता है। मूंग दाल को ज्यादा घी या तेल में नहीं पकाना चाहिए और पके हुए रूप में रोजाना एक कप तक ही सीमित रखना चाहिए।ज्यादा खाने पर पेट के लिए भारी हो सकता है।

**4. उड़द दाल :** उड़द की दाल को रात भर भिगोकर, किण्वित करके अदरक या हींग के साथ पकाना चाहिए। यह पचने में भारी होती है और पाचन संबंधी समस्याओं वाले लोगों में पेट फूलने का कारण बन सकती है। इसलिए अदरक या हींग भारीपन को कम करने और पाचन शक्ति बढ़ाने में मदद करती है। इसे दोपहर के भोजन व रात के खाने में डोसा के रूप में खाया जा सकता है, लेकिन इसे ग्रेवी के रूप में खाने से परहेज करना चाहिए। यह उन लोगों के लिए बहुत अच्छी है, जो हड्डियों व जोड़ों की मजबूती के साथ-साथ सहनशक्ति भी बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन पेट की समस्याओं वाले लोगों व बुजुर्गों को इससे परहेज करना चाहिए।

**5. काली उड़द दाल :** यह दाल हड्डियों को मजबूत बनाने व शक्ति बढ़ाने के लिए बहुत अच्छी है। यह सबसे भारी दाल है, जिसमें प्रोटीन और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। इसकी पाचन शक्ति भी कम होती है और इसे बुजुर्गों, बच्चों व आईबीएस व कमजोर पाचन वाले लोगों को नहीं खाना चाहिए। इसे 10 से 12 घंटे भिगोकर धीमी आंच पर तब तक पकाना चाहिए, जब तक यह नरम न हो जाए। इसे खाने का सबसे अच्छा समय दोपहर का भोजन है। इसे रात के खाने में खाने से बचें, क्योंकि यह पचने में मुश्किल होती है।

**6. चना दाल :** तमाम लोगों की पसंदीदा चना दाल को कम से कम दो से तीन घंटे के लिए भिगोना ही चाहिए। बेहतर हो कि इसे रात भर भिगोवें। और इसको अच्छी तरह पकाना बहुत जरूरी है। यह पचने में मध्यम से भारी होती है और यदि अधपकी हो तो पेट फूल सकता है। इसलिए सेवन करते समय लापरवाही नहीं बरतें। यह शुगर व वजन कंट्रोल के लिए सबसे अच्छा काम करती है। इसमें कम जीआई व हाई फाइबर होता है। इसे पचाना मुश्किल होता है, इसलिए इसे दोपहर के भोजन में खाना चाहिए। चना खाने का सबसे अच्छा तरीका चना दाल लौकी, ढोकला व चिल्ला के रूप में है। इसे बिना भिगोए नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे गैस बनती है।

**7. मसूर दाल :** इस दाल को हमेशा अच्छी तरह धोकर , हल्का पकाकर ही खाएं। यह पचने में हल्की होती है, लेकिन मूंग दाल के मुकाबले थोड़ी ज्यादा गैस बनाती है। यह वजन घटाने और शरीर में आयरन का स्तर बढ़ाने की चाहत रखने वालों के लिए अच्छा काम करती है। इसे दोपहर व रात दोनों समय खाया जा सकता है, लेकिन किडनी की पथरी वाले लोगों को इसके ज्यादा व नियमित सेवन से बचना चाहिए।

# एआई से भारत में तेजी से बढ़ रहा डेटा सेंटर की मांग

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार भारत में डेटा सेंटर की मांग तेजी से बढ़ रही है । रिलायंस व भारती एयरटेल ये दोनों कंपनियां एडानीकोनेक्स के साथ मिलकर 2030 तक देश की डेटा सेंटर क्षमता का लगभग 35%-40% हिस्सा संभाल सकती हैं। जेफरीज के अक्षत अग्रवाल व आयुष बंसल ने 15 सितंबर की एक रिपोर्ट में कहा - 'भारती एयरटेल, रिलायंस व एडीई मिलकर 2030 तक भारत की डेटा सेंटर क्षमता का 35%-40% हिस्सा बन सकते हैं।' भारत में अगले 5 वर्ष में डेटा सेंटर की क्षमता 5 गुना बढ़कर 8 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि इंटरनेट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ज्यादा अपनाई जा रही है और डेटा को देश के अंदर ही रखने के नियम कड़े हो रहे हैं। इस बड़े विस्तार के लिए लगभग 30 बिलियन डॉलर का निवेश करना पड़ेगा और 2030 तक डेटा सेंटर से 8 बिलियन डॉलर की कमाई हो सकती है। डेटा सेंटर डिजिटल दुनिया की रीढ़ होते हैं। ये ऐसे स्थान होते हैं जहां कंप्यूटर व स्टोरेज से जुड़े जरूरी डिवाइस रखे जाते हैं, जो कंपनियों को उनके काम के लिए कंप्यूटर पावर व डेटा कलेक्शन की सुविधा देते हैं। इसके अलावा, डेटा सेंटर को फाइबर नेटवर्क से जोड़ना, बिजली की सही आपूर्ति करना और मशीनों को ठंडा रखना भी बहुत जरूरी होता है।कई कंपनियां अपने खुद के डेटा सेंटर चलाती हैं, लेकिन क्लाउड टेक्नोलॉजी के बढ़ने से अब लीज पर डेटा सेंटर की मांग भी तेजी से बढ़ी है। ऐसे डेटा सेंटर को 'कोलोकेशन' कहते हैं, जहां ऑपरेटर कंपनियों को जगह, बिजली, नेटवर्क और कूलिंग जैसी सुविधाएं देते हैं। क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर इन डेटा सेंटरों में अपने सर्वर और स्टोरेज लगाते हैं और फिर इन्हें अपने ग्राहकों को किराए पर देते हैं। कभी-कभी ये क्लाउड कंपनियां खुद डेटा सेंटर को मालिकाना हक में रखती हैं या किराए पर लेती हैं। भारत में डेटा की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है। पिछले कुछ सालों में डेटा का इस्तेमाल 30 गुना बढ़ गया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अब ज्यादा लोग स्मार्टफोन इस्तेमाल करते हैं, ऑनलाइन वीडियो और ऐप्स बढ़ गए हैं, डिजिटल पेमेंट ज्यादा होने लगे हैं और ऑनलाइन खरीदारी (ई-कॉमर्स) भी बढ़ी है। इसके अलावा सरकार ने कुछ नए नियम बनाए हैं, जैसे डेटा को देश के अंदर ही रखना जरूरी है, जो इस मार्केट को और बढ़ावा दे रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी बहुत बड़ी वजह है। एआई वाले कंप्यूटर सर्वर नार्मल सर्वरों से 5-6 गुना ज्यादा बिजली व ठंडक (कूलिंग) की जरूरत रखते हैं। इसलिए बेहतर व बड़े डेटा सेंटर की मांग बढ़ रही है। अभी सबसे बड़े क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर डेटा सेंटर का लगभग 60% हिस्सा इस्तेमाल करते हैं और बैंकिंग सेक्टर भी 17% हिस्सा लेता है।अभी कोलोकेशन डेटा सेंटर की क्षमता 1.7 गीगावाट हो गई है, जो पिछले समय से 5 गुना ज्यादा है। इन डेटा सेंटरों में जगह लगभग 97% भरी हुई है, जिसका मतलब है कि मांग बहुत ज्यादा है। बाजार का 90% हिस्सा पांच बड़ी कंपनियों के पास है, जिनमें से एनटीटी जीडीसी अकेले 20% हिस्सा रखती है। मुंबई व चेन्नई जैसे शहरों में डेटा सेंटर ज्यादा हैं क्योंकि ये समुद्र के नीचे से आने वाले इंटरनेट केबल के करीब हैं। मुंबई में बैंक और वित्तीय कंपनियां ज्यादा होने की वजह से यहां करीब 50% डेटा सेंटर हैं। अगले कुछ सालों में 6.4 गीगावाट और क्षमता बढ़ानी होगी, जिसके लिए करीब 30 बिलियन डॉलर का निवेश करना पड़ेगा। इससे रियल एस्टेट, बिजली के सिस्टम, कूलिंग सिस्टम व नेटवर्क जैसी कई इंडस्ट्री को फायदा मिलेगा। इतना बड़ा निवेश करने के लिए पूंजी का होना बहुत जरूरी है।ऐसे में टेलीकॉम कंपनियां इस क्षेत्र में अच्छा फायदा उठा सकती हैं क्योंकि उनके पास पहले से पैसे और स्ट्रांग कस्टमर हैं। इसमें रिलायंस, भारती एयरटेल व एडानीकोनेक्स जैसे कंपनियों को लाभ हो सकते हैं।

**रिलायंस व भारती एयरटेल की चांदी**




2030 तक डेटा सेंटर क्षमता 5 गुना बढ़कर 8 गीगावाट होने की संभावना

2030 तक डेटा सेंटर से 8 बिलियन डॉलर की हो सकती है कमाई

**30 बिलियन डॉलर का निवेश**

## जेन-जी आंदोलन पीड़ितों का राष्ट्रीय सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार

**काठमांडू ।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में पिछले हफ्ते हुए जेन-जी विरोध प्रदर्शनों में जान गंवाने वाले प्रदर्शनकारियों का मंगलवार को राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस अंतिम संस्कार में नवनियुक्त सरकारी मंत्री भी शामिल हुए। सोमवार को हुई नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में घोषणा की गई थी कि 8 और 9 सितंबर को हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों को 'शहीद' कहा जाएगा। अंतरिम सरकार के मंत्रियों कुलमन घीसिंग और ओम प्रकाश आर्यल की उपस्थिति में, पशुपतिनाथ मंदिर के पास राष्ट्रीय ध्वज ओढ़ाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। सशस्त्र पुलिसकर्मियों ने नव-घोषित शहीदों को सलामी दी। उनके अंतिम संस्कार से पहले, त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल से एक शव यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न स्थानों से होते हुए पशुपतिनाथ मंदिर के पास स्थित अंतिम संस्कार स्थल पर पहुंची।

# टेट की अनिवार्यता के खिलाफ रिव्यू पीटिशन दायर करेगी योगी सरकार...

## यूपी में शिक्षकों की नौकरी पर आये संकट से उबारने को सीएम योगी आदित्यनाथ का बड़ा फैसला

**नवेन्दु सिंह**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति पाने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करने की अनिवार्यता के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटीशन (समीक्षा याचिका) दायर करेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के शिक्षकों में व्यापक असंतोष को देखते हुए यह निर्णय लिया है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में दी जानकारी। सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है। आदेश के अनुसार, कक्षा एक से आठ तक पढ़ाने वाले शिक्षकों को सेवा में बने रहने और पदोन्नति पाने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करना अनिवार्य होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद बड़ी संख्या में राज्य के शिक्षकों की नौकरी पर खतरा मंडराने लगा है। इसे देखते हुए यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों को टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) से राहत दिलाने के लिए अहम कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को उच्चतम न्यायालय द्वारा हाल ही में दिए गए आदेश के खिलाफ रिव्यू पिटीशन (समीक्षा याचिका) दाखिल करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि एक सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि कक्षा एक से आठवीं तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य होगा। इससे लाखों सेवारत शिक्षक असमंजस में हैं. उनका मानना है कि वर्षों की सेवा और अनुभव के बावजूद यदि उन्हें केवल एक परीक्षा के आधार पर अयोग्य करार दिया गया, तो यह उनके भविष्य और परिवार की आजीविका पर संकट ला सकता है। हाल में कुछ शिक्षकों के हताशा में आत्महत्या करने की भी खबरें आयी थीं । प्रदेश में करीब डेढ़ लाख शिक्षक ऐसे हैं, जो बगैर टीईटी के प्रदेश में करीब डेढ़ लाख शिक्षक ऐसे हैं, जो बगैर टीईटी के नियुक्त हुए हैं। अब इनकी नौकरी पर संकट आ गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से अलग-अलग शिक्षक संगठन लगातार राहत की मांग कर रहे हैं। इन संगठनों के कुछ प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस समस्या को लेकर मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया था। शिक्षकों का कहना है कि 29 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत छूट मिली थी। शिक्षक संघों ने सीएम से मांग की थी कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में उनका पक्ष रखे और जरूरत पड़ने पर नियमों या अधिनियम में संशोधन कराएं, ताकि पहले से कार्यरत शिक्षकों को राहत मिल सके। सीएम योगी ने शिक्षक संघों की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है।

# इस बार आखिर क्या कांड कर गए राज कुंद्रा?

## पुलिस ने की 5 घंटे की लंबी पूछताछ 60 करोड़ बना गले की फांस!...

ब्रिटेन में जन्मे व्यवसायी राज कुंद्रा भारत में रियल एस्टेट और खेल से लेकर ऑनलाइन व्यवसायों तक कई उपक्रमों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी से शादी की है। काफी समय से ये जोड़ी विवादों में बनीं हुई है। कभी किसी फ्रॉड केस में तो कभी अश्लीस फिल्में बनाने के अरोप में लाफी समय से कुंद्रा परिवारा और जांच एजेंसियों की तकरार जारी है। ताजा मामला 60 करोड़ रूपये से जुड़ा है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा का सोमवार को बयान दर्ज किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।




## कुंद्रा-शेट्टी पर आर्थिक अपराध शाखा की कड़ी नजर

आर्थिक अपराध शाखा अब धन के प्रवाह का पता लगाने और कथित धोखाधड़ी की समय-सीमा से उसका मिलान करने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि दंपति के व्यापारिक लेन-देन से संबंधित वित्तीय लेन-देन की बारीकी से जाँच की जा रही है। इस महीने की शुरुआत में, मुंबई पुलिस ने कुंद्रा और शेट्टी दोनों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किए थे, जिससे जाँच के दौरान उन्हें देश छोड़ने से रोका जा सके।


